ओटक्कुषल्

(बाँसुरी)

मूल-कृति

जी० शंकर कुरुप

रूपान्तर

जी० नारायण पिल्लै

लक्ष्मीचन्द्र जैन

भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन

लोकोदय ग्रन्थमाला : ग्रन्थांक २३५
सम्पादक एवं नियामक
लक्ष्मीचन्द्र जैन

Lokodaya Series : Title No. 235

OTAKKUZHAL

(Poems)

G. Sankara Kurup

Bharatiya Jnanpith Publication
First Edition 1966
Price 8·00

भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन
प्रधान कार्यालय
९, अलीपुर पार्क प्लेस, कलकत्ता-२७

प्रकाशन कार्यालय
दुर्गाकुण्ड मार्ग, वाराणसी-५

विक्रय-केन्द्र
३६२०/२१, नेताजी सुभाष मार्ग, दिल्ली-६
प्रथम संस्करण १९६६
मूल्य ८.००

मुद्रक :
ज्ञानेन्द्र शर्मा
जनवाणी प्रिंटर्स ऐण्ड पब्लिशर्स प्रा. लि,
१७८, रवीन्द्र सरणी, कलकत्ता-३

"हो सकता है कि कल यह वंशी,
मूक होकर काल की लम्बी कूड़ेदानी में गिर जाये
या यह दीमकों का आहार बन जाये, या यह
मात्र एक चुटकी राख के रूप में परिवर्तित हो जाये।
तब कुछ ही ऐसे होंगे जो शोक-निःश्वास लेकर
गुणों की चर्चा करेंगे ;
लेकिन लोग तो प्रायः बुराइयों के ही गीत गायेंगे।
जो भी हो, मेरा जीवन तो तेरे हाथों समर्पित होकर
सदा के लिए आनन्द-लहरियों में तरंगित हो गया,
धन्य हो गया।"

मुखपृष्ठ : ई. अल्काज़ी

'तूने अपनी साँस की फूंक से
उत्पन्न कर दी है प्राणों की सिहरन
इस निःसार खोखली नली में।'... (जी. शंकर कुरुप)

(मुखपृष्ठ की रचना करते श्री अल्काज़ी ने वंशी की जगह वंशी-ध्वनि को चुना है एक छायाकृत पत्ती के रूप में, प्रकृति के बिखरे हुए अनेक उपादानों में से— कि वंशी का रूप चाहे जितना आधुनिक और सूक्ष्म क्यों न हो, उस कल्पनालोक तक नहीं पहुँचाएगा जो महाकवि कुरुप की गीतात्मक प्रकृति से सम्पन्न है और 'ओटक्कुषल्' का प्रतीक भी।)

प्राक्कथन

मलयालम की यह काव्यकृति 'ओटक्कुष़ल्' भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा प्रवर्तित एक लाख रुपये राशि के पुरस्कार से सम्मानित हुई है और दिल्ली में १९ नवम्बर, १९६६ को आयोजित पुरस्कार-समर्पण-समारोह के अवसर पर हिन्दी-अनुवाद के रूप में पाठकों के सामने आ रही है। इस काव्य-संग्रह का प्रकाशन भारतीय साहित्य के इतिहास की बड़ी घटना है। इस अवसर पर यदि भारतीय ज्ञानपीठ को विशेष गर्व और गौरव अनुभव हो, तो यह स्वाभाविक है।

इस घटना के कितने-कितने आयाम हैं। यह, कि समग्र भारतीय साहित्य को एक इकाई के रूप में देखकर उसके मूल्यांकनका प्रयत्न देश में पहली बार हुआ है; कि, एक निश्चित विधि-विधान के अन्तर्गत, भारतीय साहित्य की एक कृति को निर्धारित अवधि में प्रकाशित सर्जनात्मक साहित्य की श्रेष्ठ उपलब्धि घोषित करके देश का ध्यान उस कवि और उसकी कृति की ओर आकर्षित किया जा रहा है; कि, अपेक्षा है कि इस कृति का अनुवाद-प्रकाशन हिन्दी को वास्तविक अर्थ में देश की साहित्यिक उपलब्धियों के आदान-प्रदान का सार्थक माध्यम प्रमाणित करेगा; कि, इस प्रकाशन से यह प्रमाणित होगा कि दिल्ली में जनमा और बैठा हिन्दी भाषा-भाषी साहित्यकार ('दिल्ली में' इसलिए कि, यहाँ ही इस प्रकाशन का अनावरण पहली बार हो रहा है) मूल मलयालम को देवनागरी लिपि के माध्यम से पढ़ कर देखेगा और विमुग्ध होगा कि जिस अखिल भारतीय संस्कृति और सांस्कृतिक स्पन्दन की बात कही जा रही है, साहित्य के क्षेत्र में वह कोरी कल्पना नहीं है, ठोस यथार्थ है क्योंकि भाषा, छन्द-विधान, भाव-निधि इतने जाने-पहचाने लगते हैं जैसे उसकी अपनी भाषा की श्रेष्ठ कृतियों की भावभूमि मलयालम के माध्यम से प्रस्तुत की जा रही हो—यद्यपि कहाँ दिल्ली, और कहाँ केरल।

कृतिकार, महाकवि शंकर कुरुप का नाम इन पंक्तियों में अभी तक लिया नहीं गया। केरल और दिल्ली के हृदयों के इस सम-स्वरीय स्पन्दन के विधाता वे हैं। ओटक्कुष़ल् का शाब्दिक अर्थ मलयालम में, 'बाँस की नली' है, हिन्दी में हमने उसे बाँसुरी कहा है, अर्थात् 'वंशी'—बाँस की बनी। कवि का नाम

'शंकर' और कृति का नाम 'वंशी'—जैसे देश का सारा दार्शनिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक चित्र-फलक एक प्रकाश-विन्दु के आलोक में जगमगा उठा।

पुरस्कार के लिए इस कृति का वरण 'सर्वश्रेष्ठ' के रूप में प्रकाशन-अवधि की सीमाओं से बाधित है, यह बात ध्यान में रख लेना आवश्यक है। पुरस्कार-विधान के अन्तर्गत, १९६५ के पुरस्कार के लिए वे ही कृतियाँ विचारणीय थीं जिनके लेखक जीवित हों, जो 'सर्जनात्मक साहित्य' की कोटि में आती हों और जिनका प्रकाशन सन् १९२० से १९५८ के बीच हुआ हो। कृति के वरण की पद्धति यह है कि भारतीय संविधान-विहित १४ भाषाओं के लिए एक-एक 'भाषा परामर्श समिति' है जो अपनी भाषा की एक कृति को 'सर्वश्रेष्ठ' के रूप में चुन कर, भाषा-वर्ग समितियों के विचारार्थ प्रस्तुत करती है। भाषा-वर्ग समितियों का गठन इस प्रकार होता है कि परस्पर सम्बद्ध क्षेत्रों की दो-दो या तीन-तीन भाषाओं का एक वर्ग बनाया जाता है, क्योंकि (अपनी मातृभाषा के अतिरिक्त पड़ोस के भाषांचल की भाषा जाननेवाले समीक्षक सुविधापूर्वक मिल जाते हैं) जो सम्बन्धित भाषा-परामर्श समितियों द्वारा पुरस्कृत दो या तीन कृतियों पर विचार करते हैं और उनमें से एक 'श्रेष्ठ' को चुन लेते हैं। इस प्रथम पुरस्कार के संदर्भ में ऐसी ५ वर्ग समितियाँ भी थीं जिन्होंने एक-एक कृति को चुना, और अन्तिम निर्णायक मंडल—'प्रवर परिषद्'—के विचारार्थ प्रस्तुत किया। 'प्रवर परिषद्' ने द्वि-भाषी साहित्यिक समीक्षकों से कृतियों का पारस्परिक मूल्यांकन करवाया, एक विशेष आधार पर; इनका पुनर्मूल्यांकन करवाया गया, हिन्दी-अनुवाद भी सामने प्रस्तुत रहा, अन्तिम निर्णय से पहले सम्बन्धित भाषा समितियों के संयोजकों और कृतियों के हिन्दी अनुवादकों को आमन्त्रित करके प्रवर परिषद् ने उनसे अनुशंसित कृतियों के संबन्ध में विचार-विनिमय किया, प्रश्नोत्तर हुए, मूल कृतियों के चुने हुए अंशों के पाठ द्वारा यह जानने का प्रयत्न किया कि अनुवाद में मूल के छन्द, स्वर, लय की जो प्रतिध्वनियाँ नहीं आ पाईं वे क्या हैं—आदि, आदि। इस प्रकार जो कृतियाँ अन्तिम चरण में विचारणीय थीं, उनमें से प्रवर परिषद् ने सर्व-सम्मति से महाकवि कुरुप की इस कृति 'ओटक्कुषल्' का वरण सर्वश्रेष्ठ के रूप में किया।

प्रत्येक संभव प्रयत्न किया गया कि पुस्तक का वरण सर्वथा निष्पक्ष और प्रामाणिक रहे। हमें प्रसन्नता है कि भारतीय ज्ञानपीठ और प्रवर परिषद् की निष्पक्षता और प्रामाणिकता के विषय में कहीं कोई सन्देह नहीं रहा। कृति के वरण के विषय में कहीं कोई मत-भेद हो सकता है, वह प्रत्येक पुरस्कार के सम्बन्ध में सदा रहा है।

'ओटक्कुष़ल्' के हिन्दी अनुवाद के सम्बन्ध में दो शब्द कह देना आवश्यक है। अनुवाद का प्रमुख लक्ष्य यह था कि मूल का भाव यथा-संभव अक्षुण्ण रूप से आ जाये, ताकि, कवि के शब्दों में, " 'रिद्म' (लय) की अपेक्षा 'कॉण्टेंण्ट' (विषय-बोध, भाव-बोध) पर ध्यान दिया जाये।"

ज्ञानपीठ श्री पी० एन० भट्टतिरि, सहसम्पादक 'भारतवाणी', श्री जी० नारायण पिल्लै, हिन्दी विभाग, विश्वविद्यालय केन्द्र, एर्णाकुलम, श्री के० रविवर्मा, संपादक 'युग प्रभात' और श्री इलयिटम् के प्रति आभारी है कि उनके द्वारा प्रस्तुत अनुवाद के प्रारूप को आधार बना कर रूपान्तर प्रस्तुत किया जा सका है। श्री भट्टतिरि ने अपने अनुवाद में हिन्दी की छन्द और लय-ध्वनि देने का प्रयत्न किया। श्री जी० नारायण पिल्लै की लगन, उनकी क्षमता और श्रम बहुत सहायक रहे। वह दो बार कलकत्ता आये, कुछ दिन रहे और रूपान्तरण के लिए मूल के शब्दों और भावों का स्पष्टीकरण किया। संग्रह की एक कविता 'वन्दनम् पर्युक' का अनुवाद, 'शतशः धन्यवाद' श्री दिनकर ने रेडियो के दिल्ली केन्द्र द्वारा आयोजित सर्वभाषा सम्मेलन में प्रस्तुत किया था। उसे साभार सम्मिलित किया गया है। एक समर्थ कवि द्वारा प्रस्तुत अनुवाद को सम्मिलित करने का एक विशेष प्रयोजन यह भी था कि कवि की एक कविता का छन्दबद्ध प्रवाह नमूने के रूप में सामने आये और कवि की अन्य कृतियों के अनुवाद के लिए प्रेरणा मिले।

'ओटक्कुष़ल्' में संग्रहीत कविताओं का चयन कवि ने अपनी १९५० तक रचित कविताओं में से ही किया था। इधर के १५ वर्षों में कवि की प्रतिभा ने कौनसी सामर्थ्य और कौनसे आयाम प्राप्त किये हैं, जब तक वह सामने न आयें, कवि कुरुप के कृतित्व का ठीक-ठीक मूल्यांकन नहीं हो सकता। भारतीय ज्ञानपीठ ने 'ओटक्कुष़ल्' के प्रकाशन के साथ-साथ कवि की चुनी हुई परवर्ती दस कविताओं का एक दूसरा संकलन, उनकी एक कविता के आधार पर 'एक और नचिकेता' शीर्षक से प्रकाशित किया है जो इसी प्रथम पुरस्कार-समर्पण-समारोह के अवसर पर पाठकों को भेंट किया जा रहा है।

कवि कुरुप ने अपने काव्य-विकास के सम्बन्ध में जो वक्तव्य 'ओटक्कुष़ल्' की भूमिका के रूप में तैयार किया था उसका अनुवाद सम्मिलित है। हाँ, श्री गुप्तन नायर की विस्तृत, भावपूर्ण भूमिका का अनुवाद सम्मिलित नहीं किया गया है, विशेषकर इसलिए कि हिन्दी के पाठक और समीक्षक कृति का रसग्रहण और मूल्यांकन स्वयं करें।

'शंकर' और कृति का नाम 'वंशी'—जैसे देश का सारा दार्शनिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक चित्र-फलक एक प्रकाश-बिन्दु के आलोक में जगमगा उठा।

पुरस्कार के लिए इस कृति का वरण 'सर्वश्रेष्ठ' के रूप में प्रकाशन-अवधि की सीमाओं से बाधित है, यह बात ध्यान में रख लेना आवश्यक है। पुरस्कार-विधान के अन्तर्गत, १९६५ के पुरस्कार के लिए वे ही कृतियाँ विचारणीय थीं जिनके लेखक जीवित हों, जो 'सर्जनात्मक साहित्य' की कोटि में आती हों और जिनका प्रकाशन सन् १९२० से १९५८ के बीच हुआ हो। कृति के वरण की पद्धति यह है कि भारतीय संविधान-विहित १४ भाषाओं के लिए एक-एक 'भाषा परामर्श समिति' है जो अपनी भाषा की एक कृति को 'सर्वश्रेष्ठ' के रूप में चुन कर, भाषा-वर्ग समितियों के विचारार्थ प्रस्तुत करती है। भाषा-वर्ग समितियों का गठन इस प्रकार होता है कि परस्पर सम्बद्ध क्षेत्रों की दो-दो या तीन-तीन भाषाओं का एक वर्ग बनाया जाता है, क्योंकि (अपनी मातृभाषा के अतिरिक्त पड़ोस के भाषांचल की भाषा जाननेवाले समीक्षक सुविधापूर्वक मिल जाते हैं) जो सम्बन्धित भाषा-परामर्श समितियों द्वारा पुरस्कृत दो या तीन कृतियों पर विचार करते हैं और उनमें से एक 'श्रेष्ठ' को चुन लेते हैं। इस प्रथम पुरस्कार के संदर्भ में ऐसी ५ वर्ग समितियाँ भी थीं जिन्होंने एक-एक कृति को चुना, और अन्तिम निर्णायक मंडल—'प्रवर परिषद्'—के विचारार्थ प्रस्तुत किया। 'प्रवर परिषद्' ने द्वि-भाषी साहित्यिक समीक्षकों से कृतियों का पारस्परिक मूल्यांकन करवाया, एक विशेष आधार पर; इनका पुनर्मूल्यांकन करवाया गया, हिन्दी-अनुवाद भी सामने प्रस्तुत रहा, अन्तिम निर्णय से पहले सम्बन्धित भाषा समितियों के संयोजकों और कृतियों के हिन्दी अनुवादकों को आमन्त्रित करके प्रवर परिषद् ने उनसे अनुशंसित कृतियों के संबन्ध में विचार-विनिमय किया, प्रश्नोत्तर हुए, मूल कृतियों के चुने हुए अंशों के पाठ द्वारा यह जानने का प्रयत्न किया कि अनुवाद में मूल के छन्द, स्वर, लय की जो प्रतिध्वनियाँ नहीं आ पाईं वे क्या हैं—आदि, आदि। इस प्रकार जो कृतियाँ अन्तिम चरण में विचारणीय थीं, उनमें से प्रवर परिषद् ने सर्व-सम्मति से महाकवि कुरुप की इस कृति 'ओटक्कुषल्' का वरण सर्वश्रेष्ठ के रूप में किया।

प्रत्येक संभव प्रयत्न किया गया कि पुस्तक का वरण सर्वथा निष्पक्ष और प्रामाणिक रहे। हमें प्रसन्नता है कि भारतीय ज्ञानपीठ और प्रवर परिषद् की निष्पक्षता और प्रामाणिकता के विषय में कहीं कोई सन्देह नहीं रहा। कृति के वरण के विषय में कहीं कोई मत-भेद हो सकता है, वह प्रत्येक पुरस्कार के सम्बन्ध में सदा रहा है।

'ओटक्कुषल्' के हिन्दी अनुवाद के सम्बन्ध में दो शब्द कह देना आवश्यक है। अनुवाद का प्रमुख लक्ष्य यह था कि मूल का भाव यथा-संभव अक्षुण्ण रूप से आ जाये, ताकि, कवि के शब्दों में, " 'रिद्म' (लय) की अपेक्षा 'कॉण्टेंण्ट' (विषय-बोध, भाव-बोध) पर ध्यान दिया जाये।"

ज्ञानपीठ श्री पी० एन० भट्टतिरि, सहसम्पादक 'भारतवाणी', श्री जी० नारायण पिल्लै, हिन्दी विभाग, विश्वविद्यालय केन्द्र, एर्णाकुलम, श्री के० रविवर्मा, संपादक 'युग प्रभात' और श्री इलयिटम् के प्रति आभारी है कि उनके द्वारा प्रस्तुत अनुवाद के प्रारूप को आधार बना कर रूपान्तर प्रस्तुत किया जा सका है। श्री भट्टतिरि ने अपने अनुवाद में हिन्दी की छन्द और लय-ध्वनि देने का प्रयत्न किया। श्री जी० नारायण पिल्लै की लगन, उनकी क्षमता और श्रम बहुत सहायक रहे। वह दो बार कलकत्ता आये, कुछ दिन रहे और रूपान्तरण के लिए मूल के शब्दों और भावों का स्पष्टीकरण किया। संग्रह की एक कविता 'वन्दनम् पर्युक' का अनुवाद, 'शतशः धन्यवाद' श्री दिनकर ने रेडियो के दिल्ली केन्द्र द्वारा आयोजित सर्वभाषा सम्मेलन में प्रस्तुत किया था। उसे साभार सम्मिलित किया गया है। एक समर्थ कवि द्वारा प्रस्तुत अनुवाद को सम्मिलित करने का एक विशेष प्रयोजन यह भी था कि कवि की एक कविता का छन्दबद्ध प्रवाह नमूने के रूप में सामने आये और कवि की अन्य कृतियों के अनुवाद के लिए प्रेरणा मिले।

'ओटक्कुषल्' में संग्रहीत कविताओं का चयन कवि ने अपनी १९५० तक रचित कविताओं में से ही किया था। इधर के १५ वर्षों में कवि की प्रतिभा ने कौनसी सामर्थ्य और कौनसे आयाम प्राप्त किये हैं, जब तक वह सामने न आयें, कवि कुरुप के कृतित्व का ठीक-ठीक मूल्यांकन नहीं हो सकता। भारतीय ज्ञानपीठ ने 'ओटक्कुषल्' के प्रकाशन के साथ-साथ कवि की चुनी हुई परवर्ती दस कविताओं का एक दूसरा संकलन, उनकी एक कविता के आधार पर 'एक और नचिकेता' शीर्षक से प्रकाशित किया है जो इसी प्रथम पुरस्कार-समर्पण-समारोह के अवसर पर पाठकों को भेंट किया जा रहा है।

कवि कुरुप ने अपने काव्य-विकास के सम्बन्ध में जो वक्तव्य 'ओटक्कुषल्' की भूमिका के रूप में तैयार किया था उसका अनुवाद सम्मिलित है। हाँ, श्री गुप्तन नायर की विस्तृत, भावपूर्ण भूमिका का अनुवाद सम्मिलित नहीं किया गया है, विशेषकर इसलिए कि हिन्दी के पाठक और समीक्षक कृति का रसग्रहण और मूल्यांकन स्वयं करें।

महाकवि और उनकी कविता के सम्बन्ध में विशेष कुछ न कह कर यहाँ हम उस 'प्रशस्ति' को उद्धरित कर रहे हैं जो कवि के सम्मान में समर्पित है :

"भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा प्रवर्तित एक लाख रुपये राशि का यह साहित्यिक पुरस्कार श्री जी० शंकर कुरुप को उनके मलयालम काव्य-संग्रह 'ओटक्कुषल्' के लिए समर्पित है, जिसे पुरस्कार-विधान के अन्तर्गत गठित प्रवर परिषद् ने सन् १९२० से १९५८ के बीच प्रकाशित भारतीय भाषाओं के सर्जनात्मक साहित्य में विधिवत् सर्वश्रेष्ठ निर्णीत और घोषित किया है।

"ओटक्कुषल् का वरण यद्यपि सन् १९६५ के लिए हुआ है, किन्तु इसका प्रकाशन वर्ष १९५० है। इस दृष्टि से यह कृति कवि के न केवल १९५० तक के सर्वश्रेष्ठ कृतित्व का प्रतिनिधित्व करती है, अपितु उनके अगले १५ वर्षों तक के अधिक समर्थ कृतित्व का पूर्व परिचय देती है। 'ओटक्कुषल्' की कविताओं में भारतीय अद्वैत भावना का साक्ष्य है जिसे कवि ने परम्परागत रहस्यवादी मान्यता के अंगीकरण द्वारा नहीं, प्रकृति के नानारूपों में प्रतिविम्बित आत्म-छवि की वास्तविक अनुभूति द्वारा प्राप्त किया है। चराचर के साथ तादात्म्य भाव की इस प्रतीति के कारण कवि कुरुप के रूमानी गीति-काव्य में भी एक आध्यात्मिक और नैतिक उदात्त स्वर है।

"कवि की काव्य चेतना ने ऐतिहासिक तथा वैज्ञानिक युगबोध के प्रति सजग भाव रखा है और उत्तरोत्तर विकास पाया है। इस विकास-यात्रा में प्रकृति-प्रेम का स्थान यथार्थ ने, समाजवादी राष्ट्रीय चेतना का स्थान अन्तर्राष्ट्रीय मानवता ने लिया और इस सब की परिणति आध्यात्मिक विश्वचेतना में हुई जहाँ मानव विराट विश्व की समष्टि से एकतान है; जहाँ मृत्यु भी विकास का चरण होने के कारण वरेण्य है।

"कुरुप विम्बों और प्रतीकों के कवि हैं। उन्होंने परम्परागत छन्द-विधान और संस्कृत-निष्ठ भाषा को अपनाया, परिमार्जित किया और अपने चिन्तन तथा काव्य-प्रतिविम्बों के अनुरूप उन्हें अभिव्यक्ति की नयी सामर्थ्य से पुष्ट किया। इसीलिए कवि का कृतित्व कथ्य में भी और शैली-शिल्प में भी मलयालम साहित्य की विशिष्ट उपलब्धि के रूप में ही नहीं, भारतीय साहित्य की एक उपलब्धि के रूप में भी सहज ग्राह्य है।

कवि दीर्घजीवी हों। शुभं भूयात्!"

—लक्ष्मीचन्द्र जैन

संपादक–नियोजक, लोकोदय ग्रंथमाला

ता

महाकवि जी, शंकर कुरुप

मेरी कविता

प्रकृति की कनिष्ठा सन्तान होने के कारण विश्व की अपेक्षा मनुष्य आयु में वहुत छोटा है। आज भी उसका जीवन शिशु-सहज कौतुकों से भरा है। रूप, नाद, रस, गन्ध तथा स्पर्श के द्वारा उसकी ज्ञानेन्द्रियाँ निरन्तर जागरूक हैं। ये ज्ञानेन्द्रियाँ हृदय तथा आत्मा को मोहित करनेवाला वृत्तान्त मनुष्य को सदा सुनाती आयी हैं। यह वृत्तान्त कितना भी लम्वा क्यों न हो, मनुष्य की आत्मा को वह कभी वुरा नहीं लगता। आत्मा को तो इस वात का दु:ख रहता है कि नयी अनुभूतियों के वृत्तान्त लाने के लिए मनुष्य के पास नयी इन्द्रियाँ नहीं हैं। आत्मा में इस कारण एक प्रकार की असंतृप्ति वनी रहती है।

ज्ञानेन्द्रियों द्वारा अवगत होनेवाला विश्व मनुष्य के हृदय में एक कौतुकपूर्ण जिज्ञासा जाग्रत करता है। जव कल्पना, चिन्तन आदि मानसिक प्रक्रियाओं द्वारा प्रकृति का प्रतिविंव आत्मा पर पड़ता होता है, तव मनुष्य हृदय में जाग्रत जिज्ञासा, उस प्रतिविंव का विश्लेषण करने तथा उसको संचय करके एक कथा-वस्तु के रूप में प्रकट करने के लिए तत्पर हो जाती है। विश्व, विज्ञान तथा कला का यह सजीव स्रोत किसी के भीतर निरंतर वहता रहता है तो किसी में तुषार कण की तरह प्रकट हो कर विलीन हो जाता है। मेरी आत्मा के किसी उच्च स्तर पर आज भी वहनेवाले उस स्रोत ने ही कदाचित् मेरे हृदय में प्रकृति एवं मनुष्य-जीवन को ध्यान से देखने तथा उनका अध्ययन व आस्वादन करने का कौतुक उत्पन्न किया हो। यह आत्मीयता का भाव ही मेरी अकिंचन तथा अपूर्ण कविता का उद्गम है।

कुल लोगों का मन्तव्य है कि वैज्ञानिक अभिज्ञता वढ़ने के साथ विलक्षणता कम होने लगती है तथा चिंतनशक्ति के प्रहार से कल्पना का प्रासाद ढह जाता है। मुझे यह मान्यता ठीक नहीं लगती। सूर्य-मंडल के सम्वन्ध में मनुष्य की वैज्ञानिक जानकारी वहुत बढ़ गयी है। क्या उस जानकारी के कारण पृथ्वी तथा ग्रह मनुष्य की दृष्टि में और भी अधिक रम्य नहीं बने हैं? अपने प्रसन्न मुख पर प्रेम की ऊष्मता लिए अनन्त आकाश से कभी झुककर और कभी सीधे निर्निमेष देखने-वाला नित्य प्रेमी सूर्य, तथा ऋतु-परिवर्तन की विचित्रता लिये अपनी तिमिर

केशराशि को पीठ पर फैलाये विविध रंगों में सजकर विविध शब्दों के साथ स्वयं घूम-घूम कर नृत्य करनेवाली पृथ्वी—इन सबके भव्य काल्पनिक चित्र मेरे लिए आज भी दर्शनीय है। एक क्षुद्र 'सेल' रमणीय सुन्दरी शकुंतला के रूप में विकसित हो जाता है। क्या इस वैज्ञानिक सत्य में कल्पना की उड़ान के लिए स्थान नहीं है? वास्तव में विज्ञान से कल्पना का क्षेत्र विस्तृत होता है तथा कौतुक बढ़ता है। बचपन के दिनों की बात है। इडव[1] मास की अंधेरी रातों में जब मैं अकेला अपने छोटे घर के बरामदे में बैठकर, घने बादलों की गोद से निकल कर उसी में छिप जानेवाली बिजली को देखता तो न जाने क्यों, उछल पड़ता। आज मैं बिजली से अनभिज्ञ नहीं हूँ। वह मेरे परिवार का ही अंग बन गयी है और इस समय मेरी मेज़ के पास खड़ी हो कर, पतले काँच के झीने अवगुंठन के भीतर से मेरी लेखनी उसे देख-देख कर मुस्करा रही है। फिर भी विद्युत् की अप्सरा के प्रति तथा उसको बाँध कर रखनेवाले मनुष्य के प्रति मेरा कौतुक रत्ती भर भी कम नहीं हुआ है। अपने शरीर पर हाथ लगाने की अविवेकी कृत्य करनेवालों को भस्म कर देनेवाली बिजली क्या चरित्रगुण में दमयंती से कम है? वैज्ञानिक अभिज्ञता कवि कल्पना के पंखों को सत्य की रक्त शिरायें प्रदान करती है और उनमें उड़ान की शक्ति भर देती है।

कला-कविता :

कौतुक से सजीव कल्पना विश्व तथा मनुष्य जीवन को अपनी ओर खींचने तथा अपने बाहुपाश में करने के लिए हाथ बढ़ाती रहती है। इसलिए उसके हाथ बलिष्ठ होते हैं और उसकी पहुँच दूर तक होती है। मन में बिजली-जैसी उठनेवाली प्रक्रिया जब मनुष्य हृदय में और विश्व-हृदय में भी अपनी प्रतिध्वनि सुनने के लिए मचलने लगती है तब हमें सर्वव्यापी एकता की अनुभूति होने लगती है। कल्पना तथा मानसिक प्रक्रिया का यह कार्य जितना शक्तिशाली होता है उतना ही कलाकार का महत्व भी बढ़ता है। कवि हृदय एवं प्रकृति के बीच, मधुर कल्पना तथा आर्द्र भाव-युक्त संयोग से उत्पन्न होनेवाली अनुभूति का घनीभूत रूप ही कथावस्तु है। कल्पना कथावस्तु का प्राण है तो मानसिक प्रक्रिया है उसकी शिराओं में दौड़नेवाला जीव-रक्त! कल्पना-सुरभित तथा भाव-निर्मित इन कथा-वस्तुओं में प्रकृति तथा मानव आत्मा की छाप स्पष्ट रूप से देख सकते हैं।

---

१. ऋषभ राशि का तद्भव रूप। केरल के महीने का नाम।

यह छाप ही कलाकार का व्यक्तित्व है, कथावस्तुओं का प्रकाश ही कला है। अपने कलात्मक जीवन की अनुभूतियों से कविता के सम्बन्ध में यही कुछ मैं समझ पाया हूँ।

मेरे लिए कविता आत्मा का प्रकाश मात्र है। जैसे धूसर क्षितिज पर सन्ध्या की छवि प्रतिबिंबित होती है वैसे ही बन्धुर छंदों के पदबन्धों में कवि का हृदय प्रतिबिंबित होता है। इस आत्म-प्रकाश से और कुछ बने या न बने, किन्तु एक कलाकार के लिए यह परमानन्द का कारण तो है ही। जैसे मंद पवन हंस के पंखों को ऊपर उड़ा ले जाता है वैसे ही परमानन्द की यह अनभूति एक कलाकार की आत्मा को भौतिक शरीर से परे उठा ले जाती है। प्राचीन मनुष्य द्वारा गुहा-भित्ति पर अंकित हिरन के चित्र को ही लीजिये। जब मनुष्य के हृदय से निकल कर वह हिरन अचल शिला पर दौड़ने लगा तब उसके साथ उस मनुष्य की आत्मा ने कितनी उड़ानें भरी होंगी। उस मनुष्य की अनुभूति का वह प्रतीक जब उसके मित्रों के हृदयों को भी पुलकित करने लगा तब वे भी उसके निकट खिंच आने लगे। इस प्रकार जो केवल एक व्यक्ति की आत्मा का प्रकाश था उसका एक सामाजिक मूल्य उत्पादन हो गया। एक कवि होने के कारण अपनी अनुभूतियों का प्रकाश ही मेरे लिए परमानन्द का विषय है। और यदि उस आनन्द का आस्वादन अन्य लोगों को भी करा सका तो वह मेरी विजय होगी। उससे मेरी कला को एक सामाजिक आधार मिलेगा। लोगों का उत्कर्ष अन्य लोगों के द्वारा हो अथवा मेरे द्वारा! यह अनुभूति कैसी वांछनीय है, और कितनी आत्म-संतृप्ति है उसमें!

कविता व्यक्तिगत अनुभवों का प्रकाश है। 'मुत्तुकळ्' नामक अपने कविता-संग्रह में मैंने अपनी यह धारणा प्रकट की थी। जीवन के यथार्थ-अनुभवों के आघात से हृदय में उत्पन्न होनेवाली मधुर संवेदनाओं को कल्पना का आवरण पहनाकर प्रकट करना ही रचना है। उसमें व्यक्ति की प्रधानता रहती है। 'इल्यूज़न ऐण्ड रियलिटी' नामक एक पुस्तक मैंने पढ़ी थी। उस पुस्तक में उपर्युक्त कथन का प्रतिवादन यह प्रमाणित करने के लिए किया गया था कि कला व्यक्ति की नहीं समाज की सृष्टि है। ये दोनों बातें परस्पर विरोधी लगती हैं। किन्तु वास्तव में है एक ही सत्य के दो पहलू। क्योंकि व्यक्तिगत अनुभव सामाजिक अनुभवों का अंग है और व्यक्ति सामाजिक परिस्थितियों की उपज है।

मेरे गाँव के हरे मैदान, सुनहरे खेत, ग्राम्य हृदय में मस्तक ऊँचा किये खड़े रहनेवाला प्राचीन मंदिर, दरिद्रता में डूबा हुआ प्रतिवेश, कवि कल्पना को अपने पास बुलानेवाली पहाड़ियाँ इन्हीं सब ने मेरे हृदय को स्वप्नों से भर दिया था और फिर

उन स्वप्नों को विविध रंगों से सजाया तथावाणी देकर सजीव वनाया था। वह खेत जिसमें कंगनों-हँसियों की चमक दिखाई देती है, सिर पर धान का वोझा लिए चलने में हाँफती हुई वे कृषक कन्याएँ, अपनी झोपड़ी की ड्योढ़ियों पर बैठे रहनेवाले पुलयंर,[1] सन्ध्या के शान्तिपूर्ण वातावरण में मधुरता फैलाता हुआ मंदिर से आनेवाला शंखनाद——इन सब से मेरे कल्पना-समुद्र में अव्यक्त एवं विचित्र तरंगे उठी हैं।

मरणोन्मुख सामन्तशाही तथा पाखण्डी पुरोहितों के अत्याचार के कारण ही गाँव का जीवन विकृत हो रहा है, यह बात बचपन के उन दिनों में मैं नहीं समझता था। तो भी सामन्ती पाखण्डियों तथा उनके नियमों के प्रति मेरे हृदय में लेश-मात्र आदर नहीं था। मेरे हृदय में जब मेरा व्यक्तित्व अंकुरित हुआ तब उसको वायु तथा प्रकाश का आहार मिला, मेरे गाँव के वातावरण से। इसलिए मेरी कविता भी उस ग्राम-हृदय का एक अंग है। उसके बाद जब अध्यापक का काम करने लगा तब एक और गाँव का प्रभाव मेरे हृदय पर पड़ा। 'तिरुविल्वामला' का विशाल हृदय की तरह फैला हुआ स्वप्न-सान्द्र मैदान, टीलों-वनों में आंखमिचौनी खेलती हुई संकेत स्थान पर आ मिलनेवाली नदियाँ, हाथों में जलकुंभ लिए खड़े रहनेवाले मेघ, तराई के मार्ग पर मन्दगति से जानेवाली वैलगाड़ियाँ ये सव दृश्य हैं जिनके कारण एकान्त में भी मैं एकाकी नहीं था। वे दृश्य मेरे व्यक्तित्व के विकास में सहायक रहे। 'एकादशी' के पर्व के अवसर पर दयालुओं की उदारता की आशा में मार्ग पर मिट्टी की थाली रख कर दूर जा खड़े होने वाले नायाड़ियों[2] को देख कर मुझे दारिद्र्य, तथा छूत-छात की क्रूरता के साथ-साथ किसी समय स्थापित हुए आर्यों के उपनिवेश का स्मरण ही आता तो भी मनुष्य को प्रकृति चित्र के कतिपय विन्दुओं की तरह ही मैं देख सका था। सम्भव है उस समय प्रकृति चित्र को संवेदनाओं के उत्ताप से सजीव वनाने के लिए ही मेरा मन मनुष्य को ढूँढता था। किन्तु आज मैं प्रकृति-चित्र से भिन्न मनुष्य के आदर्शमय अस्तित्व का वास्तविक चित्र देखता हूँ।

वाल्यकाल : स्मृतियाँ

एक ऊजड़ गाँव के छोटे परिवार में मेरा जन्म हुआ था। आर्थिक दृष्टि से दरिद्र होने पर भी माँ तथा मामाजी के वात्सल्य-घन की गोद में मैं पला था।

---

१. एक जाति का नाम जो अछूत मानी जाती है
२. एक अछूत जाति

पिताजी को अभी आँख भर देख भी न पाया था कि उनका देहान्त हो गया। मेरे पिताजी मुझे शोकसागर में छोड़ कर चले गये और मेरे भीतर एक ऐसी रिक्तता छोड़ गये जिसकी पूर्ति असंभव है। उनको स्मरण करते हुए मेरा मन कभी-कभी किसी अदृश्य लोक में पहुँच जाता और आध्यात्मिक ज्ञान से अपनी झोली भर कर लौट आता। मेरी माँ का हृदय प्रकृति के समान विशाल था। मेरे मामाजी चाहते थे कि उनका भानजा शीघ्रातिशीघ्र आदमी वन जाए। तीन वर्ष की आयु में उन्होंने मेरा विद्यारंभ कराया—एवं आठ वर्ष की आयु तक पढ़ाया। उन्होंने न तो मुझे खेलने दिया, न सखाओं के साथ मिल कर ऊधम मचाने दिया। मेरा शारीरिक नहीं, मानसिक स्वास्थ्य उनका अभीष्ट लक्ष्य था। वचपन में ही आदमी वन जाना कोई अच्छी वात नहीं है। किन्तु मैं उसी रास्ते पर चल रहा था। 'अमर कोश' 'सिद्धरूपम्' 'श्रीरामोदन्तम्' आदि ग्रन्थ कंठस्थ हो चुके थे। 'रघुवंश' काव्य के कई श्लोक पढ़ चुका था। ऐसे समय सौभाग्यवश मेरे गाँव में एक प्राथमिक पाठशाला की स्थापना हुई। मामाजी ने मुझे पाठशाला के दूसरे वर्ग में भर्ती करा दिया। इस प्रकार कठिन अनुशासन में संस्कृत काव्यों को कंठस्थ करने के काम से छुट्टी मिली। साथ ही साथ अपनी इच्छा के अनुसार स्वतंत्र रूप से काव्य रसास्वादन की प्रेरणा मन में जाग उठी। मेरे मामाजी के पास भाषा टीका के साथ संस्कृत काव्यों के बहुत से ग्रन्थ थे। मैं उन्हें पढ़ने लगा। कविता के प्रति कौतुक वढ़ानेवाली उस शिक्षा के प्रति अपना ऋण मैं कृतज्ञता के के साथ स्वीकार करता हूँ। संस्कृत काव्य-जगत में प्रवेश करने का जो द्वार मेरे लिए उस समय खुला था, उसको मैंने आज तक वन्द नहीं होने दिया। इसी तत्परता के रूप में मैं अपनी गुरुदक्षिणा देता रहूँ—यही मेरी कामना है।

कविता की ओर मुझे उन्मुख कर देनेवाली एक और घटना भी घटी। १०८७ के (मलयालम संवत्) लगभग, जब मैं ग्यारह वर्ष का था, महाकवि कुंजिकुट्टन तंपुरान अपने कुछ नंपूतिरि मित्रों की प्रेरणा से मेरे घर के समीपस्थ इतिहास प्रसिद्ध मन्दिर में पधारे। (चेरमान्[1] पेरुमाल् द्वारा गुरुपदेशानुसार निर्मित कहे जानेवाले प्रस्तुत मन्दिर के वारे में बहुत-सी दन्तकथाएँ प्रचलित हैं। मन्दिर की भित्ति पर अंकित चित्र कला-प्रेमियों को आर्कषित कर वाले हैं) चेङङ्लूरमन[2] के हाथी को उत्सवाघोष के लिए लाये जाने पर जो अद्भुत आह्लाद प्रकट किये गये वही सब कुछ महाकवि के आगमन पर भी गाँव में परि-

---

१. अखण्ड केरल का अन्तिम सम्राट्

२. एक प्रसिद्ध ब्राह्मण भवन

लक्षित हुए। "कवि बनना एक महान दैवी-सिद्धि है" शायद मुझे उस दिन ऐसा लगा होगा। तंपुरान् के प्रति मेरे मन में उत्पन्न आदर और पक्षपात वर्षों तक रहा। किन्तु बाद को उनकी कविताओं में से कुछ ही ने कविता की हैसियत से मुझको आनन्दित किया है। शायद केवल भावगीतों को ही (लिरिक) कविता मान बैठनेवाली मेरी मुग्धता ही इसका कारण हो। साहित्य की ओर मुझे आकर्षित करने वाली एक प्रमुख घटना थी यह मुलाकात। मेरी माताजी गर्व का अनुभव किया करती थी कि आठवें महीने में शंकर चलने लगा। उसी तरह मातुल भी कहा करते थे कि उसने नवें वर्ष में कविता लिखी। आज लज्जा के साथ मैं याद करता हूँ कि वे सब पद्य की हैसियत से भी मूल्यवान् प्रयास नहीं थे। जब मैं चौथी कक्षा में पढ़ता था, अपने एक सहपाठी के प्रति उत्पन्न कृतज्ञता पर, अपने पुराने घर के किसी कोने में बैठकर संस्कृत के छन्दों में कुछ पंक्तियाँ लिखीं। (वह सहपाठी, जिसने पीलिया के आघात से कक्षा में चक्कर खाकर गिर जाने पर मुझको अपने कन्धे पर उठाकर एक मील पैदल चलकर घर पहुँचाया था, आज ज़िन्दा नहीं है।) वे पंक्तियाँ भी छन्दों के बन्धन में रहने की शिक्षा-प्राप्त अक्षर मात्र थीं। एक कुटुम्बी मित्र ने, जो 'कान्त छन्द' का लक्षण देखकर मात्रा और पंक्तियों को मिलाते थे, मेरी जो प्रशंसा की, वह शायद उनके सौजन्य के कारण। "अक्षरश्लोक" एवं तुकबन्दी—ये दोनों, विद्यार्थियों में से हम कुछ लोगों के लिए मध्याह्न भोजन के स्थान पर होनेवाला कार्यक्रम बना हुआ था। क्षीरसागर मन्थन की कथा को विभाजित कर मैं और मेरे मित्र ने जो शतक लिखा उसको सुनकर पेरुम्पावूर स्कूल के सातवीं कक्षा के अध्यापक ने कहा—"शतक सुनाने की परीक्षा आ रही है।"

उस अवस्था से ही मैं साम्यवाद के पक्ष में दरिद्रों के साथ रहा हूँ। प्रसिद्ध वाग्मी एवं प्रशस्त समाजसेवक श्री एम० एन० नायर, जो बाद में सर्विस सोसाइटी की सेवा में चले गये, मुवाट्टुपुषा में मेरे अध्यापक थे। वे मुझे बड़े लाड़-प्यार से प्रोत्साहित किया करते थे। ब्रिटिश हिस्ट्री और अर्थशास्त्र वे ही पढ़ाते थे। सोश्यलिज्म के पर्यायवाची शब्दों के तौर पर वे कभी 'समष्टिवाद' और कभी 'समाजसमत्ववाद' के शब्द इस्तेमाल करते थे। "अपनी समस्त सम्पदा को समाज की सम्पत्ति बनाकर समान रूप से उपभोग करने के लिए जो सन्नद्ध हैं वे खड़े हो हो जायें"—एक दिन गुरुजी ने हँसते हुए कहा। मैं उठ खड़ा हुआ। "इससे तो शंकर कुरुप की कोई सम्पत्ति नष्ट होनेवाली नहीं है न?" हँसते हुए फिर जब गुरुजी ने पूछा तो मैं लज्जित भी हुआ ही। बाद को ही मुझे पता चला कि

एशिया के राष्ट्रों में मुझसे कम सम्पत्ति रखनेवाले ही मेरे जैसे सम्पत्तिवालों से कहीं अधिक हैं। रूस उन दिनों आर्थिक क्रान्ति का द्वार खटखटा रहा था।

मामाजी ने मेरे हृदय में ज्ञानतृष्णा की जो लौ लगाई थी उसकी ज्वाला बढ़ती गयी, यही मेरे लिए बड़े सौभाग्य का विषय है। 'तिरुविल्वामला' में जब मैं अध्यापक बन कर गया तब मुझे इस बात का आनन्द था कि वहाँ रह कर अंगरेज़ी भाषा तथा साहित्य से परिचय करने का अवसर मिलेगा। मेरे कविता-संग्रह 'साहित्यकौतुकम्' के प्रथम भाग की कविताएँ 'तिरुविल्वामला' जाने के पहले की हैं। मुझे उस समय ही लग रहा था कि मेरे मन के विकास के लिए आवश्यक प्रकाश मुझे अपनी उस समय की शिक्षा से नहीं मिला था। तिरुविल्वामला में आकर मैंने अपने अध्यापक मित्रों को गुरु बनाया और उनकी सहायता से अंग्रेज़ी पढ़ना आरम्भ किया। टैगोर और उमर खय्याम के अतिरिक्त बहुत से अंगरेज़ी कवियों समालोचकों के पास सविनय पहुँचने का मार्ग इस तरह मेरे सामने न खुलता तो 'साहित्यकौतुकम्' की सीमा से कदाचित् मैं आगे न बढ़ पाता। यह नया मार्ग मुझे संस्कृति की खान की ओर ले गया। मेरे कल्पना-क्षितिज को विस्तृत तथा आदर्श-बोध को विकसित करने में टैगोर का जितना हाथ था उतना शायद किसी और का न रहा हो। उमर खैय्याम 'हाफ़िज़' आदि फ़ारसी कवियों से परिचय होने पर मुझे लगा कि उनकी कविताओं में कल्पना के परिमार्जन पर नहीं, प्रति-प्रतिपादन की रीति पर विशेष ध्यान दिया जाता है। अंगरेज़ी साहित्य मुझे गीति के आलोक की ओर ले गया।

मेरी आयु बीसवीं शताब्दी से केवल छह महीने कम की है। प्रथम विश्व-युद्ध के समय जर्मनी की विजयों की वार्ता सुनता तो मेरा विवेक शून्य हृदय आनन्द से नाच उठता क्योंकि उसमें पराजय हो रही थी मेरी मातृभूमि को पैरों-तले कुचलने वाले ब्रिटिश साम्राज्य की। गांधीजी के नेतृत्व में होने वाले स्वतन्त्रता संग्राम तथा धार्मिक क्रांति ने मेरे हृदय में देश-प्रेम का मंत्र फूंका। रूस की आर्थिक तथा सामाजिक क्रांति और उसके द्वारा होने वाली जनप्रगति से मुझे अत्यन्त आनन्द हुआ और मेरे हृदय में साम्यवाद की नींव पर सामाजिक व सांस्कृतिक संगठन का संकल्प घर कर गया। एबिसीनिया पर होने वाले फासिस्ट अत्याचारों तथा जापान की चीन पर चढ़ दौड़ने की धृष्टता ने मेरी कल्पना को देश के प्राचीरों से निकाल कर मनुष्य मात्र के दुःख व अभिलाषाओं में साथ देने की प्रेरणा दी। और फिर दूसरे विश्व-युद्ध के बाद मेरी मातृभूमि ने स्वतंत्र होकर अपना सिर उठाया तो मेरा भी सिर ऊँचा हुआ। इतिहास

की इन घटना-बहुल घड़ियों के कारण मृत्यु से जीवन की ओर, अन्धकार से आलोक की ओर निरंतर प्रयाण करते हुए देश के एक कोने में पैदा हो कर बढ़ने वाले एक व्यक्ति के हृदय में उठने वाली समय की, क्षीण प्रतिध्वनि मेरी कविता में पायी जाएगी।

तुच्छ पदविन्यास लिये अधीर हो कर पहले पहल जब मैंने साहित्य-संसार में पदार्पण किया तब मेरे आराध्य देव थे महाकवि वल्लत्तोल्। "साहित्यमंजरी"[1] के कल्पना-सुरभित तथा मधुर भावों से भरे गीतों ने मेरे हृदय को पहले ही मंत्र-मुग्ध कर लिया था। महाकवि उल्लूर के रचना-वैचित्र्य ने मुझे चकित कर दिया था। महाकवि कुमारन् आशान की हृदय की गहराई की भाव-व्यञ्जना करने वाली कविताओं से परमानन्द का अनुभव मुझे बाद में हुआ। वल्लत्तोल् के उपग्रह, 'नालप्पाटन्' तथा 'केशवन् नायर' बुध-शुक्र की तरह साहित्य क्षितिज पर चमक रहे थे।

मेरी कविता का रंग-प्रवेश हुआ 'वल्लतोल्' की पत्रिका 'आत्मपोषिणी' में। मेरी प्रथम रचना पढ़ कर महाकवि ने बड़े प्रेम के साथ एक पत्र लिखा और मुझसे शब्दालंकार की तड़क-भड़क से दूर रहने को कहा। मेरी दूसरी रचना पढ़ कर उन्होंने रचना तथा पदचयन सम्बन्धी कई विशेष बातें समझाईं। मेरी तीसरी रचना 'घनमेघ की पाटी पर इन्द्र धनुष की रेखा खींचनेवाली प्रकृति बाला' के सम्बन्ध में थी। उसको पढ़ कर महाकवि ने अभिनन्दन का पत्र भेजा। उससे मेरा साहस बढ़ा। किन्तु अल्प समय के अन्दर ही वल्लतोल् ने 'आत्मपोषिणी' का सम्पादन छोड़ दिया। उसके बाद कविता रचना के रहस्यों को सीखने के लिए मैं और किसी के पास नहीं जा सका। जिनका सौहार्द-सुरभित सम्पर्क मेरे साहित्य जीवन में लाभदायक हुआ है उनमें सुप्रसिद्ध समालोचक सी० एस० नायर तथा ख्यातिनामा कवि कल्लन्मारतोटि रामुण्णिमेनन् के नाम उल्लेखनीय हैं। श्री रामुण्णिमेनन् मुझे अपना भाई समझते थे। 'इन्द्रधनु' तथा 'वृन्दावन' के ऊपर मेरे गीतों की प्रशंसात्मक आलोचना करके सरदार के० एम० पणिक्कर ने मेरा उत्साह बढ़ाया था। एक बार उन्होंने 'एन्थालोजी आफ वर्ल्ड पोयट्री' आदि पुस्तकें उपहार स्वरूप भेज दी थीं। यही नहीं 'अन्वेषणम्' आदि कई एक कविताओं का अंग्रेज़ी में अनुवाद करके उन्होंने मेरा सम्मान किया। मेरे साहित्य-जीवन के प्रारंभ में ही सरदार के० एम० पणिक्कर और थोड़े समय बाद से प्रिन्सि-पल शङ्करन् नम्पियार ने मेरा जो उत्साह बढ़ाया है उसको मैं कृतज्ञता के साथ स्मरण करता हूँ।

---

१. वल्लत्तोल् का कविता-संग्रह

मेरे विचार में, मेरी प्रारम्भिक कविताओं में जीवन का सञ्चार किया है, प्रकृतिप्रेम तथा देश-भक्ति ने। प्रकृति के प्रति मेरा आकर्षण उसके साथ मेरा निकट सम्बन्ध, उसके साथ एकाकार हो जाने की अनुभूति तथा उससे प्राप्त प्रकृति के परे रहने वाली चेतना-शक्ति का आभास इन सब की पूँजी के बल पर ही साहित्य-लोक में प्रवेश करने तथा उसके एक कोने में घर करने में मैं समर्थ हुआ हूँ। 'सान्ध्य नक्षत्र' जब हँसने लगा तब मेरा हृदय भी हँस उठा था। उसी समय मुझे अनुभव हुआ कि एक ही चेतना-शक्ति हम दोनों में विद्यमान है। इस अनुभूति से मुझे जो आनन्द हुआ उसका वर्णन करने की क्षमता 'सान्ध्य-नक्षत्र' से 'अन्तर्दाह' तथा 'विश्वदर्शन' तक पहुँचने पर भी मेरी भाषा में नहीं है। तरंग-ताड़ित नदी में सम्वेदनाओं की उथल-पुथल मचाने वाले अपने हृदय का आभास देख पाना, सूर्यकान्ति के कम्पित अधरों में अपने भाव तरल अधरों को देख सकना, अरुणोदय की प्रतीक्षा में तपस्या करने वाले कमल के रूप में सत्य-सौंदर्य की प्राप्ति के लिए प्रयत्न करने वाले अपने जीवन को देख सकना—मेरे लिए परमानन्द का कारण है।

श्री ए० बालकृष्ण पिल्लै के सम्पादन में निकलने वाली 'केसरी' पत्रिका में मेरे कविता-संग्रह "सूर्यकान्ति" की समालोचना हुई थी। उस समय मैंने यह दिखाने की चेष्टा की थी कि उस समालोचना से मेरा कुछ बिगड़ा नहीं है। वास्तव में उससे मेरी कल्पना को बड़ी चोट लगी थी। रोमाण्टिक ढंग की कविताओं का सुन्दर संग्रह कहकर 'सूर्यकान्ति' की प्रशंसा करने के बाद केसरी ने 'रोमाण्टिक' कविता की खिल्ली उड़ाई थी। संक्षेप में समालोचक का कहना था कि जिस लेखनी को 'रियलिज़म' का नेतृत्व करना चाहिए वह पथ-भ्रष्ट हो कर भटक रही है। इस समालोचना से मुझे दु:ख भी हुआ, क्षोभ भी। असमंजस में पड़ कर कई दिनों तक मैं हतोत्साह भी हुआ। मेरी कविताओं की वह प्रथम प्रतिकूल समालोचना थी। इस आघात के बाद 'मेरी कविता से' नामक रचना द्वारा मैंने अपनी कविता को सान्त्वना देने की चेष्टा की। यह नहीं कह सकता उससे मेरी कविता को कोई सान्त्वना मिली। चाहे जो हो, कहानियों व उपन्यासों में पायी जाने वाली रियलिज्म कविता के लिए मुझे अच्छी नहीं जँची। प्रसंगवश, मैं यहाँ पर एक लेख का उल्लेख करना चाहता हूँ जो 'जॉन आव लण्डन' नामक साप्ताहिक में रिचर्ड चर्च ने लिखा है—'कविता व यथार्थवाद पर उस प्रसिद्ध समालोचक के विचार, हमारे यथार्थ-मार्गगामी कवियों को, ध्यान से पढ़ने चाहिए।'

उसके बाद मुझे ऐसा मालूम होने लगा कि कल्पना में जीवित रहने वाली कविता को नयी अनुभूतियों से सजा कर नये परिवेशों से प्रेरणा ले कर लावण्य व

चेतनापूर्ण रूप देना ही कवि का कर्तव्य है। इस अभिज्ञता का प्रथम निदर्शन था मेरा 'नाळे' (आगामी कल) नामक गीत। उसकी रचना शैली 'रोमाण्टिक कवि' की थी तो उसका प्रतीक प्रदान किया था प्रकृति ने। परम्परा से प्राप्त अधिकार के बल पर मनमानी करने वाले मुट्ठी-भर लोगों के आतंक से छूट कर जनता को स्वतन्त्र वातावरण में रहने का अधिकार दिलाने वाले एक 'नाळे' की परिकल्पना थी उसमें। 'केसरी' के ममत्वपूर्ण प्रहार ने मुझे दुर्वल नहीं किया, बल्कि—यद्यपि मैंने उनके कहे मार्ग का अवलम्बन नहीं किया—मुझमें आगे वढ़ने की शक्ति और और स्फूर्ति उत्पन्न की। (उस कविता का मेरी नौकरी पर जो परिणाम हुआ उसके वारे में कहने की आवश्यकता नहीं।)

उस कविता के बाद के तीन-चार वर्ष आलस्य तथा शारीरिक अस्वस्थता की पीड़ाओं में कटे। वह समय किसी प्रकार के रचनात्मक कार्य के लिए अनुकूल न था। एक एकांकी नाटक "इरुट्टिनुमुन्पु", "कालम्", "नक्षत्रगीतम्" आदि गीत तथा कई एक लेख बस ये ही सब उस समय की रचनाएँ हैं। दूसरे विश्व-युद्ध के पहले नई आकांक्षा, देश-प्रेम का आदर्श, अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण तथा मनुष्य की प्रमुखता में विश्वास ले कर जब प्रगतिशील विचार-धारा सर्वत्र फैलने लगी तब मेरी कविता भी अपनी तंन्द्रा से जाग उठी। 'निमिषम्', 'चेंकतिरुकळ्', 'सन्धा', 'मुत्तुकळ्', 'इतळुकळु' आदि मेरे कविता संग्रहों में भारत की स्वतन्त्रता के पूर्व के धूप-छाया के प्रतिबिम्व मिलेंगे। उसके बाद की अनुभूतियाँ संगृहीत हैं— 'वनगायकन्', 'पथिकन्टे पाटटु', 'अन्तर्दाहम्', 'वेळ्ळिळ् परक्कळुम्' आदि में।

कुछ लोगों का कहना है कि 'सूर्यकान्ति' के साथ मेरी कविता का विकास वन्द हो गया है तो कुछ लोग यह भी कहते हैं कि नहीं, सूर्यकान्ति के वाद मेरी कविता विकसित हुई है। किन्तु मेरे लिए मेरी सभी कविताएँ मेरे आत्म-विकास का प्रतिविम्व हैं। "सूर्यकान्ति" मेरे श्मशान का फूल नहीं, वरन् तारुण्य के शिखर पर मधुर सम्वेदनाओं से प्रेरित हो कर खिला हुआ मेरा ही हृदय है। उसके बाद मैं वहाँ से भी ऊपर उठ गया हूँ। मेरी आँखों ने नये दृश्य देखे हैं, कानों ने नई ध्वनियाँ सुनी हैं। मेरे हृदय ने अपनी व्यक्तिगत परिधि को पार कर विश्वमात्र के जन-जीवन के साथ एकाकार होने की चेष्टा की है। हो सकता है, 'सूर्यकान्ति' के वाद की मेरी कविताओं में आध्यात्मिक या लौकिक प्रेम-स्वप्नों का उन्माद छलकता हो। किन्तु मैं दावा करता हूँ कि उन कविताओं में एक अधीर हृदय का स्पन्दन है जो मनुष्य की महत्ता में गर्व करता है जिसमें सुन्दर भविष्य के स्वप्नों का उत्साह है, जो मनुष्यता का मूल्य गिरता देख कर दु:खित है और जो सौंदर्य-वोध को मनुष्य जीवन के लिए मृतसंजीवनी मंत्र समझता है।

[मूल : जी० शंकर कुरुप। हिन्दी अनुवाद—गोविन्द विद्यार्थी]

अनुक्रमणिका

ओटक्कुष़ल्

ओटक्कुषल्

लीलयिल् जीवितगीतिकळ् पाटुम् दि-
क्कालातिवर्त्ति माहात्म्यशालिन् !
आरालुमज्ञातमामेतो मण्णिल् वी-
णाराल् नशिक्कुवान् तीर्न्नोरिन्ने
निन् दयावैभवम् जंगमाजंगम-
नन्दनमामोरु वेणुवाक्कि ।
भावल्क्करवासत्ताल् चैतन्यपूर्णमेन्
जीवितनिस्सारश्शून्यनाळम् ।

मानसमादक, लोकैकगायक,
गानमायङ्ङेन्निल् वर्त्तियक्कुन्नु ।
अल्लेङ्किलिज्जडसाधनम् वल्लुमो
वल्लतुम् हृष्टमायालपिप्पान ?

तूमन्दहासत्तिन् वेण्नुर, निर्म्मल-
प्रेमप्रवाहत्तिन् मन्द्रध्वानम्,
जीवितमत्सरम् तन्नोळम् तळ्ळल्, बा-
ष्पाविलनीलनेत्रोत्पलङ्ङळ्,
दारिद्र्यक्कोटक्कार्च्चार्त्तिन् करिनिषल्,
पारिलेप्पापत्तिन्नावर्त्तनङ्ङळ्,
एन्निव चेर्न्नोलिच्चीटट्टे मेल्क्कुमे-
लेन्निलेस्संगीतकल्लोलिनि !

बाँसुरी

लीला-भाव से जीवित गीतों को गानेवाले
दिशा और काल की सीमाओं से निर्बन्ध हे महामहिमामय !
मैं जनमा था अज्ञात-अपरिचित
कहीं मिट्टी में पड़े-पड़े नष्ट हो जाने के लिए,
किन्तु तेरी वैभवशालिनी दया ने
मुझे बना दिया है बाँसुरी
चराचर को आनन्दित करनेवाली।
तूने अपनी साँस की फूँक से
उत्पन्न कर दी है प्राणों की सिहरन
इस निःसार खोखली नली में।

मन को मगन कर देनेवाले
अखिल विश्व के अनोखे गायक !
तू ही तो है जो मेरे अन्दर गीत बनकर बसा है;
अन्यथा क्या बिसात थी इस तुच्छ जड वस्तु की
किंचित् भी कर सकती राग-आलाप
इस प्रकार हर्षोल्लास से भरकर।

मन्द-हास का मनोरम नवल-धवल फेन,
प्रेम प्रवाह की कलकल मन्द्र ध्वनि,
मानव अहंकार की उद्दाम लहरों का उछाल,
अश्रुसिक्त नेत्रों के नीले कमल,
दैन्य-दारिद्र्य के वर्षाकालीन मेघों की काली छाया,
सांसारिक पापों के भँवर-जाल
—इन सब को साथ लिये-लिये बहती रहे
मेरे अन्दर की संगीत-कल्लोलिनी यह सरिता
हे प्रभु !

ओटक्कुषल्

ओटक्कुष़लितु नीटुट़्ट़ कालत्तिन्--
कूटयिल् मूकमाय् वीषाम् नाळे ;
मण्चितलायेक्का, मल्लेंकिलित्तिरि
वेण्चारम् मात्रमाय् मारिप्पोकाम् ।
नन्मयेच्चोल्लि विनिश्वसिक्काम् चिलर्;
तिन्मयेप्पटि्ट़्टये पाटू लोकम् ।
एन्नालुम् निन् कैयिलर्प्पिच्चोरेन् जन्म-
मेन्नाळुमानन्दसान्द्रम् धन्यम् !

--१९२९

हो सकता है कि कल यह वंशी,
मूक होकर काल की लम्बी कूड़ेदानी में गिर जाये
या यह दीमकों का आहार बन जाये, या यह
मात्र एक चुटकी राख के रूप में परिवर्तित हो जाये।
तब कुछ ही ऐसे होंगे जो शोक-निःश्वास लेकर
गुणों की चर्चा करेंगे ;
लेकिन लोग तो प्रायः बुराइयों के ही गीत गायेंगे।
जो भी हो, मेरा जीवन तो तेरे हाथों समर्पित होकर
सदा के लिए आनन्द-लहरियों में तरंगित हो गया,
धन्य हो गया !

—१९२९

अम्मयेविटे ?

"एविटेये विटेयम्म, यच्छनेन्तो
कविळ् कषुकुन्नितु कण्णुनीरिनाले ?"
पवियुमलियुमार्‌लम् वितुम्पुम्
पविषनिर्‌च्चोटिपूण्ट पैतल् चोल्वू।

चरमजलधितन् करय्क्कु पोकान्
परमरसत्तोटु पूषियार्त्त सूर्यन्
विरवोटमलसन्ध्यतन्टे चेतो-
हरवसनत्ते वलिच्चिषच्चु निल्पू।

पकलरुतियिलम्बरालयत्तिन्
मुकळ्निलयिकलणञ्ञ कोच्चु तारम्
अकमुपरि विळर्त्तुनिल्क्कयल्ली
स्वकजनयित्रियेयङ्ङु कण्टिटाते।

प्रणयविवशयायेटुक्कुवाना
क्षणद, शशांककुमारनोटुकूटि
अणयवेयुरुळुन्नु सागरम् वेण्
मणलोळि मेत्तयिलात्तकौतुकत्ताल्।

माँ कहाँ है ?

"कहाँ है, कहाँ है माँ ?
पिताजी, आपकी आँखों से
क्यों बहे जा रही है आँसुओं की धार,
क्यों आप गालों को धो रहे हैं बार-बार ?"
—पूछ रहा है मुन्ना, इस तरह रो-रोकर
कि वज्र भी पिघल जाये !
लाल प्रवाल जैसे उसके होंठ प्रश्नाकुल हैं।

अस्त सागर के छोर पर पहुँचने के लिए
अत्यन्त उल्लास-विकल सूर्य-शिशु
आह्लाद की किलकारियाँ भरता हुआ
निर्मल सन्ध्या के मनोरम आँचल को
बारबार घसीटे जा रहा है।

दिनान्त हो गया है,
एक छोटा सितारा अम्बर की ऊपरी मंज़िल पर
खड़ा है अत्यन्त विपन्न और पीत-वर्ण
क्योंकि नहीं दिखाई दे रही है कहीं भी उसे
अपनी माँ, रात्रि।

वात्सल्य से विकल होकर गोद में उठा लेने के लिए
जब आती है रात्रि बालचन्द्र के साथ
तो सागर आनन्द-विह्वल होकर
लोट-पोट हो जाता है
सिकताओं की प्रभापूर्ण शैया पर !

कर कटलिविटत्तिलोक्केयुम् दुर्-
भरकदनत्तोटु तायर्येस्सदापि
तिरवोरु चेरुकाट्टु हा ! निराशा-
परवशनाय् करयुन्नु दीनदीनम् ।
एविटेयेविटेयम्म ?–तंकमे, नी
कवियुवोराटलिनाल् विळिच्च देवि
दिवि मरुवुकयाणुड्डुक्कळेत्त-
न्नविरतलाळनयालनुग्रहिप्पान् ।

—१९२४

भूमि और सागर के इन सभी प्रदेशों में
सदा ही माँ को खोजनेवाला बाल-पवन
निराशा से पराभूत और नितान्त दीन
बिलख-बिलखकर रो रहा है
"कहाँ है, कहाँ है माँ ?"
प्यारे मुन्ने !
तूने शोकाकुल होकर जिस देवी को पुकारा है
वह तो स्वर्ग में निवास कर रही है,
देख तो, वहाँ उसे कितने सारे नक्षत्रों को
निरन्तर पालना-पोसना है, अपना प्यार देना है !

—१९२४

पुष्पगीतम् : १

१

श्यामसुन्दरमायि
राजियक्कुमनाद्यन्त–
व्योममे, विश्वव्यापि–
याय निन् हृदयान्तम्
प्रेमशीतळमायि–
त्तुळिक्कुम् मञ्ञान् तुळ्ळि
कोळमयिर्, कोण्टेट्ट्टट्टु
पूर्णकाममिप्पुष्पम् ।
सागरम् निरय्क्कुन्न
कैयिनिल्लल्लो पञ्ञम्
वेगमीयळुक्किनुम्
वेणुन्न निर्वेकान् !
पेलवम् दलपुटम्
भगवन्, भवद्दया–
लोलशीकरम् ताङ्ङ–
ल्लामोदभारानम्रम् ।

नीयारालेटुत्तालु–
मी त्तुळ्ळि तेजोराशे,
पोयालो वेरुम् मण्णि–
लेङ्ङानुम् दौर्बल्यत्ताल् ?
तावकांगश्री पच्च
पिटिप्पिच्चोरिक्कुन्निन्–
ताष्वारप्रदेशत्तिल्
स्वातन्त्र्यम् तानाजन्मम्

पुष्पगीत : एक

१

श्याम सुन्दर,
अनादि अनन्त,
हे आकाश !
तेरे विश्वव्यापी हृदय में से चू पड़ी है
स्नेह की एक शीतल ओस-बूंद
जिसने बना दिया है मुझ पुष्प को
पुलकित और पूर्ण-काम !

जो हाथ सागर को भरते हैं
वे भला इस तुच्छ सीपी को
नितान्त भरा-पूरा बनाने में
क्यों कोई अभाव अनुभव करेंगे ?

किन्तु, मेरा यह मृदुल दल-सम्पुट
तेरे दिये गन्ध आमोद के भार से
पहले से ही विनत है,
फिर, भगवन् ! आपकी कृपा का यह चंचल-शीकर
मैं किस प्रकार वहन करूँ ?

समेट लो इस बूँद को दया करके
हे तेजोराशि !
यह कहीं गिर न जाये सूखी धरती पर
मेरे दौर्बल्य के कारण ।
अपनी अंग-श्री द्वारा तूने
हरा-भरा बनाया है इस टीले की तराई को,
मैंने यहाँ जीवन-भर लूटा है स्वातन्त्र्य-सुख

नुकर्न्नु नुकर्न्नात्त–
कौतुकम् विटरुवा–
नुणर्वेकुकमूलम्
धन्यधन्यमाय्त्तीर्न्नेन् !

२

मन्दारम् तळिर्च्चेम्पोन्–
नीराळक्कुट चार्त्तुम्
वृन्दारकारामत्तिल्,
रत्नशैलोपान्तत्तिल्,
विरिवानाशिक्कुन्नी–
लत्युग्रमाकुम् वेय्लिल्
पोरियुम पुल्क्कूम्पुकळ्–
क्कामोदमेकावू ञान् !

मामकस्वातन्त्र्यत्तिन्
स्वच्छमाम् मुखम् स्वर्ग–
मामरनिष्ल्मूल
माविलमाविल्लल्ली ?
पारतन्त्र्यत्तिन् रत्न–
मेटयेक्काळुम् सौख्यो–
दारमे स्वातन्त्र्यत्तिन्
पुल्लणिच्चेळिमाटम् !
भयमाणेनिक्कल्प–
कल्पवृक्षकच्छाय
प्रियदर्शनमाय
निन्मुखम् मरच्चालो ?
कोमळ, निन्नंगत्तिन्
नीलिम मायिल्लल्ली
हेमशैलत्तिन् पीत–
कान्तितन् तिरत्तल्लाल् ?

तेरी प्रेरणा से मैंने सदा ही भोगा है विकास का उल्लास
तूने मुझे बनाया है नितान्त धन्य !

२

जो पहनते हैं
मन्दार वृक्षों के पल्लवों का
स्वर्णजटित रेशमी छत्र—
उन देवताओं के उद्यान में,
रत्न-शैल के प्रान्तर प्रदेश में,
नहीं खिलना चाहता हूँ मैं !
मैं चाहता हूँ खिलना
उस भूमि में जहाँ
तेज़ गर्मी की आँच से झुलस गयी है
दूब, सिर धुन रहे हैं सूखी घास के झुण्ड !

मेरी स्वतन्त्रता के स्वच्छ मुख पर
स्वर्ग के उन महान् पेड़ों की छाया की कालिमा न पड़े,
यही है मेरी प्रार्थना !

परतन्त्रता के रत्नों से जगमगाते महल की अपेक्षा
मेरे लिए सुखकर और सन्तोषदायिनी है
स्वतन्त्रता की घास में उगी-बनी
मेरी छोटी-सी मलिन झोंपड़ी !
मुझे डर है कहीं इन कल्पवृक्षों की
छिछोरी छाया
तुम्हारे प्रियदर्शी मुख को
मेरी आँखों से ओझल न कर दे !
कहीं ऐसा तो नहीं कि
स्वर्ण शैलों की पीली कान्ति की झिलमिलाहट में
तुम्हारे कोमल अंगों की नाजुक नीलिमा तिरोहित हो जाये ?

मंगलम् भवन्मौन–
  गानत्ते लोभोल्भ्रान्त–
भृंगत्तिन् मुखस्तुति
  विस्मरिप्पिक्किल्लल्ली ?

३

आ रत्नाचलत्तेक्काळ्
  पोङ्ङनिन्नीटुम् काल्य–
तारत्तेप्पोलिक्कुञ्ञि–
  क्काट्टुपूवित्तेक्कूटि
नित्यवुम् समुल्फुल्ल–
  सौभगमाक्कुन्नू नी ;
स्तुत्यमे भवदीय–
  मेकभावनावत्वम् !

शोणजिह्वयालत्यु–
  ग्रान्धकारौघम् लोक–
त्राणार्थम् नक्कित्तिन्नु
  तिन्नङ्ङुन्नोटुक्कुम्पोळ्,
कुट्टिक्काट्ट्टुत्तेत्ति–
  क्कुलुक्कि विळिक्कवे,
ञेट्टि ञानुणर्न्नेन्नु–
  मत्भुतस्तिमितमाय्

निन्नावू नवीनमाम्
  चैतन्यम् वहिक्कुन्न
मन्नाळुमानन्दत्तिल्–
  प्पंकुकोण्टनन्याशम् !
सौरभम् परक्काते
  सादरस्नेहोदार–
पौरलोलचनातिथ्य–
  भाग्यवुम् भवियक्काते,

कहीं ऐसा तो नहीं कि
भौंरों की लोभग्रस्त चाटुकारिता के गीतों की गुनगुनाहट में
मैं तुम्हारे मंगलमय मौन-गान को
भुला बैठूं ?

३

ऊँचा है रत्नगिरि का शिखर,
उससे ऊँचे जगमगाता है भोर का तारा।
प्रभात के उस तारे की तरह ही इस वनपुष्प को भी
सदा सुन्दर और समुत्फुल्ल बनाते हो तुम,
धन्य है तुम्हारी समदर्शिता !

जब अपनी लाल-शोणित जिह्वा से चाट-चाटकर
घने अन्धकार को भी तुम लील जाते हो
ताकि संसार का परित्राण हो तमान्धकार से
तो बाल-पवन पास आकर मुझे झकझोरता है,
मैं चौंककर एक अनोखे विस्मय के साथ जाग जाता हूँ।

मेरी कामना है, मैं खड़ा होऊँ
नव-चेतना से भरी इस भूमि के आनन्द में
मात्र सहभागी बनने के लिए, बिना किसी अन्य आशा के।
भले ही न फैले मेरी सुरभि,
न हो मेरे भाग्य में नागरिकों की दृष्टि का आतिथ्य—
स्नेहसिक्त, आदर-भरा !

ई विनीतमाम् लज्जा–
धीरकाननपुष्पम्
ताविटुम् निन् लावण्यम्
तान् नुकर्न्नेन्नुम् पुण्यम्
मातृभूमितन् शुद्ध––
प्रेमतुन्दिलमाय
मारि़टत्तिङ्कल्त्तन्ने
मालकन्नुतिर्न्नावु !

—१९२६

मैं विनम्र और लज्जाशील
कानन-पुष्प
सदा तुम्हारे पावन प्रवर्द्धित लावण्य को भरपूर भोगते हुए,
प्रेम प्रमुदित और निःशोक झर जाऊँ
मातृभूमि के पवित्र वक्ष पर—
यही है मेरी कामना !

—१९२६

पुष्पगीतम् : २

१

शाश्वतजगल्प्राण,
शान्तनिश्चलमायि
विश्वपूर्णनेन्नालु
मर्धरात्रियिल् निल्क्के,
रूपहीननाम् नीयि—
ल्लेन्नु चिन्तिच्चेनान्ध्य—
चापलम् पोऱ्‌त्तालुम् !
आनन्नम् वनपुष्पम् ।

त्वल्पदार्च्चनय्क्काये—
न्नितळोन्नुतिर्न्नी, ले—
न्नल्पमाम् परिमळम्
निनक्कार्प्पिच्चील ;
चेणुट्‌ट् निन्मार्‌त्तु
लेपनम् चेय्तिल्लात्म—
रेणुवाल्, स्वयम् पुणर्—
न्नङ्ङु निश्शब्दम् निल्क्के ।

अल्लेंकिल् परिमाण—
हीननायनादिया—
युल्लसिच्चीटुम् लोका—
लम्बमाम् पवमान,
तारिनेन्तरियाम् हा !
तव मेन्मयेप्पट्‌ट्
वारिधि वेरुम् मुत्तु—
चिप्पियालळक्कामो ?

पुष्पगीत : दो

१

हे शाश्वत, जगत्प्राण !
जब तुम शान्त निश्चल होकर
खड़े थे आधी रात में, और
यद्यपि थे विश्व-भर में व्याप्त
मैंने समझा यही कि तुम रूपहीन का
अस्तित्व ही नहीं है।
क्षमा करो इस अन्ध चपलता को
मैं अज्ञ वन-पुष्प ही तो ठहरा !

हाय तुम्हारे चरणों की अर्चना के लिए
मेरी एक पंखुरी तक न झरी,
मेरा जो स्वल्प परिमल है
वह भी मैंने समर्पित नहीं किया।
मैंने नहीं किया अपने पराग का आलेपन
तुम्हारे सुन्दर वक्ष पर—
जब तुम स्वयं खड़े थे निःशब्द
मुझे स्नेह-पूर्वक वक्ष से चिपटाये हुए।

किन्तु
हे अनादि,
लोकालम्बन परिणामहीन पवमान !
यह क्षुद्र पुष्प क्या जानता है
तुम्हारी महिमा ?
क्या सीपी नाप सकती है
महासागर को ?

अल्लिलुम् मार्ग्गम् काट्टुम्
दिव्योडुक्कळ्तन् मौन—
च्चोल्लिलेप्पोरुळोन्नुम्
चिन्तनम् चेय्तीटाते ।
क्षुद्रमिप्पुष्पम् भव—
त्सान्निध्यम् मरन्नेवम्
निद्रचेय्तुपोयल्लो
तेनिनाल् तर्प्पिक्काते !

२

विस्मरिच्चीटोल्लेन्नाल्
ञङ्ङळेन्नोर्त्तिङ्ङुन्नु
विस्मयावहम् भावम्
मारियत्युच्चारवम् ।
मारिमेघमाम् जटा-
मण्डलमिळकियुम्
पारिटम् नटुङ्ङीटुम्—
पाटिटय्क्कलरियुम्
वानिनेत्तिळक्कुन्न
वाळिटयिक्कटय्क्कूरि
नीनिन्नु नृत्तम् चेय्तु
नीळेयत्युग्राकारम् ।
नेरकन्नेषुम् भवल्—
क्कोपत्तिन्निरयायि
घोरमामिटित्तीयु
वीणोरिग्गिरिप्रान्तम्,
दग्धमाकवे कण्णु
पोत्तिमेय् विरय्कुन्न
मुग्धतारकवृन्दम्,
कटल् चेयिततात्रन्दम्

नहीं चिन्तन किया कभी
उन तारों के मौन गीत-तत्त्वों का
जो दिखाते हैं रास्ता रात में भी,
नहीं किया तर्पण तुम्हारा कभी
अपने अन्तरंग के मधु से,
तुम्हारे सान्निध्य को भी भूलकर
हो गया था निद्रा-निलीन
यह क्षुद्र वन-पुष्प !

२

शायद ऐसा सोचकर कि
हम तुम्हें भूल न जायें
अत्युग्र घोष के साथ
विस्मयकारी ढंग से रूप बदलकर
वर्षा-मेघों का जटा-जूट प्रकम्पित कर
अपने गर्जन-तर्जन से
बार-बार समूचे संसार को चौंकाते हुए,
बीच-बीच में
खींच लेते हो तुम अपनी नंगी तलवार
जो आकाश को दमका देती है,
भयानक रौद्र रूप धारण कर
रच डाला है सब कहीं ताण्डव नृत्य तुमने।
तुम्हारे इस कृत्रिम क्रोध के कारण
जहाँ गाज गिरी
वहीं गिरिप्रान्त दग्ध हो गया,
भय-विकम्पित मुग्ध तारकों ने
आँखें मूँद लीं,
समुद्र ने करुण स्वर में रुदन किया।

फलसम्पत्तेल्लामे

पोकवे कण्णीर् तूकि

दलरूपमाम् भीति—

वेपितम् वृक्षव्रातम ।

शोकङ्ङलाचार्यन्मार्,

जीवाधारमामङ्ङु

लोकव्यापियाणेन्नु

ञङ्ङळ्क्कु बोधप्पेट्टु ।

भगवन, परिभ्रान्त-

सागरान्तरत्तिलु

मगसंकुलोत्तुंग—

कुल पर्वतत्तिलुम्

दुरतिक्रमम् भवल्—

प्राभवम् वाषि्त्तप्पाटुम्

स्वरमुच्चत्तिलक्केळ्क्काय् !

वेन्नु नी विश्वात्मावे !

३

शान्तमाय् भवल्क्कोप,

मन्धकारम् पोय्, पूर्वा–

शान्तमुज्वलमायि–

त्तीर्न्नितन्नेरम् वीण्टुम् ।

दीनमाम् कटलात्म

शक्ति पिन्नेयुम् नेटि

यानन्दलास्यम् चेय्तु,

कुन्नु कोळ्मयिक्कोण्टु ।

सौम्य, कालिम माञ्ञ

विण्मुखत्तिङ्कल्क्काणाय्

रम्ययाम् शुचिस्मितम्

निन्टे कारुण्यत्ताले ।

जब फल सम्पदाएँ सारी नष्ट हो गयीं
तो भय-कम्पित पादपों ने
पात-पात आँसू बहा दिये।
दुःख ही तो है असली आचार्य!
तब हमें अनुभव हो गया कि
आप जो जीवों के आधार हैं
वास्तव में विश्वव्यापी हैं।

तब परिभ्रान्त सागरान्तर में
अगम संकुल उत्तुंग कुल-पर्वत में
तुम्हारे दुरतिक्रम प्रभाव का स्तुतिगीत
सुनाई पड़ा उच्च स्वर में—
हे विश्वात्मन्
जय हो तुम्हारी!

३

उपशम हो गया तुम्हारा क्रोध,
मिट गया सारा अन्धकार,
प्रदीप्त हुआ फिर से
पूर्व दिशा का छोर।
पुनः प्राप्त कर अपनी आत्म-शक्ति
आनन्द लास्य करने लगा सागर,
पुलकित हो उठा पर्वत!

हे सौम्य!
मिटने लगी कालिमा
दिग्दिगन्त के मुख पर से,
चमक उठी स्मित-रेखा
तुम्हारी करुणा की कोर से
विमल, रम्य।

ओन्नु वाष्त्तुवान मूक—
माकिलुमनङ्ङ्न्नो—
रेन्नितळ्च्चुण्टत्तात्त-
वात्सल्यम् नी चुम्बिच्चु ।
मृदुहस्तत्ताल् प्रेम—
व्याकुलम् वीण्टुम् वीण्टुम्
त्वदुरस्तटत्तिली—
क्काट्टुपूविनेच्चेर्त्तु !
सारहीनमेन्नालु—
मेन्टे जीवितम् पुण्यो-
दारत्तावकस्पर्शम्
परिपावनमाक्कि ।

इळकुन्नतुम्कूटि
निन्हितत्तालल्लो, ञ्ञा—
निळयिल्प्पतिच्चिनि—
प्पोटियाय्प्पोकुम् मुम्पे,
मल्परागम् कोण्टङ्ङ—
य्क्कंगलेपनम् चेय्तु—
मल्पमाम् सुगन्धत्ता—
लामोदम् जनिप्पिच्चुम्
चरितार्थमाय्त्तीर्न्नु
पिन्नयुम् भवदेक—
परितोषार्थम् वल्ल
काट्टिलुम् विरिञ्ञाव् !

—१९२६

मेरे मूक अधर कम्पित होने लगे
तुम्हारी स्तुति के लिए
अत्यन्त वात्सल्य से पूरित
आँक दिया तुमने अपना चुम्बन
उन पर।
प्रेमाकुल होकर
तीरम् ; गृहत्तिलणवान् कोतियायि तानुम् ।

स्नेहत्तिनालुरुकुमेकमनस्सेपुम् तल्-
गेहत्तिल् निन्नुमोरु वीर्प्पविटत्तिलेत्ति ;
साहन्तशत्रुकरवाळ् वेऋमोलयेतु-
देहत्तिनाच्चेरिय काट्टतिनेत्तळित्ति ।

स्त्री

नहीं था ऐसा कि उस वीर योद्धा के मन में
समर की इच्छा न रही हो
रण था उसके लिए तृणवत्——तो भी
वह विलासी 'विक्रम' भरे युद्ध के बीच
छोड़-छाड़कर समर लौट पड़ा आतुर अपने घर।

उसकी हुँकार ऐसी जैसे बादलों की गरज
कर की कृपाण ऐसी जैसे चमचमाती तड़ित्
जब वह सामर्ष संघर्ष करता तो बड़ी से बड़ी रिपु-मण्डली
काल-सर्प-कुण्डलियों-सी सभय सहम-सिकुड़ जाती।

चल रहा था समर उस मातृभूमि की रक्षा के लिए
जो थी उसकी आराध्य देवी जिसकी पवित्र बलिवेदी पर
वह सन्नद्ध रहता था
सदा अपना रक्त बहाने के लिए।

शत्रु-सैनिक-समूह की रक्त-सरिता की धारा में वह
तैरता रहा था वर्ष भर
किन्तु जयलक्ष्मी खड़ी रही दूसरे ही तट पर
वह लालायित हो उठा घर पहुँचने के लिए।

प्यार से भरा जो एक हृदय उसके भवन में द्रवित हो रहा था
उसी का एक निश्वास उसके मन में आ लगा; कर दिया उसने
वह तन प्रक्षीण जिसके सामने शत्रुओं की दर्पीली असि
रह जाती थी काँपकर एक सूखे पत्ते की तरह!

प्रेमत्तिनुळ्ळ दुरितक्रममाम् प्रभाव–
स्तोमम् महात्भुतदम् ; अल्पमतेट्ट्ॅवेन्नाल्
श्रीमज्जलद्रवि ; विकस्वरपुण्डरीकम्
भीमन् मृगाधिपति साधुतयाळुमेणम् ।

प्रेमम् नटत्तुवोरु सैनिकशासनत्ति–
नामत्तनायेतिर् परञ्ञु तटञ्ञु निल्पान्,
सामर्थ्यमिल्लवनु, तानतु चेय्तुपोयाल्
भूमण्डलम् चुटल ; कीर्त्ति वेळुत्त चारम् !

प्राणाधिनाथये वियोगविषण्णयायि–
क्काणामयाळुटे विचारशतत्तिलेल्लाम्
एणाङ्कलेखयेयकन्नलसम् नभस्सिल्
वाणालुमाषियुटे कोळ्ळलयिल्क्कणक्कें ।

तान् जागरूकतयोटेट्टिट्टवे, रणोर्वी–
संजातमत्तद्रतरं भेरिरवत्तिनेक्काळ्,
कञ्जातपेलव वधूपदनूपुरत्तिन्
शिञ्जारवम् श्रुतिपुटम् स्फुटमाय् श्रविच्चू ।

नीराल् ननञ्ञोरिम नीलिम पूण्टु नीण्टो–
रारागविह्वल विलोलविलोचनङ्ङळ्,
नाराचमेय्युकिलुम् एतुमटन्निटात्त
धीराशयन्टे हृदयत्ते नुरुक्कि नूराय् ।

तारुण्यमाम् नववसन्तमुदिच्चु रण्टु
वारुट्ट पोन्नुकुळिर् मोट्टु कुरुत्त मारुम्
चारुत्वमार्न्न निषल्पोलेयषिञ्ञु मेले
चेरुम् करिंकुषलुमेङ्ङने विस्मरिक्कुम् ।

कैसा विस्मयकर होता है प्रेम का दुर्निवार प्रभाव
उसके सामने मध्याह्न का प्रखर सूर्य
बन जाता है सुकोमल मनहर कमल
भीम मृगाधिपति बन जाता है सीधा-सादा मृगशावक ।

वह था प्रेमोन्मत्त, प्रेम के कठोर सैनिक शासन के विरुद्ध
नहीं बोल सकता था वह एक शब्द
यदि उसका प्रेम-पथ अवरुद्ध कोई करे तो
भूमण्डल बन जायेगा स्मशान, कीर्ति बनेगी श्वेत भस्म !

कल्पनाओं में वह देखता था अपनी प्राण-प्रिया को विरह-विषण्ण
जैसे सागर अपनी वीचियों में देखता है
प्रतिबिम्ब उस शशि-कला का
जो रहती है ऊपर नभ में बहुत दूर ।

रणक्षेत्र में युद्ध की सजग वेला में
सुनायी पड़ता है जो मन्द गम्भीर भेरी-रव
उससे भी अधिक स्पष्ट सुनायी पड़ने लगी उसे
प्रेयसी के पैरों की नूपुर-झंकार अपने कानों में ।

प्रिया की हठीली गीली पलकें और
राग-विह्वला नीली-नीली लम्बी आँखें
दोनों की स्मृति ने कर दिये शत-शत खण्ड
उस धीर-गम्भीर हृदय के जिससे टकराकर
हो जाते थे शत्रुओं के तीर कुण्ठित ।

कैसे भूल सकता है वह
तारुण्य के नव वसन्त का उदय
कमनीय सौवर्ण कुड्मलों से सुशोभित वह उर
विश्लथ होकर अंगों पर पड़ी रहनेवाली नील-वेणी !

इल्ला तनिक्कु चिरकानिमिषत्तिलङ्ङु–
चेल्लान् ; युवावतु निनच्चु शपिच्चु तन्ने,
अल्लाम् करिंकटल् ; अहर्मरुभूतलङ्ङळ्
एल्लाम् कटन्नु ओटि कोण्टवनेत्ति नाट्टिल् ।

नानापदानमियलुम् भटनेत्तियप्पो–
ळानाट्टु कोळ्मयिरियन्नु तृणांकुरत्ताल्,
मानातिगोत्सुकत पूण्ट मरुत्तु वेप्पो–
प्पानाय् मुतिर्न्नितु मुकर्न्नु मुकर्न्नु मेय्यिल् ।

वेण्पू निरञ्ञ चरमांशुमदंशुमाल
पोन् पूशुमग्रमोट्टु मुल्ल पटर्न्नु केरि
संपूर्णशोभमोरु कुन्निनट्टुत्तु काणुम्
तन् पूर्वपुण्यसदनम् नयनम् विटर्त्ति ।

वेगम् गतिक्कधिकमाय् ; युवयोधभाग्या–
भोगप्रसन्नवदनेन्दुदिदृक्षयालो,
रागम् क्षणत्तिलुयरुम् हृदयत्तिल् निन्नु–
मागण्डभित्तितलमेत्ति ; यट्टुत्तु सौधम् ।

आळट्ट् विण्मुरियिलेरि निरन्न तारा–
गोळङ्ङळाम् लिपिकळार्न्नोरु कामलेखम्
चीळेन्नु नीर्त्तिळवु कोमळमाय सान्ध्य–
वेळय्क्कु पूंकविळ् तुटुत्तु मिन्नि ।

लोलस्वरम् सुभगनिम्नग पाट्टु पाटि–
क्कूलद्रुमङ्ङळे मयक्कि मदिच्चोलिच्चु ;
मेलत्रयुम् पुळकमेन्ति मेलिञ्ञ मेघ–
मालय्क्केपुम् कुळिर्मुखम् मुकरुन्न शैलम् ।

चाहता था वह उड़कर घर पहुँचना उसी पल
किन्तु पंख कहाँ ? कैसा अभागा हूँ, उसने सोचा।
किन्तु रजनी-रूपी नीलसागर को और
दिन रूपी मरुस्थल को पार करके
पल-भर में वह अपने देश पहुँच ही गया।

विविध विरुदावलियों से विभूषित वह अवदानी वीर योद्धा
जब आ पहुँचा तो देश की भूमि पुलकित हो उठी
रोमांचित तृणांकुरों से; अभिमान और औत्सुक्य से भरे पवन ने
लहराकर उसके शरीर के श्रम-सीकरों को चुम्बन से पोंछा
—उसे आश्वस्त किया।

रम्य पहाड़ी की उपत्यका में स्थित उसका सदन
उसके पूर्व पुण्यों का फल, आँखों के सामने उत्फुल्ल हो उठा
उस पर फैली हुई थी धवल कुसुम-राशियों से भरी जूही वल्लरी
जिस पर चढ़ा रही थीं सोने का मुलम्मा अस्तंगामी सूर्य की रश्मियाँ।

युवक योद्धा आतुर था अपनी भाग्य-सर्वस्व का चंद्रमुख निहारनेको
शायद इसीलिए भर गया उसकी वेग गति में
हृदय उच्छलित हो रहा था प्रतिपल,
अत: उसमें का राग चढ़ गया उसके कपोलों पर, आ पहुँचा समीप सौध।

कोमलांगी सन्ध्या
विजन आकाश के सौध में पहुँचकर
तारक लिपियों से अंकित काम-लेख को जब खोलकर वाँचने लगी
तो उसके मृदुल कपोल आरक्त होकर चमकने लगे।

सुभग सरिताओं ने लोल स्वर में गीत गाया—
बढ़ गयीं आगे तट के तरुओं को गान-मग्न बनाती हुई
कृशांगी नीरद-माला का मुख चूम-चूमकर
पर्वत नख-शिख पुलकित हो गया।

आसन्नरात्रियुटे काल्च्चुवटोच्च केळ्प्पा–
नासक्तमाम् गगनमन्यविचारमेन्ये
श्वासम् विटाते निल कोण्टु ; युवावणञ्ञु
वासस्थलत्तु निज वाजियिल् निन्निऱङ्ङि ।

पारम् कितप्पोरु बहिश्चरजीवनाय
धीरप्पटक्कुतिर तन् मुखमोन्नु मुत्ति ।
चारत्तु चाञ्ञ तरुशाखयिलाशु बन्धि–
च्चारक्तमानसनणञ्ञु गृहांकणत्तिल् ।

एन्नाणभूतचरवीरयशस्सु नेटि
य्यन्नाथनेत्तिटुवतेन्निलयिट्टु नोक्कि
तन्नार्द्रमाम् मिषियिटय्क्कु तुटच्चु मुट्.ट्–
त्तन्नाळुम् 'इन्दुमति' निल्क्कुकयायिरुन्नु ।

सोमन्ट् वेण्कतिरु कोण्टु चिरिच्चिरुन्नि–
ता मञ्जुळक्कुळिर् मणल्त्तेळिमुट्.ट्मेट्.ट्म् ;
आ मङ्कतन् शिथिलमेचककैशिकत्ति–
लोमन्निलावु पुतुपिच्चकमाल चार्त्ति ।

इल्ला विभूष, विलयेऱिय वस्त्रमोन्नु–
मल्ला धरिप्पतवळ् ; मेनि मेलिञ्ञिरुन्नु ;
सल्लाळनीयमळकम् पोटि पट्.टियिट्टु
वल्लातिरुन्नु ; मुटि केट्टियिरुन्नुमिल्ल ।

पूविन्नु वेण्टणियल् ; पुष्कलशोभ वेण्णि–
लाविन्नु वेण्टुटलोळिय्क्कु नवांगरागम्,
आविर्भवल्प्पुळकमात्तनुविल् प्पतिञ्ञु
तावित्तुळुम्पि निरवद्यनिसर्गकान्ति ।

आकाश खड़ा था आतुर साँस रोके अनन्य चित्त
आसन्न रजनी के पैरों की आहट सुनने के लिए
तभी वह युवक पहुँचा अपने सदन––
उतर पड़ा घोड़े से।

चूमा उसने मुख अपनी वहिश्चर आत्मा-से तुरग का
हाँफ रहा था जो समर-धीर
अत्यन्त वेग गति से चलने की थकान के कारण
बाँध दिया उसे एक समीपवर्ती विलम्बित शाखा से
पहुँचा वह प्रेमातुर वीर अपने घर के आँगन में।

"कब लौटेगा मेरा हृदयेश्वर अप्रतिभ यश को प्राप्त करके ?"
––पत्रा उलटकर देखती थी वह करती थी भाग्य-परीक्षा
पोंछती जाती थी वीच-बीच में अपनी अश्रुपूर्ण आँखें
खड़ी हुई थी अपने आँगन से 'इन्दुमती'।

मनोरम सिकताओं से भरा वह विमल आँगन
चन्द्रमा की धवल करों का स्पर्श पाकर उन्मुक्त हास कर रहा था
सजा रही थी मोहक चन्द्रिका उसके विश्लथ
कजरारे केश-पाशों को जूही की नवल-धवल मालाओं से।

नहीं थे उसके अंग पर गहने
नहीं था परिधान अमूल्य वस्त्रों का
शरीर वन गया था कृश, हो गयी थीं धूल-धूसरित
उसकी लालनीय अलकें, चिकुर था असज्जित।

किन्तु, क्या आवश्यकता है पुष्प को अलंकार की ?
सौन्दर्य से परिपूर्ण कौमुदी को अंगराग की ?
उसके शरीर पर विराजित अकृत्रिम सौन्दर्य
स्वयं पुलकित हो रहा था, नया निखार पा रहा था।

क्षामांगितन् मधुरदर्शनमाय तोळिल्
प्रेमाकुलन् मृदुलपाणियणच्चु निन्नु ;
रोमाळियोक्केयुमुणर्न्नु ; विटर्न्न कण्णा–
श्रीमान्टे नेक्कुं निपतिच्चतु पाति कूम्पि ।

चेरुन्नु सौरभमेषुम् चेरुकाट्ट्टु वीशि
वारुट्ट् रण्टु मुकिलिन् शकलङ्ङळ् तम्मिल् ;
चोरुन्नु चन्द्रकरचुम्बि मुखत्तु निन्नु
चारुस्मितम् तनु विकम्पितमायिटुन्नु ;

वल्लिक्कु मेल् तल चुरुण्टु तष्च्चुलञ्ञो–
रल्लिद्धकान्तियोटषिञ्ञु किटन्निषञ्ञु ;
चिल्लिल्प्पतिञ्ञु पविषङ्ङळ् ; तेळिञ्ञु तिंकळ्–
त्तेल्लिल्स्सुधाकणिक ; अङ्ङने निन्नितल्पम् ।

वीरन्नु तन् कठिनवेदनमाय मारिल्–
क्कूरम्पु कोण्टु निर्युम् मुरिविङ्कलेल्लाम्
आ रम्य कोमळ करत्तळिराल्त्तलोटु–
न्नेरत्तु वेण्ण पुरळुन्नतु पोले तोन्नि ।

चिन्नुम् करिंकुष्लषिञ्ञतोलुक्किटाते,
तन्नुन्नतस्तनपटम् शरियाक्किटाते,
मिन्नुन्न पोन्नुटलोटत्तरुणन्टे देहम्
ओन्नुल्वणप्रणय वीण्टुमणच्चु चोन्नाळ् :

"लावण्यमिल्ल, धनमिल्ल, कुलीनयेन्न
भावत्तिनिल्ल वक, एंकिलुमेन्तुकोण्टो,
जीवन्नु नेरिवळ् भवान ; नुकूलमाय
दैवत्ते येङ्ङनेयेनिक्कु पुकष्त्तिटेण्टा ?

वह अधीर युवक आकर खड़ा हो गया
उस कृश-रम्य रमणी के मनोहर कन्धे पर
अपना मृदुल हस्त रखकर, पुलकित हो गया अंग-अंग
अर्ध-मीलित नयनों की दृष्टि गयी उसकी ओर ।

सुरभित मन्द पवन चली तो मानो
दो मनोहर मेघ-खण्ड आपस में आ मिले
चन्द्र-किरणों से मण्डित मुख पर मन्द हास खिल उठा
और शरीर पुलक-विकम्पित हो गये ।

कांचन लतिका के ऊपर मानो कंटकित तम
मनोहारिता के साथ विश्लथ होकर आ झुका
शशि-कला पर सुधा-कणिकाएँ प्रस्फुटित हुईं
शीशे के खण्ड पर मानो विद्रुम जड़ गये—
इस प्रकार बीत गये कुछ क्षण ।

वीर की छाती में लगे वाण-व्रणों में जहाँ घोर पीड़ा हो रही थी
वहाँ चलने लगीं मनहर मृदुल करांगुलियाँ
उसे लगा जैसे नवनीत का लेप हो रहा हो ।

अपने खुले हुए केश-पाशों को बिना सँवारे
उन्नत उरोजों पर से खिसक आये उत्तरीय को बिना ठीक किये
रमणी ने आलिंगन-वद्ध कर लिया उत्कट प्रणय भाव से,
तरुण का तन अपने रम्य कांचन-गात से ।

"लावण्य नहीं मुझमें, धन नहीं मेरे पास
कुलीनता का अभिमान करूँ, सो भी नहीं
फिर न जाने क्यों मैं हूँ आपको प्राणों-सी प्यारी ?
किन शब्दों में सराहूँ मैं अपने इस अनुकूल भाग्य को ?

"भीतम् रिपुप्रकरनीरदमार्य, खड्ग–
वातत्तिनाल् च्चितरि ; दुर्द्दिनमस्तमिच्चु ;
स्वातंत्र्यहंसियुटे पूञ्चिरकाम् पताका–
जातम् जनिक्षितिनभस्सिल् निरञ्ञु तानुम् ।"

आ नेरमोतियुयरुम् त्रपयाल् शिरस्सु
ताने कुनिञ्ञ तरुणन्, "पट तीर्न्नतिल्ल ;
मानेलुमक्षि, यनुरागकृताज्ञ तळ्ळान्
ञानेर् नोक्कि ; योट्टुविल्ग्गतधैर्यनायि ।

भीरुत्वमो ! भयमेनिक्करिविल्ल ; वेल्ला–
नारुळ्ळु ? वेन्नतु जलाविलमीमिषिक्कोण्,
ई रुक्मरम्यतनु, वी नेट्टुवीर्प्पु ; पैन्तेन्
चोरुन्नोरीमोषि ; पराजितपौरुषन् ञान् !"

"हृन्नाथ, विक्रमनोरुत्तरनेन्नरिञ्ञ–
तिन्नाणु ; वीरवधुवेन्नु वृथा नटिच्चेन्
इन्नाटिनायिवळेयङ्ङु मरक्किलेत्र–
नन्नायिरुन्नु !" कुलनारि तटञ्ञु चोल्लि ।

"प्रेमत्तिनुळ्ळ विल ञानरियुन्नु, मातृ–
भूमण्डलत्तिनोटेषुम् मुर नोक्किटुम्पोळ्
तूमञ्ञुतुळ्ळियतु ; मट्टतनर्घहीरम् ;
धीमन् ! स्वधर्मरतनाम् नरनाणु धन्यन् ।

"जीवन् ज्वलिक्कुवतिनुळ्ळ विळक्कु देहम्
एवम् भ्रमिक्करुतु नश्वरमण्चेरातिल्
लावण्यमायतिलेषुन्न मयक्कुवेल ;
भावल्ककबुद्धि मिषि साहसि पोत्ति रागम् ।

शत्रुओं का भय-प्रकम्पित मेघ-समूह विदीर्ण हो गया
आपके असि की झंझावात से; उड़ने लगीं सब कहीं
जन्मभूमि के अन्तरिक्ष में पताकाएँ
स्वतन्त्रता की मुस्कान के पंख फैलाकर।"

युवक की लज्जा उत्तरोत्तर बढ़ रही थी।
बोला विनम्र होकर,
"समर का अन्त नहीं हुआ है अभी सुन्दरि, मृगशावकाक्षि,
बहुत किया मैंने यत्न अनुराग की आज्ञा टालने का
किन्तु अन्त में छूट ही गया मेरा धैर्य।

क्या यह भीरुता है? भय तो मैंने जाना ही नहीं,
कौन है मुझे पराजित करनेवाला?
किन्तु पराजित किया है मुझे इन सजल बाँकी चितवनों ने
इस स्वर्णिम रम्य शरीर-यष्टि ने, इस निःश्वास ने,
इन मधुस्रावी वैनों ने—मेरा पौरुष पराजित है इनके आगे।"

"हृदयनाथ, आज मालूम हुआ कि आप विक्रम नहीं, उत्तर[१] हैं!
हाय, व्यर्थ ही मैं गर्व अनुभव करती रही कि मैं वीर-पत्नी हूँ!
कितना अच्छा होता यदि इस मातृभूमि के लिए
भूल जाते आप मुझे"—बीच में ही टोककर कहा कुलांगना ने,

"मैं भी जानती हूँ प्रेम का मूल्य, किन्तु जब तुलना करती हूँ
उसकी मातृभूमि के प्रति कर्त्तव्य-भावना से, तो बन जाता है प्रेम
एक तुषार की कणिका-सा और दूसरा दिखाई देता है अनर्घ्य रत्न-सा
धीमन्, केवल वही मनुष्य धन्य है जो स्वधर्म में निरत है।

"यह शरीर केवल एक दीपक है, प्राणों के प्रज्वलित होने के लिए
मिट्टी के इस दीप के प्रति इस प्रकार मुग्ध हो जाना क्या उचित हुआ?
लावण्य तो मात्र इन्द्रजाल है उस दीप का
हाय, साहसी अनुराग ने आपकी बुद्धि की आँखें मूँद दीं।

१—महाभारत का एक कथा-पात्र जो युद्ध से डरकर रास्ते में ही रथ से उतरकर भागने का उपक्रम करने लगा था।

"आयायि ! दुस्सहमेनिक्कितु भारतीय–
स्त्रीयाणु ञान् ; सुविदितम् करणीयमिप्पोळ्
प्रेयान्टे धर्मपथसञ्चरणैकविघ्न–
मायालिरिक्करुतु" वाळु वलिच्चेटुत्ताळ् ।

"स्वातंत्र्यलक्ष्मियिह नाटकमाटुकल्प–
वातछलाल् सुरभियाम् नेटुवीर्प्पु विट्टुम्
स्फीतप्रभम् गगनवीथियिलुल्प्पताका–
जातच्चुळिप्पुरिकवल्लियिळक्कि निन्नुम् !

"वीरप्रभो, तव सुगेययशस्सु पौरि–
मारत्भुतोल्प्पुळककम्पकळ् पाटिटुम्पोळ्
स्फारप्रहर्षभरमेन् विजनश्मशान–
च्चारम् किटन्निळकिटुम् ; चरितार्थयाम् ञान् ।"

तन् गर्हणीयनिलयोर्त्तवळ् नैजजीव–
भंगम् वरुत्तिटुवतिन्नु मुतिर्न्नु निल्क्के,
अंगम् विर्प्पोरु विकारतरंगितान्त–
रंगन् पिटिच्चु करम् ; इत्तरमोति पिन्ने :

"प्राणाधिके, वेटिक साहसचिन्त निन्ना–
लाणाय विक्रमनिरंङ्कुकयायि वीण्टुम् ;
वाणालुमत्र मम पौरुषमोन्नुरच्चु
काणान् महासमरमाम् निकषोपलत्तिल् ।

"ई विश्रुतासियिनियज्जयलक्ष्मि पुल्कान्
भाविक्के वेक्कुमथवा मृति कै पिटिक्के ;
जीविच्चिटुन्नु मृतियाल् चिलर् ; चत्तु कोण्टु
जीविक्कयाणु पलर् ; मृत्युविल् ञान् मरिक्का ।"

नहीं सह सकती मैं इसे, मैं हूँ एक भारतीय वनिता
मैं जानती हूँ अच्छी तरह, अब क्या करना चाहिए मुझे
बने जो प्रियतम के धैर्यपथ-विहार की बाधा
उसे जीते रहने का अधिकार नहीं,"—खींच ली उसने अपनी तलवार

"कामना है मेरी कि यहाँ स्वातन्त्र्य लक्ष्मी
मन्द पवन के सुरभित निश्वास लेती
गगन में फहराती विजय-पताकाओं में अपना भ्रू-विलास व्यक्त करती
सदा नृत्य करती रहे !

हे वीर, जब पौर-वनिताएँ आश्चर्य से पुलकित
तुम्हारी कीर्ति के अनुरूप निर्मल यशोगान गायेंगी
तो दूर निर्जन स्मशान भूमि में मेरी चिता-भस्म
यदि चंचल-पुलकित हो उठेगी तो मैं धन्य हो जाऊँगी।"

सोचकर अपनी गर्हणीय दशा,
चाहा वीर भामिनी ने जीवन का अन्त करना,
तब विकम्पित शरीर, भावाकुल-उर युवक ने
हाथ पकड़ लिया और बोला।

"प्राणाधिके, छोड़ दो इस दुःसाहस का प्रयत्न,
तुम्हारे आदर्श से प्रेरणा पा यह विक्रम फिर से पुरुष बन गया है
लौट जाता है रणक्षेत्र की ओर; महासमर की कसौटी पर
खरा निखरेगा मेरा पौरुष, रहो तुम यहीं उसे देखने।

"म्यान में वापिस जायेगी यह तलवार अब उसी दिन
अब विजय-लक्ष्मी करेगी इसका आलिंगन
अथवा मृत्यु आकर मेरा हाथ पकड़ ले जायेगी
कुछ लोग मरण का वरण करके जीवन जीते हैं, कुछ लोग जीते हुए भी
मृत होते हैं—मृत्यु द्वारा मेरा मरण नहीं होगा कभी।"

राजन्यरक्तमोषुकुम् तरुणन्टे चत्तो–
रोजस्सु वीण्टुमुयिर् कोण्टतु पोले तोन्नि ;
तेजस्सुयर्न्नु मिषियिल् ; तिरिये गमिप्पा–
नाजन्मधीरनथ वाळवळोटु वाङ्ङि ।

वीरन्टे मारिलवळ् चाञ्ञु ; ननञ्ञु नील–
नीरन्ध्रपक्ष्ममिषि ; हृत्तटमुच्चलिच्चु ;
आ रम्यमाकिय विळर्त्त मुखत्तेयेरे–
नेरम् मुकर्न्नु पटयाळि ; परञ्ञु पिन्ने :

"पोरिल्ज्जयापजयनिश्चयमिल्ल ; चेन्नु–
नेरिट्टु निन्टे पतियावतिनर्हनावेन् ;
वैरित्वमट्टु विधि निल्क्कुकिलोत्तु चेराम्
चारित्रशालिनि, नमुक्किनियिस्थलत्तिल् ।

"मालार्न्निटाय्क ! पिरियामिनि ; यिल्ल, निल्कु–
न्नीला ; मुखाम्वुजमुयर्त्तु ; पोरुक्कणम् नी ।"
मेलातेयायिळकुवान् रसनय्क्कु, यात्र
लोलार्द्रलोचनपुटङ्ङळ् परञ्ञिरिय्क्काम् ।

तूमिन्नल् पोलथ मरञ्ञु युवाव ; वळ्क्कु
भूमिक्कु मेलिरुळ् पुरण्टतु पोले तोन्नि ।
यामिन्यधीशमुखि निन्नितु नोक्कियश्रु–
व्यामिश्रदृष्टिमुनया वषि नीट्टि नीट्टि ।

कार् मूटियम्पिळिये ; रावु विटुन्न वीर्प्पा–
लामूलशाखमोरु कोळ्मयिरार्न्नु वृक्षम् ;
नी मूकयायविटे निल्क्कुवतेन्तु ? राग–
व्यामूढनायिनि वरा धृतधर्मवोधन् ।

प्रतीत हुआ, मानो शौर्य-शोणित से भरा
नवयुवक का मृत उर फिर से जी उठा
आँखों में दीप्ति चमक उठी,
उठा ली उसने तलवार रणक्षेत्र में लौटने के लिए ।

हठात् वह युवती वीर योद्धा के वक्ष पर झुक गयी
सजल हो गये उसके सान्द्र नील-पक्ष्मल नयन
तरुण वीर देर तक वारम्बार चूमता रहा
उन पाण्डुर किन्तु कान्तिमय कपोलों को
बोला वह फिर यों रमणी से;

"समर में निश्चित नहीं जय, न ही पराजय
तो भी मैं रण में कूदकर प्रयत्न करूँगा कि बनूँ
तुम्हारे योग्य वीर पति; अनुकूल है यदि विधि हमारे
तो मिलेंगे हम फिर इसी जगह, पुण्य-चरिते !

"मत करो शोक, प्रिये, विदा दो मुझे
नहीं अब खड़ा रहना चाहता मैं अधिक देर
लो, उठाओ तो अपना मुख-कमल, क्षमा कर दो मुझे"—
जिह्वा तो हिल भी नहीं पायी उसकी—किन्तु कहे हों मानो
ये शब्द विदा के तरल वाष्पाकुल नयनों ने ।

बिजली की गति से वह युवक आँख-ओझल हो गया
युवती को लगा जैसे महोतल में सब जगत् अन्धकार हो गया
निशीथ के शशांक-सी वह सुमुखी साश्रु-लोचनों के कोनों को
फैला-फैलाकर राह की ओर ठगी-सी खड़ी देखती रह गयी ।

चन्द्रमा को घेर लिया बादलों ने, रजनी के निश्वास से
तरुओं पर नख-शिखान्त पुलक प्रस्फुटित हो गया—
अब क्यों खड़ी हो मूक यहाँ ? जान गया है वह युवक
अपने धर्म को; अब नहीं लौटेगा वह प्रेमान्ध होकर ।

धीरांगने, मिषि तुटय्क्कु, मुकन्नु कोळ्ळु–
का रागतुन्दिलपदङ्ङळ् पतिञ्ञ मण्णिल्
तारागणङ्ङळुटे निश्चलदृष्टि निन्ने–
त्तीरात्त लज्जयिललिक्कुकयिल्लयेंकिल् !

नी नाथजीवितरथम् शरियाय्त्तेळिच्चु
मानार्हमाम् वषियिल् विट्टु, कृतार्थयाकू ;
म्ळानाभमाक्करुतये, मुख, मिच्चरित्र–
मी नाट्टुकार्क्कु पुळकोद्गमकारियेन्नुम् !

—१९२८

पोंछ लो अपने नयन धीरवनिते !
यदि तारकदलों की एकाग्र दृष्टि
तुम्हें असीम लज्जा में डुबा नहीं देती तो चूम लो
उस मिट्टीको जिसे प्रेमवान प्रियने अपने पादस्पर्शसे पवित्र बनाया है।

तुमने अपने प्रियतम का जीवन-रथ
ठीक प्रकार से प्रचलित किया है,
ले गयी हो उसे अभिमान-योग्य मार्ग पर
अब बनी रहो कृतार्थ मत करो अपना मुख म्लान
तुम्हारा यह चरित देशवासियों के लिए सदा पुलकोद्गमकारी रहेगा।

—१९२८

विळम्बरम्

वेल नाळे ; जगत्तिनिन्नुत्सव–
वेळयेन्नु विळम्बरम् चेय्युक !
विक्रमियाय् विलसुमृतुकुल–
चक्रवर्त्ति, वसन्तमेषुन्नळ्ळि :
चित्रवर्ण्णक्कोटिकळिळक्किक्को–
ण्टन्न पारिप्पुळप्पु पूम्पाट्टकळ् ।

गानम् चेय्विनपदानमां वीर–
नानन्दत्तिन्टे साम्राज्यमाकवे
कोळ्ळचेय्तल्ली वन्निरिक्कुन्नत–
ङ्ङुळ्ळतोक्के यथेच्छमरुळुवान् ।
वेल नाळे ; च्चिल निमिषङ्ङळाल्
कालत्तेप्पिच्चयाक्कीययय्क्कुक !

'लोकत्तिन्निन्नोषिवुदिवसमा–
णाकमानम्' पवमाननिङ्ङने,
स्वामियाम् वसन्तत्तिन् विळम्बरम्
भूमि चुट्टि नटन्नरियिक्कुन्नु ।
ई मुतलिन्नवकाशमोप्पमाम् :
नामुणर्न्नतनुभविच्चीटुक ।

घोषणा

कर दो घोषणा
कि काम सब होंगे कल,
आज तो उत्सव की वेला है!
पधारे हैं
पराक्रमी वसन्त
ऋतुओं के सम्राट्!
देखो ना,
रंग-बिरंगी झण्डियाँ फहराती हुई तितलियाँ
उन्मत्त होकर मँडरा रही हैं!

गाओ उसकी विरुदावलियाँ,
वह वीर
आनन्द का साम्राज्य लूटकर
वहाँ की सारी सम्पदाएँ
जी-भर बाँटने को ही आया है।
काम सब होंगे कल,
अभी तो हम
कुछ क्षण
काल को भिखारी बनाकर छोड़ देंगे!

"जगत् के लिए आज छुट्टी का दिन है"—
अपने स्वामी वसन्त की यह घोषणा
पृथ्वी के चारों ओर घूमकर
मन्द पवन सब को सुना रहा है।
इस धन पर
सब का समान अधिकार है,
सब जागें और इसका उपभोग करें।

वीणक्कम्पि मुरुक्कु, मुरुक्कु मल्–
प्राणप्रेयसि, पाटू मधुरमाय् ;
गानत्तिन्टे लहरियिलेन्निले
ञानलिञ्ञलिञ्ञिल्लातेयावट्टे !
जीवितत्तिन्टे नूलिट्टालेत्तात्त
भूविलेय्क्कतिल्मुङ्ङि ञानेत्तट्टे !

हा, नियतितन्नाज्ञयाल् निर्त्तियो—
रा निलविट्टिळकात्त कुन्नुकळ्
कोकिलगळनाळत्तालुच्चत्तिल्
कूकिप्पोकुन्नितेन्तिनेन्निल्लाते !
पारतन्त्र्यत्तेयानन्दम् स्पर्शिक्के—
प्पारमुण्टायोरस्वास्थ्यमाय् वराम् ।

तुळ्ळिट्टुन्नू वेळिच्चम् कुटिच्चल–
तळ्ळिट्टुन्न मदत्ताल् मलरुकळ् ;
पुंचिरि तूकि निल्क्कुम् पकलिन्टे
कुंचिताळकमाकुम् निषलुकळ्,
संचलिप्पिच्चु सील्क्कृतिपूण्टिटा
संचरिप्पू विलासि मन्दानिलन् ।

मेच्चत्तिल्प्पल पूवच्चु तुन्निच्च
पच्चप्पट्टुटयाटयणिञ्ञता,
कोमळांगत्तिलाकेयकारणम्
कोळ्मयिर्‌क्कुळ पूण्टु मदाकुलम्
काननस्थलि निल्पू विहंगम–
स्वानत्ताले चिरिच्चु किलुकिले ।

प्रिये, और दृढ़तर कसो
अपनी वीणा के तार,
छेड़ो उस पर मधुर-मधुर तान,
गीत की ख़ुमारी में
विलीन हो जाये
मेरे भीतर का 'मैं'!
उसके सहारे पहुँचूँ
जीवन के सीमा-रहित अतल-तल तक!

नियति की आज्ञा से
अविचल विवश खड़े रहनेवाले ये टीले
कोकिल के कण्ठों में
अप्रत्याशित कूक उठते हैं,
जब परतन्त्रता को छूता है
आनन्द अपने कर-स्पर्श से
तो भारी हलचल उत्पन्न हो जाती है,
यही कारण है शायद।

प्रकाश का पान कर
उन्मत्तता की तरंगों में
नर्तन कर रहे हैं सुमन!
खड़ी है दिन-लक्ष्मी मुस्कुराती,
बह रहा है यह रसिक पवन स-सीत्कार
उसकी कुंचित अलक-छायाओं को
संचालित कर के!

यह वनस्थली खड़ी है,
विविध पुष्प-चिह्नों से सज्जित
हरित साड़ी पहनकर
अपने कोमल शरीर पर
अकारण अंकुरित पुलक से सिहरी
पक्षियों के कलरव में
वारम्वार कलहास करती हुई।

लोकचित्तम् समाक्रमिच्चीटुन्न
शोकयोद्धाक्कळायुधम् वय्क्कट्टे !
जीवनेट्.ट् मुरि्वुणङ्ङीटट्टे
केवलमतिन् पाटुमे काणाते !
ई वसन्तत्तिलारानुम् दुःखिच्चाल्
दैवकोपमवनिल् पतियुमे !

—–१९३४

दुनिया के दिल पर
हमला बोलनेवाले शोक के सैनिकों,
अब हथियार रख दो !
भर जायें जीवन के सारे घाव !
मिट जायें उसके सारे क्षत-चिह्न !
करेगा दुःख यदि कोई इस वसन्त में
ईश्वर-कोप की गाज उसी पर गिरेगी।

—१९३४

साक्षात्कारम्

मुकळिलेक्काळ् मुकळिलाय् वर्त्तिक्कुम्
सकलगमाम् सनातनाकाशमे !
परममेयमाय् शुद्धमाय् मिन्निटुम्
परमलावण्यतत्वमे, वन्दनम् !

गिरिपरम्पर दूरमोर्त्तंभुत—
भरितमुन्मुखम् नोक्कुन्नु निन् मुखम्,
करुककळो तणुत्त कविळ्त्तटम्
नेरुकयिलेट्ट् कोळ्मयिर्क्कोळ्ळुन्नु !
अकलेयेक्काळकलेयाकुन्नु नी—
यरिकिलेक्काळरिकिलाणत्भुतम् !

ओरु हिमकणम् मात्रमाणन्धया—
मिरविन् सन्ततियाय ञानेंकिलुम्,
भवदनुग्रहत्तिन्टेयाकस्मिक—
नवकिरणमेन्नात्माविलेल्क्कवे,
इटयिलुण्टायिरुन्न तमोमय—
पटमतिनालुटनकन्नीटवे,
क्षणिकमाकिलेन्त्तेन्टे यिज्जीवित—
कणिकयिल् कण्टितङ्ङ्येत्तन्ने ञान् ।
उलकम् कण्टु ञान् कालमाम् पुल्क्कूम्पिन्—
तलयिल् मिन्नुन्न तूमञ्ञुतुळ्ळियाय् !

साक्षात्कार

हे सर्वव्यापक,
सर्वोच्चि विराजमान,
अति अमेय, अनुपम लावण्य-सार,
परमशुद्ध, सनातन आकाश !
नमस्कार है तुम्हें !

ये पर्वत पंक्तियाँ
तुम्हारी दूरी से स्तब्ध
आश्चर्य के साथ मुँह उठाये
तुम्हें ताक रही हैं।
किन्तु दूब,
तुम्हारे शीतल कपोल का स्पर्श माथे पर अनुभव कर
पुलकित रहती है।
कितना आश्चर्य है यह कि
तुम दूर से भी दूर हो
और निकट से भी निकट !

मैं हूँ एक क्षुद्र हिमकणिका,
अन्ध-रजनी की सन्तान,
किन्तु जब तुम्हारे अनुग्रह की नवल किरण
अचानक मेरी अन्तरात्मा पर पड़ी
और बीच का तमोमय आवरण हटा
तो इस अपने क्षणभंगुर जीवन की कनी में
मैंने आप ही को देखा ;
और देखा इस दुनिया को
काल-रूपी दूब के सिर पर चमकनेवाली
शबनम के रूप में !

वळरुमत्भुतहर्षङ्ङलाल्त्तळ–
न्निळकिट्टुमेन्ट् मूकमाम् जीवनिल्
किळरुमानन्दपारवश्यम् पक–
न्निळ पुळकमुळकळणिकयाय् !
निमिषमात्रानुभूतियालात्माविल्–
क्कुमियुमानन्दवेलियेट्ट्त्तिनाल्
करकळोक्केयुम् मुङ्ङिय जीवित–
क्कटलु कण्टु ञानेकमाय्, पूर्णमाय् !

—१९३२

विस्मय और आनन्द के मारे
मैं शिथिल-सा हो गया,
और मेरे प्राणों में तरंगित होनेवाले
आनन्द की विवश हिलोरों में घुल-मिलकर
यह धरती पुलक-कण्टकित हो गयी !
तब इस पल-भर की अलौकिक अनुभूति से
आत्मा के भीतर उमड़नेवाले आनन्द के ज्वार-भाटे में
मैंने जीवन-सागर को
सीमा-विहीन, एक, अखण्ड, और परिपूर्ण देखा !

—१९३२

मुन्ना

कितना आश्चर्य है, मुन्ना !
इस विशाल विश्व में
कोई भी तुझ से अपरिचित नहीं !

सवेरे
जब तुझे गोद में लेकर
मैं बरामदे में खड़ा था तो मैंने पाया
तू मन्द हास कर रहा है और
प्रभात का तारा आँखें झपका-झपकाकर
तुझ से वार्तालाप कर रहा है।
मुझे डर है
कहीं वह तेरा छोटा भाई
बुलाकर न ले जाय,
तू जो मेरी आँखों का तारा है !
मैं अपने प्रेम को ही क्यों न बना दूँ
तेरा पहरेदार ?
फिर देखूँ कैसे मेरा मुन्ना कहीं जाता है।

२
कितना आश्चर्य है, मुन्ना !
इस विशाल विश्व के भीतर ऐसा कोई भी नहीं
जो तुझे गोद में उठा लेने को तरसता न हो !

यह अम्बर
चन्दा को गोद से नीचे उतार कर
सिर झुकाये मुस्कुराता खड़ा है ;

ओमन

ओमने, निन्नेप्परिचयमिल्लाते-
यी महाविश्वत्तिलारुमिल्लत्भुतम् !

राविले निन्नेयेट्टुत्तुम्मर्त्तेत्ति
मेविटुम् नेरमा वेळ्ळिनक्षत्रवुम्
पुंचिरि तूकुन्न नीयुम्, परस्परम्
कण्चिम्मियेन्तो पर्वतु कण्टु ञ्ञान् ।
पेटियाणक्कोच्चनुजन् विळिच्चुको-
ण्टोटिक्कळयुमो कण्णिन् वेळिच्चमे !
प्रेमत्तिनेत्तन्ने कावलाय् निर्त्तुवेन् :
ओमनयेङ्ङने पोमेन्नु काणणम् ।

२

ओमने निन्नेयेट्टुक्कान् कोतिक्काते-
यी महाविश्वत्तिलारुमिल्लत्भुतम् !

अम्पिळि तन्नेयुम् तापत्तु वेच्चता,
कुम्पिट्टुनिल्पू चिरिच्चुकोण्टम्बरम् ;

मुन्ना

कितना आश्चर्य है, मुन्ना !
इस विशाल विश्व में
कोई भी तुझ से अपरिचित नहीं !

सवेरे
जब तुझे गोद में लेकर
मैं बरामदे में खड़ा था तो मैंने पाया
तू मन्द हास कर रहा है और
प्रभात का तारा आँखें झपका-झपकाकर
तुझ से वार्तालाप कर रहा है।
मुझे डर है
कहीं वह तेरा छोटा भाई
बुलाकर न ले जाय,
तू जो मेरी आँखों का तारा है !
मैं अपने प्रेम को ही क्यों न बना दूँ
तेरा पहरेदार ?
फिर देखूँ कैसे मेरा मुन्ना कहीं जाता है।

२
कितना आश्चर्य है, मुन्ना !
इस विशाल विश्व के भीतर ऐसा कोई भी नहीं
जो तुझे गोद में उठा लेने को तरसता न हो !

यह अम्बर
चन्दा को गोद से नीचे उतार कर
सिर झुकाये मुस्कुराता खड़ा है ;

चेंकुरुन्नंगुलिकोण्टलिवोटिता
निन् कुळिर्. नेट्ट्. तलोटुन्नु पोन्वेयिल् ;
फुल्लपुष्पत्ताल् चिरिप्पिच्चुकोण्टिळम्-
चिल्लियाम् कै नीट्टिनिल्क्कुन्नु मल्लिक ।

निन्ने ममत्वच्चरटु मुरुक्कि ञ्जान्
नन्ने नोविक्कयाणेंकिल् क्षमिक्कुक !

—१९३३

यह सुनहली धूप
निज कोमल करांगुलियों से
तेरा ही मृदुल ललाट सहला रही है ;
यह मल्लिका खड़ी है
नवल शाखा करों को फैलाये तेरी ओर
और दिखाकर खिले हुए फूल
बहला रही है तुझे ।

मुन्ना, क्षमा करना मुझे
यदि मैं ममता की डोरी में कसी गाँठ लगाकर
तुझे व्याकुल करूँ !

—१९३३

जीवितम्

१

जीवितपतंगमे
　　देहपञ्जरवद्धम्
नी विषादिप्पू पारम्
　　पारतन्त्र्यत्तेच्चोल्लि
पेलवच्चिर्किने
　　विटर्त्तान् पोलुम् तीरे
मेलल्लो चुषन्नेषुम्
　　विधि तन्नषिमूलम् !
कालम् निन् नेरे नीट्टि–
　　वलिच्चु निन्नीटुन्नू
लीलय्क्काय् सुखत्तिन्टे
　　पविषक्कतिर् क्कुल ।

वल्ल नेरत्तुम् कोत्ता–
　　नेत्तियाल् पतिरल्ला–
तिल्ल ; नीयारेट्ट्टेन्त्र
　　वेदन विषुङ्डील !

द्योविनेक्किनाविनाल्
　　चित्रणम् चेय्तुम् कोण्टु
मेविटुम् निन्निल्त्तावुम्
　　कनिवालनिवार्यम्
मरणम् पेट्टेन्नेत्ति
　　मोचनम् नल्कुन्नेङ्किल्,
परमानन्दम् पूण्टु
　　नन्दि चोल्लुक नल्लू ।

जीवन

१

हे जीवन-विहग,
देह के पिंजड़े में बद्ध
अपनी परतन्त्रता के बारे में सोच-सोच कर
कितना दुःख भोग रहे हो तुम !
नियति की छड़ों ने
घेरा है तुम्हें चारों ओर से
तुम अपने पक्ष-पुटों को खोलने में
असमर्थ हो गये हो नितान्त !
यह लीलालोलुप काल
तुम्हें ललचाने के लिए
सुख की विद्रुम बालियाँ
तुम्हारी ओर बढ़ाता है।

चुग भी पाते हो यदि कभी
तो मिलती है तुम्हें निरी भूसी ही
उसकी अनी चुभ जाने का
कितना दर्द सहा है तुमने !

स्वप्नों में स्वर्ग का चित्र बनानेवाले,
मृत्यु यदि करुणा से भर कर
तुम्हारे पास आ जाये और
पिंजरा खोल कर तुम्हें मुक्त कर दे
तो तुम उसे सहर्ष धन्यवाद दोगे।

पिटयुन्नतेन्तिन्नु
पिन्वलिप्पतेन्तिन्नी–
त्तटविल् स्वयम् परु–
ङ्डीट्टुवान् मोहिक्कुन्नो !

२

जीवितम् भोगत्तिन्टे
मुळ्च्चेटियाले पञ्च
पाविय तारुण्यत्तिन्
कुन्निलुम् चेरुविलुम्
मेञ्ञु मेञ्ञाशारूप–
मृगतृष्णयिल्क्कूटि–
प्पाञ्ञुपाञ्ञाळ तनि–
क्किरुळानारंभिक्के,
व्रणितम् मुखम् नावाल्
नक्किक्कोण्टनुभूत–
क्षणिकसुखग्रास–
रोमन्थपरायणम्
तळर्न्नु किटक्कयाम्
तन् वयर् निरञ्ञालुम्
वळर्न्न विशप्पोटे
राजमार्ग्गत्तिन् वक्किल् ।
एवनुम् चरिक्कुवा–
नुळ्ळोरा मार्गम् दीन–
भावमाय् निरीक्षिक्के
निष्फलल्लातिल्लेङ्ङुम् ।

भीदमाम् चेन्नायल्ल,
पिन्पुरत्तिटयन्टे
पादविन्यासम् केळ्प्पू ;
भयमेन्तिनाणावो !

मगर तुम क्यों इस तरह तड़पते हो ?
क्यों पीछे की ओर ही मुड़ना चाहते हो ?
क्या तुम इस कारागार में ही
भयभीत दुबके रहना चाहते हो ?

२

यह जीवन चरता रहा
भोग की कँटीली झाड़ियों से लहलहाते
तारुण्य के टीलों में और तराइयों में,
लगाता रहा दौड़ आशा की मृगतृष्णाओं में,
और, जब यह धरित्री दिखाई देने लगी तमिस्रा तो
जीभ से चाटता हुआ
अपने व्रणित मुख को,
जुगालियाँ करता हुआ
भोगे हुए क्षणिक सुखों की,
प्रतिपल बढ़नेवाली भूख से तपता
भरपेट खाने पर भी,
यह राजपथ के किनारे
पड़ा हुआ है थक कर चूर।
यह पथ
है सब के प्रयाण का,
किन्तु दीन दृष्टि से देखने पर
सब जगह केवल परछाइयाँ ही दिखायी देती हैं।

क्यों तुम डरते हो
पीछे सुनाई देने वाली आहट से ?
यह पगध्वनि नहीं है भयंकर भेड़िये की,
बल्कि है गड़रिए की !

आलयिल् निन्नुम् निन्ने
मेयुवान् विट्टू काल,–
त्तालयिल् पूकानन्ति–
य्क्केन्तिनु मटिक्कुन्नु ?

––१६३४

सुबह को तुम्हें थान से ला कर
छोड़ गया था चरने,
तो अब क्यों संकोच करते हो शाम को
लौट चलने में ?

—१९३४

सूर्यकान्ति

मन्दमन्दमेन् ताषुम्
मुग्धमाम् मुखम् पोक्कि–
स्सुन्दरदिवाकरन्
चोदिच्चू मधुरमाय् :
"आरु नीयनुजत्ती ?
निर्न्निमेषयाय् एन्तेन्
तेरु पोकवे नेरे
नोक्कि निल्क्कुन्नू दूरे ?
सौम्यमाय् पिन्नेप्पिन्ने
विटरुम् कण्णाल् स्नेह–
रम्यमाय् वीक्षिक्कुन्नू
तिरिञ्ञु तिरिञ्ञेन्ने ;
वल्लतुम् परयुवान्
आग्रहिक्कुन्नुण्टावाम्
इल्लयो तेट्टाणूहमेङ्किल्
ञान् चोदिच्चीला ।"

ओन्नुमुत्तरम् तोन्नी–
लेङ्ङने तोन्नुम् ! सर्व–
सन्नुतन् सवितावे–
ङ्ङेङ्ङु निर्गन्धम् पुष्पम् !
अर्यमाविने स्नेहि–
क्कुन्न धिक्कारत्तिन्नु
'सूर्यकान्ति' येन्नेन्ने–
प्पुच्छिप्पताणी लोकम् !

सूरजमुखी

मेरा झुका हुआ चेहरा
धीरे-धीरे उन्नमित कर
मनोहर दिवाकर ने
मधुर स्वरों में पूछा :
कौन हो तुम बहन !
क्यों दूर खड़ी रहती हो,
अनिमेष नयनों से देखती
जब मेरा रथ जाता है ?
फिर देखती हो मुड़-मुड़ कर
सौम्य स्निग्ध हो,
कहना चाहती हो कुछ ?
अगर नहीं, और मेरा अनुमान ग़लत है
तो समझो मैंने पूछा ही नहीं"

मुझको कोई उत्तर नहीं सूझा ;
सूझेगा भी कैसे ?
कहाँ मैं निर्गन्ध सुमन,
कहाँ सविता सर्वस्तुत !
मेरी तो धृष्टता यह है
कि मैं सूर्य से प्रेम करती हूँ
इसी से 'सूरजमुखी' नाम देकर
संसार मेरी हँसी उड़ाता है !

परनिन्द वीशुन्न
वाळिनाल् चूळिप्पोका,
परकोटियिल्च्चेन्न
पावनदिव्यस्नेहम् ।
धीरमामुखम् तन्ने
नोक्किनिन्नु ञान् ; गुणो-
दारनाम् अविटत्ते-
य्क्केन्तु तोन्नियो हृत्तिल् !

भावपारवश्यत्ते
मरय्क्कान् चिरिप्पति-
नावतुम् श्रमिच्चालुम्
चिरियाय् त्तीर्न्नीलल्लो ।
मञ्ञुतुळ्ळियाणेन्नु
भाविच्चेनानन्दाश्रु,
माञ्ञु पोम् कविळ्त्तुट्टु-
प्पिळवेय्लिलेन्नोर्त्तेन् ।
वेपमुण्टायंगत्तिल्
कुळिर्काट्टनाल्, लज्जा-
चापलत्तालल्लेन्नु
नटिच्चेनधीर ञान् ।
क्षुद्रमामिप्पुष्पत्तिन्
प्रेमत्तेग्गणिच्चालो
भद्रनाद्देवन् निन्द-
नीयमायगण्यमाय् ।
मामकप्रेमम् नित्य-
मूकमायिरिक्कट्टे,
कोमळनविटन्न-
तूहिच्चालूहिक्कट्टे ।
स्नेहत्तिल्निन्निल्लल्लो
मट्टोन्नुम् लभिच्चीटान् ;

किन्तु, पराकाष्ठा को पहुँचा हुआ
पवित्र दिव्य प्रेम
पर-निन्दा के खड्ग-प्रहार से
क्या संकुचित हो सकता है ?
मैं उस सुधीर मुख की ओर
देखती रही—
न जाने क्या सोचा होगा
उस गुणोदार ने मन में !

मैंने अपनी भावनाओं की विवशता को
भरसक छिपाने का प्रयत्न किया,
किन्तु न दे सकी उन्हें
मन्दहास का रूप ।
अपने आनन्दाश्रुओं को
हिमकणिका बताने का बहाना किया मैंने,
और आशा की—
कि प्रभात की धूप में घुल-मिल जायेगी
कपोलों की अरुणिमा ।
मेरा अंग-अंग काँपा
तो मैंने बहाना किया—
काँप रही हूँ मन्द पवन के कारण,
लज्जा-चापल्य से नहीं ।
कहीं वह भद्र पुरुष न समझ बैठे
इस क्षुद्र सुमन के प्रेम को
निन्द्य और नगण्य,
इसलिए मेरा प्रेम
सदैव के लिए बना रहे मूक ।
वह सुन्दर यदि स्वयं ही
अनुमान कर पाये तो पाये ।
प्रेम का नहीं है कोई प्रतिदान,

स्नेहत्तिन् फलम् स्नेहम् ;
ज्ञानत्तिन् फलम् ज्ञानम् ।
स्नेहमे परम् सौख्यम्,
स्नेहभंगमे दुःखम्,
स्नेहम् मे दिक्कालाति–
वर्त्तियाय् ज्वलिच्चावू !
देहमिन्नतिन् चूटिल्–
द्दहिच्चाल्दहिक्कट्टे,
मोहनप्रकाशमे–
न्नात्मावु चुम्बिच्चल्लो ।

मामकमनोगत–
मविटन्नरिञ्ञेन्नो ;
पोमळवद्देहत्तिन्
मुखवुम् विवर्णमाय् ।
वळरेप्पणिप्पेट्टा–
णेन्टे मेल्निन्नुम् देवन्
तळरुम् सुरक्तमाम्
कैयेटुत्ततु नूनम् ।
अक्षरम् पुरप्पेट्टी–
लन्योन्यम् नोक्की ञङ्ङळ् ;
तल्क्षणम् करम्पिरा–
वेन्तिनङ्ङोट्टेय्क्केत्ति !
नन्दि काणिप्पानेन्टे
शिरस्सु कुनिञ्ञतु
मन्दितोत्साहन् पोके–
क्कण्टिरिक्किल्ला देवन् !
निद्रयिल्लाञ्ञारक्त–
नेत्रनाय् पुलर्च्चेय्क्कु
हृद्रमनेत्तुम् ; नोक्कु–
मिप्पुरमुट्टत्तेन्ने ;

प्रेम का प्रेम ही है फल,
ज्ञान का ज्ञान ही है फल।
प्रेम ही परम सुख है
प्रेम-भंग ही है परम दुःख
मेरा प्रेम, दिक्काल से परे
सदा ज्वलन्त रहे।
अगर उसकी अग्नि-शिखा में
मेरा शरीर दग्ध हो गाये
तो हो जाये।
कम से कम मेरी आत्मा ने
उस मोहन प्रकाश को चूम लिया,
यही काफी है!

क्या वे मेरे मनोरथ को भाँप गये?
लौटने की बेला में उनका भी मुख विवर्ण बन गया।
यत्न से ही तो प्रभु
मेरे कन्धे पर से
अपने आरक्त शिथिल हाथ हटा पाये,
मैं भी भाँप गयी।
देखते भर रह गये दोनों,
मुँह से एक भी शब्द नहीं निकला!
तभी वह कलमुँही रजनी
क्यों हमारे बीच में आ गयी?
कृतज्ञता से मैंने अपना सिर झुकाया,
मगर मन्दोत्साह प्रभु ने जाने की जल्दी में
शायद ही उसे देखा हो।
कल प्रातःकाल
इस प्रांगण में
उन्निद्र आरक्त नयन
मेरे प्रभु मुझे खोजेंगे।

विळऱुम् मुखम् वेगम् ;
तेक्कन् काट्टटिच्चट—
न्निळमेल् किटक्कुमेन्
जीर्णमंगकम् काण्के।
क्षणमामुखम् नील—
क्कारुऱुमालालोप्पि—
प्रणयाकुलन् नाथ—
निङ्ङने विषादिक्काम् :
"आ विशुद्धमाम् मुग्ध—
पुष्पत्तेक्कण्टिल्लेङ्किल् !
आ विधम् परस्परम्
स्नेहिक्कातिरुन्नेंकिल् !"

—१९३२

उनका मुँह हो जायेगा विवर्ण
मेरे जीर्ण शरीर को देख कर
जिसे लुण्ठित कर दिया होगा धरा पर
दक्षिणी पवन के झकोरे ने।
तब प्रणय विह्वल मेरे प्राणेश्वर
पोंछ लेंगे अपना मुख काली बदली के रूमाल से
और कहेंगे विषण्ण हो कर—
"काश, न देखा होता यह मुग्ध सुमन
न किया होता प्यार हम दोनों ने।"

—१९३२

एन्ट् वेळि

वन्नटुत्तेन्नो वेळि–
मुहूर्त्तम् ? पिटय्क्काय्क
सन्नमाम् हृदन्तमे,
शान्तमायिरुन्नालुम् !
कालमेन् शिरस्सिंक–
लणियिक्कयाय्मुल्ल–
माल ; फालत्तिल्च्चेर्त्तु
कषिञ्ञु वरक्कुरि ।
वरणम् वरन्मात्रम्–
आसन्नमायिप्पोयी
वरणम् ; सनातन—
नियमम् लंघियक्कामो !

२

हा, विरच्चुपोम् लोकम्
नाममात्रत्ताल्, ञाना
जीवितेशनेप्पटि्ट्–
क्केट्टिरिक्कुन्नू पण्टे !
भूविलद्देहम् नीट्टुम्
कै तट्टिनीक्कानिल्ल
जीवितम् ; तदिच्छय्क्कु
तल चाय्क्काने पट्ट् ।
कामत्तिन्नलंभाव–
मिल्लेन्नो, तत्सन्देश–

मेरा विवाह

क्या निकट आ गया इतना
विवाह का शुभ-मुहूर्त ?
धड़को नहीं मेरे विवश हृदय,
शान्त बने रहो।
काल मेरे शीश को
सजा रहा है मल्लिका माला से,
लगा चुका है भाल-तल पर
त्रिरेख मंगल तिलक।
अब केवल वर के आगमन की ही देरी है
अनुल्लंघ्य है
सनातन नियम यह !

२

सुन रखा है मैंने–
पहले से ही उस जीवनेश के बारे में,
उस के नाम-मात्र से
संसार थर्-थर काँपने लगता है !
ऐसा कोई जीव नहीं
जो उसके अग्रसारित करों का तिरस्कार कर सके,
सब को होना ही पड़ता है नतमस्तक
उसकी इच्छा के आगे।
क्या सचमुच उस की काम-लालसा का
अलंभाव कभी नहीं होता ?

स्तोमत्तेयेत्तिय्क्कुन्न
राप्पकल्प्परावुकळ्
वानिलेप्पोषुम् काणाम्
संचरिप्पतायिट्टु ;
ञानिवट्टयेव्वन्धि–
च्चीट्टुवानाशिक्कुन्नु ।

पलरेप्पाणिग्रहम्
चेयि्तरिय्क्कुन्नू पण्टे ;
पलमन्दिरत्तिलु—
मिप्पोषुम् नठक्कुन्नु,
पतिगेहत्तिल्च्चेरान्
यात्रयाकलुम् बन्धु–
ततितन् निरर्थाश्रु–
वर्षवुमिटयि्क्कट्टे ।
कुटिवच्चतिन् शेषम्
जन्मगेहत्तेक्काणा–
निटयार्क्कुमेकुन्नी–
लुग्रशासननेन्नो !
हा ! तिरिच्चविटेनि–
न्नागमिक्कुन्निल्लारु–
मोतिटान् ;—अन्तःपुरम्
नाकमो, नरकमो ?

३

मामकहृदन्तत्तिल्
माट्टोलिक्कोण्टीटुन्नु–
ण्टामन्दम् समीपिक्कुम्
पतितन् पदन्यासम् ।
काल् वितापिक्कूटि
ञान् पिरन्नोरी वीट्टिल्
मेविटान् कषिञ्ञेंकिल् !—
इन्न वेगमो यात्र !

आसमान में हर घड़ी उड़ते देखती हूँ
उस के सन्देशों को पहुँचानेवाले
दिन-रैन रूपी कपोतों को,
मैं उन को पकड़ कर बाँध रखना चाहती हूँ ।

वे कर चुके हैं अनेक पाणिग्रहण,
अब भी
अनेक घरों में हो रहे हैं
पति गेह चलने के विदा-आयोजन,
बन्धु-बान्धवों की निरर्थक अश्रुवर्षा ।
वह ले जाता है तो फिर
मायके आने का अवसर ही नहीं देता ;
क्या इतना कड़ा है अनुशासन उसका ?
हाय
कोई भी तो वहाँ से लौट नहीं पाती
कि सुनावे उसका अन्तःपुर स्वर्ग है या नरक !

३

प्रतिध्वनित हो रहा है–
मेरे अन्तरंग में
मेरे पति का पदन्यास
जो आ रहा है मेरी ओर धीरे-धीरे मुस्कुराता हुआ ।
काश !
मैं ठहर पाती एकाध घड़ी और इस घर में
जहाँ मैंने जन्म लिया है ;
क्या इतनी जल्दी यात्रा करनी पड़ेगी ?

मेनि मे विरयिक्कल्ल,
चुण्टिण चलिक्किकल्ल,
ग्लानि वन्नुदिक्किकल्ल,
विळरिप्पोकिल्लास्यम्,
समयम् वरुन्नेरम्
सर्वशक्तमाक्कैयिल्
ममजीवितम् क्षुद्रम्
सस्मितम् समर्प्पियक्कुम् !

४

स्नेहपूर्णमायेन्ने
नोक्कि वीर्प्पिट्टुम् जन्म-
गेहमे, पोङ्ङुन्निल्ल
यात्र चोदिप्पान् शब्दम्,
इन्नु निन्सौन्दर्यत्ते-
पूर्णमाय् ञ्ञान् काणुन्नि-
तिन्नु निन् प्रेमम्मूलम्
मन्मनम् पिळरुन्नु !
विरहत्तिलल्लाते,
लावण्यम् समग्रमाय्
निरवद्यमायिट्टु
काणुवान् कषिवील ।
प्रेमत्तिन् तिळक्कम् क-
ण्टतु चेन्नेटुक्कायक ;
भीममाम् खड्गत्तेक्काळ्
मूर्च्चयेरियतत्रे ।

५

उद्रसम् निषलुक-
ळन्योन्यम् पुल्किप्पुल्कि
निद्रचेयतीटुम् पच्च-
प्पट्टार्न्न पून्तोट्टत्तिल्

नहीं, कम्पित नहीं होगा मेरा शरीर,
चंचल नहीं होंगे मेरे अधर,
ग्लानि नहीं आयेगी मुझे,
और मेरा मुख भी होगा नहीं विवर्ण,
जब मुहूर्त आयेगा
उन सर्वशक्त हाथों में
सस्मित समर्पित कर दूंगी
मैं अपना जीवन।

४

मेरे जन्मगृह !
मेरी ओर देख कर तुम भरते हो आहें
स्नेहातिरेक के कारण !
तुमसे विदा माँगने
नहीं निकल रही है मेरी आवाज़ ;
हाय ! आज मैं देख पायी
तुम्हारे सौन्दर्य की समग्रता को,
और आज होता है मेरा मन विदीर्ण
तुम्हारे प्रेम के कारण।
केवल विरह की वेला में ही
दिखाई देता है लावण्य, समग्र और निरवद्य।
न जाओ प्रेम की इस दमक पर,
न करो उद्यम उसे लेने का,
असल में वह
भयानक तलवार से भी अधिक तेज़ है।

५

इस रम्य उद्यान में
जहाँ हरी-हरी मखमल के ऊपर
परस्पर आलिंगनबद्ध परछाइयाँ
रस-विमुग्ध सोती रहती हैं,

तावुमौत्सुक्यत्तोटे
नाळेयुम् पुलर्न्चेय्क्कु
पूवुकळ् जलार्द्रमाम्
कण्तुरन्नय्यो ! नोक्कुम् ।
अत्र वन्निरिय्क्कारु–
ण्टवयाय् संसारिप्पा–
नेत्रयुम् मेलिञ्ञु नी–
ण्टुळ्ळोरु रूपम् सौम्यम् ।
अषलालव पर–
ञ्ञीटुमन्योन्यम् नोक्कि :—
"निषलायिरुन्नेन्नो
स्नेहाधारमा रूपम् !"

—१९३१

वहाँ देखेंगे सुमन
अपने जलाविल नयन खोल कर
कल भी प्रातःकाल
उनसे बातें करने के लिए
यहाँ आ बैठता था
एक सौम्य कृश-दीर्घ-आकार ;
और तब बड़ी विपन्नता के साथ
वे एक दूसरे को देखेंगे और कहेंगे—
"क्या यह स्नेहाधार आकार
मात्र एक प्रतिबिम्ब था ?"

—१९३१

अन्वेषणम्

कवि चोदिच्चू : "कोच्चु–
तेन्नले भवानारे–
क्कवियुम् प्रेमम् मूलम
वेम्पलान्नन्वेषिप्पू ?
इल्ल विश्रममार्य–
न्निल्ल मट्ट्रोरु चिन्त,
अल्लिलुम् पकलिलुम्
भ्रान्तनेप्पोलोटुन्नु !
कोच्चलर् तवोन्माद–
चापलम् कण्टिट्टावाम्
उच्चलम् पकच्चलम्
नोक्कुन्नु मेलुम् कीषुम् ।

"प्रेमत्तिन् पेरोन्नल्ली
शब्दिप्पतव्यक्तम् नी,
प्रेमत्तिन् लहरियाल्
कालुर्य्क्काय्कल्लल्ली ?
अन्यनु लभिक्कयि–
ल्लीदृशम् दिव्यस्नेह–
जन्यमुन्मादम् ; सत्यम्
ञ्ञानितिलसूयालु ।
तिरयू ! वेगम् तोष,
तिरयू ! मुळंकाटिन्
चिरियेग्गणिक्काते ;–
इल्लतिन्नन्तस्सारम् ।"

अन्वेषण

कवि ने प्रश्न किया—
"हे तरुण पवन,
तुम किसे खोज रहे हो
सीमातीत प्रेम से अधीर हो कर ?
तुम्हें विश्राम ही नहीं,
न है कोई और चिन्ता
बस, दिन-रात दौड़ते रहते हो
उन्मत्त की भाँति।
शायद तुम्हारे उन्माद-चापल्य को देख कर ही
ये चकित, तरल नन्हें सुमन
गर्दन उठाये कभी ऊपर निहारते हैं,
कभी नीचे, विभ्रान्त।

"यह प्रेम का नाम ही है
जो तुम में मर्मरित हो रहा है,
यह प्रेम का ही नशा है
जिसके कारण तुम्हारे पाँव डगमगाते हैं,
ऐसा दिव्य प्रेम-जन्य उन्माद
और किस को मिलेगा !
सच तो यह है
कि मैं तुम से ईर्ष्या कर रहा हूँ
खोजो, मेरे मित्र, खोजो—
इस वंशी-कदम्ब की हँसी की परवाह न करो
अन्तः सार ही कहाँ है इस खोखली में।"

उदयन्निश्वासत्तौ–
टुच्चरिञ्चितक्काट्टु
सदयम् मदंगत्ते–
त्तटविस्सगद्गदम् :

"श्रीमन्, निन्ननुमानम्
तेट्टल्ल ; चुट्टुन्नू ञान्
प्रेमसर्वस्वत्तिन्टे
मुखदर्शनत्तिन्नाय् ।
चिरकालमाय् ञङ्ङळ्
वेर्पिरिञ्जिट्टेन्नालूम्
स्मरण नटुक्कुनि-
न्नेन्नेयिट्टलट्टुन्नू ।
ञानुणर्न्नप्पोळादि-
प्पुलर्कालत्तिप्पारुम्
वानुमन्योन्यम् नोक्कि-
श्शोकमूकमाय् निल्पाम् ।
मामकवक्षस्थलम्
शून्यमाय्क्कण्टू ; पोया-
ळोमलाळय्यो ! राग-
विश्वासपरीक्षार्थम् ।
चेणियन्नोन्नो रण्टो
वेण्तारमन्दारप्पू
वेणियिकल् निन्नूर्न्नु
वीणिरुन्नितु पोके:
कळनूपुरारवम्
केट्टु ञानय्यो, पक्षि
गळनिर्गळन्नाद-
मेन्नल्लो विचारिच्चु !
पुलरिन्तुटुप्पेन्नु
चिन्तिच्चु पोयि पाद-
मलरिन्नलक्तक-
रक्तमाम् पाटन्नेरम् ।

पवन ने
मेरे अंगों को दयापूर्वक सहलाया
और उसाँस भर कर कहा—

"श्रीमन्
ठीक है आप का अनुमान,
मैं घूम रहा हूँ
प्रेम-मूर्ति का ही मुख-दर्शन पाने के लिए।
चिरकाल से हम बिछुड़ गये हैं,
किन्तु स्मृतियाँ बीच-बीच में आ खड़ी होती हैं
और मुझे सताती हैं।
जब मैं आदिम प्रभात में जगा
तो देखा,
यह जगत और भूतल
एक दूसरे की ओर निहारते
शोक मूक खड़े थे।
मैंने अपना वक्षस्थल शून्य पाया,
वह चली गयी थी
प्रेम की दृढ़ता की परीक्षा लेने के लिए।
हाँ,
एकाध तारक-मन्दार-सुमन
उसकी वेणी में से
गिरे पाये गये।
मैंने उसके नूपुरों का नाद सुना था
किन्तु हाय! मैंने समझा
उसे
पक्षियों के गले से विनिर्गलित कलरव।
पदकमलों के अलक्तक चिन्ह को
मैंने समझा
प्रभात की लालिमा,

कनकांगुलीयक-
मूरियिट्टिरुन्नत-
न्निनविम्बमाणेन्नु
ञान् विचारिच्चु मूढन्:
वानिलोम्मंय्क्कायिट्टु
पोय पट्टुरुमालु
वारिदशकलमे-
न्नोर्त्तु ञान् सूक्षिच्चील ।
पाटलम् पारावार–
मेन्नोर्त्तु पादारक्त-
प्पाटणिच्चुळिविरि-
त्तलप्पिल् चुम्बिच्चील ।

अन्नु तोट्टन्वेषिप्पू
नालु दिक्किलुम् तेण्टि-
येन्नुटे कथमर-
न्ना रसस्वरूपत्ते ।
कण्टवरिल्ला पारिल्
कण्टुवेन्नुरप्पवर्
कण्टवरल्ला ; काणान्
ञान् स्वयम् यत्निक्केणम् ।
आरे ञानन्वेषिप्प-
ता प्रेमपुञ्जम् तन्ने
तीरेयिल्लेन्नोतुन्न
नावेनिक्कविश्वास्यम् ।

आ मुग्धमुल्लप्पूक्कळ्
मुकरुन्न नेरम् ञान्
आ मुखमनोहर-
सौरभम् स्मरिक्कुन्नू ।

वह छोड़ कर गयी थी कनकांगुलीय
ताकि उसे मैं पहचान सकूँ
किन्तु मैंने उसे समझा सौरविम्ब।
वह अपनी निशानी के रूप में
नभ में छोड़ गयी थी रेशमी रूमाल,
किन्तु मैं मूढ़
समझ वैठा उस को बादल का टुकड़ा।
हाय! वह छोड़ गयी थी सिकुड़े हुए कालीन का अंचल
अपने अलक्त चिह्नों से अंकित
समझ वैठा उसे मैं गुलाबी-सागर,
चूम भी न पाया उसे।

उसी दिन से
होकर आत्मविस्मृत
चारों दिशाओं में घूम-फिर कर
उस रस स्वरूप की खोज कर रहा हूँ।
किसी ने नहीं देखा है इस संसार में उसे,
जो कहते हैं कि देखा है,
नहीं देखा है उन्होंने भी;
अतः देखने का यत्न मुझे स्वयं ही करना होगा।
मैं जिसे खोज रहा हूँ
उसी रसमयी प्रेममूर्ति को
नितान्त मिथ्या वतानेवाली यह रसना
मेरे लिए अविश्वास्य है।

जव मैं मुग्ध कुन्दकलिकाओं को चूमता हूँ
तो याद हो आती है
उस मनहर मुख के सौरभ की,

चोलयिल् सतृण्णनाय्
चुण्टुप्पिक्के स्निग्ध-
लोलमक्कपोलत्तिन्
तणुप्पु ञानोर्म्मिप्पू !

मानसम् स्मरणया-
लुन्मत्तमाविल्लल्लो
ञानलञ्अन्वेषिक्कु-
मोमल् मिथ्ययाणेंकिल् ।

वल्लि तन् परिमृदु-
पल्लवक्कैत्तण्टिन्मे-
लुल्लसन्नीहारत्तू-
वेण्विरिक्किटक्कमेल्,
इल्ल मे मनश्शान्ति ;–
योमलिन्नरिकत्तु
वल्ल कालत्तुम् चेल्लाम्—
ईयाशयाणेन् शक्ति ।

क्षीणनाय् निशीथत्तिल्
वीतबोधनाय् काट्टिल्
वीणु पोकुम् ञान्, काणा-
तोमलाळट्टत्तेत्तुम् ;
शीतळकरत्तिनाल्
तटवुम् ; पिटञ्ञेल्क्कुम्
प्रीतनाय् क्षणत्ताल् ञान्—
विलपिक्कुवान् मात्रम् !

उरङ्ङुम् कटलिने-
च्चेन्नुणर्त्ति ञान् 'तोषर्
परञ्ञु तरणमे-
न्नोमलेङ्ङेन्नाय् चोल्के,

जब सतृष्ण मैं झरने की ओर अधर बढ़ाता हूँ
तो मुझे उस स्निग्ध मृदुल कपोल की शीतलता
याद हो आती है।

जिसकी खोज में मैं इतना विवश घूम रहा हूँ
वह मेरा प्रेम-पुंज अगर मिथ्या है
तो क्यों मेरा मन
उस की स्मृतियों से इतना उन्मत्त हो जाता है ?

मुझे कहीं भी तो शान्ति नहीं मिलती—
न लतिकाओं की परिमृदुल बाहुओं में,
न कमनीय धवल-नीहार-शय्या में,
किसी दिन मैं उसके समीप पहुँच जाऊँगा—
इसी आशा का आलम्बन मुझे बल दिये हुए है।

निशीथ में जब नितान्त क्लान्त हो कर
मैं वनान्तर में असहाय गिर पड़ता हूँ
तब वह लुक-छिप कर—
आती है मेरे समीप,
सहलाती है शीतल करों से ;
और प्रेम गद्गद मन से तब
पल भर में मैं जाग पड़ता हूँ
केवल प्रलाप करने के लिए !

जब मैं
जाकर सुप्त सागर को जगाता,
और गिड़गिड़ा कर पूछता—
'मित्र, कहाँ है मेरी प्रिया ?"

दीननामी ञान् भ्रान्त-
नाणेन्नु चिन्तिच्चावाम्
फेनप्पल्लिरुम्मिक्को-
ण्टुरक्केगर्ज्जिक्कुन्नु ।

पादपत्तल पिटि-
च्चिटय्क्कु कुलुक्किञान्
पारमुल्क्कण्ठाभार-
मार्न्नेत्र चोदिच्चील !
कम्पितांगमाय्, अय्यो
कण्टिल्लयेन्नल्लाते
वेम्पिटुम् मरम् तरुन्निल्ल
मे समाधानम् ।

ध्याननिश्चलम् निल्क्कुम्
पर्वतम् चूण्टिक्काट्टि
वानिन् नेर्क्कङ्क्तिङ्कल्
वीणु ञान् विलपिक्के,
तानरिञ्ञिल्लेन्नप्पोळ
सुव्यक्तमाक्की नाकम्
मौनत्ताल् ; निरन्तमो
दुस्सहम् विरहम् मे !"

—१९३१

तो शायद
वह मुझे दयनीय और पागल समझ कर
फेनों के दाँत भींच कर
उग्र स्वर से गरज उठता है।

तरुओं के शीश झकझोर-झकझोर कर
कितनी ही बार मैंने उन से पूछा,
किन्तु विह्वल कम्पितांग तरुवरों ने
सदा केवल यही उत्तर दिया—
"आह, नहीं देखा है।"

उन की गोद में गिर कर
जब-जब मैंने विलाप किया
तब-तब ध्यानमग्न निश्चल पर्वतों ने
आकाश की ओर केवल संकेत भर कर दिया!
गगन ने अपने मौन से यह स्पष्ट किया
कि नहीं देखा उसने।
"क्या मेरे इस दुस्सह विरह का
कहीं कोई अन्त ही न होगा?"

—१९३१

भृंगगीति

१

अंगसौभगम् कणि–
काणुवानिल्लात्तोरु
भृंगमाणेन्नालेन्ता–
प्पूविन्नु ञ्ञाने जीवन ।
प्रेमत्तिन् चिल्लिल्क्कूटि
नोक्कुम्पोळेतुम् तोन्नुम्
कामिनीयकत्तिन्टे
कळिवीटायित्तन्ने ।

२

नेटुवीर्प्पिनाल् चुट्ट्ुम्
नेर्त्त सौरभम् वीशि
च्चुटुमुच्चवेयृलत्तुम्
चूटरिञ्ञिटातोमल्
चेवियोर्त्तु निन्नीटुम्
मल्समागम् मुन्पि–
ट्टविटे ग्रहिप्पिक्कु–
मेन् मूळिप्पाट्टिन्नायि ।
अरिकेच्चरिक्कुम्पो–
ळेन्टे काट्ट्ट्टाल्प्पोलुम्
विरियुम् मुखम् वेग–
मंगकम् वेपम् कोलुम् ।
ञ्ञानटुत्तणञ्ञाकिल्
मिण्टुकिल्लटक्किक्को–
ण्टानरुम्स्मितम्, निल्क्कुम्
कण्ट भाववुमेन्ये,

भृंगगीत

१

मैं हूँ भृंग
अंग-सौन्दर्य जिसे छू तक नहीं गया,
फिर भी,
उस फूल के लिये मैं ही हूँ सर्वस्व-प्राण !
प्रेम के चश्मे से देखा जाय
तो सब कुछ ही प्रतीत होने लगता है, लावण्य का लीलाभवन-सा ।

२

जलती दोपहरी में,
भूल कर आतप-दाह
फैलती हुई अपनी झीनी सुरभि चारों और
लम्बी-लम्बी उसाँसों से—
खड़ी रहती है मेरी प्रिया कान लगाये,
मेरे आगमन की पूर्व-सूचना देने वाली
मेरी गुनगुनाहट के लिए ।
जव मैं उस के पास से निकल जाता हूँ
तो खिल उठता है उसका मुख,
मेरे शरीर की हवा से,
काँपने लगता है उसका अंग-अंग,
किन्तु जव मैं पहुचता हूँ सन्निकट
तो बोलती कुछ भी नहीं
खड़ी रहती है चुपचाप, मुस्कान रोके,
मानों देखा ही नहीं उसने मुझे ।

मुकराते ञान् पोयाल्
मुग्धमाप्पुष्पम् दीन–
मुखमाय्, तिरिञ्ञुनो–
क्कीटवे काणाम्, नोक्कुम् ।

पोकवे, वीण्टुम् केळ्क्का–
मेन्टे जीवन्नाप्पूविन्–
मूकमाम् विळि, तळ–
र्न्नोटुमेन् चिरकप्पोळ् ।

भावगौरवम्मूलम्
शब्दत्तेक्काळुम् पारम्
भारवत्ताकुम् मौनम्
तङ्ङिनिल्पीला काटि्ट्ल् ;

नेरिट्टु वेगम् वन्नु
पतिक्कुम् हृदन्तत्तिल्
नेरिय विकारत्तिन्
तिरतल्ललुण्टाक्कुम् ।

एङ्ङने पिरियुमा
निश्शब्दप्रणयत्ते,
चङ्ङल कूटातेन्ने–
ब्बन्धिच्च सामर्थ्यत्ते !

३

एन्नयुम् मनोज्ञमाय्
निषलाल् तन् वेण्पट्टिल्
चित्रवेलकळ् चेय्तु
मध्याह्नमिरिक्कुम्पोळ्,
अमरताप्पूमारु––
पटि्ट ञान् सुखिक्कुन्नू ;
मम भारत्तालोम––
लेङ्ङनुम् तळर्न्नालो !

तो मुड़ कर देखने पर पाता हूँ
कि वह मुग्ध पुष्प
दीन मुख लिए मेरी ही तरफ
टकटकी लगाये खड़ा है ।
यदि फिर भी मैं आगे बढ़ जाऊँ
तो मेरे प्राणों को सुनायी देती है
पुष्प की मूक पुकार ;
तब मेरे पंख शिथिल हो जाते हैं ।

मौन,
जो भाव-गौरव के कारण
शब्दों की अपेक्षा भारी होता है,
हवा में अटका नहीं रह पाता है—
हठात् आ गिरता है मानस में
उत्पन्न करता है भावों की छोटी-छोटी लहरियाँ ।
कैसे लूँ विदा इस मौन प्रणय से,
इस चातुरी से जो बाँध लेती है मुझे
विना बेड़ियों के !

३

जब दुपहरी
अपने श्वेत पटम्बर के ऊपर
परछाइयों की मनोरम कशीदाकारी करती रहती है,
तब मैं अत्यन्त मृदुता के साथ
उसके कोमल वक्षस्थल से आ लगता हूँ;
मुझे डर रहता है—
कहीं मेरे भार के कारण वह परिश्रान्त हो गयी तो ?

प्रणयान्धनायुत्तीर्न्नु,
सौरभम् वीशुम् गात्रम्
पुणरिल्ल ञान् गाढम् ;
पूवल्ले, पतिच्चालो !
उत्तरम् तराञ्ञालु—
मोमनप्पूवेकाग्र—
चित्तमाय् केळ्क्कुम् मारिल्
च्चुम्बिच्चु ञान् मन्त्रिक्के ;

अरिकत्तुनिन्नेङ्ङान्
पोकुवान् पुरप्पेट्टाल्
तिरिये चेल्लुम् यात्र
चोल्लान् ञान् नूरावृत्ति ।
कालमेन्नोन्निल्लेन्न—
ल्लुग्र भास्कररश्मि—
ज्वालयक्कु चूटिल्लल्पम्
ञङ्ङळ् तङ्ङळिल्च्चेर्न्नाल् ।

४

एत्तुमेन्नालुम् पेट्टे—
न्नेतोरु पूविन् कण्णुम्
पोत्तुवान् मटिक्कात्त—
निर्विवेकयाम् सन्ध्य !
हा, निलम् पतिच्चीटुम्
तेक्कन्काट्टटिच्चाराल्,
वानिलोमलिन् नित्य—
चैतन्यम् मरञ्ञुपोम् ।

ई विचारमे, न्नालुम्
चिलप्पोळ्प्फणम् पोक्कि—
भीविकम्पितमाक्कि—
त्तीर्क्कुन्नु मत्सौख्यत्ते !

प्रणयान्ध वन कर
मैं उस सुरभिल शरीर को
प्रगाढ़ परिरम्भण में नहीं बाँधता,
कोमल कली है न ? कहीं गिर गयी तो !
जब मैं उसके वक्षस्थल को चूम कर
कानों में गुनगुनगुनाता हूँ
तो वह कैसे एकाग्रचित्त सुनती है
यद्यपि जवाब नहीं देती !

विदा लेते-लेते
मैं सौ वार लौट आता हूँ
अनुमति लेने के लिए ।
जव हम मिलन-आबद्ध होते हैं
तो फिर प्रचण्ड सूर्य-किरणों में गर्मी नहीं रहती,
और काल का अस्तित्व ही नहीं रह जाता !

४

किन्तु आ जायेगी निर्विवेक सन्ध्या,
करेगी सभी सुमनों की आँखें वन्द,
विना संकोच और सोच-विचार के ।
हाय, दक्षिणी पवन का झोंका खा कर
मेरी प्रिया की नित्य-नूतन चेतना
विलीन हो जायेगी नभ में ।

यह विचार
अपने फन फैला-फैला कर
मेरे परितोष-सुख को
भयकम्पित कर देता है ।

कालत्तिन्नधीनमाम्
नश्वरजगत्तिक-
लालम्वहीनम्तन्ने
शाश्वतशुद्धस्नेहम ।
अलमल्ललाल् ; विश्व-
त्तिन्टे नश्वरभावम्
विलयुम् सौन्दर्यवुम्
वस्तुक्कळ्क्कुण्टाक्कुन्नु ।

—१९३२

ओटक्कुषल्

यह नश्वर संसार काल की चपेट में है
यहाँ निरालम्ब है, विशुद्ध प्रेम।
तब क्यों करें विषाद ?
वास्तव में विश्व की क्षणभंगुरता ही तो
वस्तुओं का मूल्य और सौन्दर्य बढ़ाती है।

—१९३२

मति

मुरुके मुकरुमभ्रलक्ष्मितन् कार्–
कुरुनिर तङिङय भंगियार्न्न शैलम् ;
नरुमणि चितरुम्विधम् चिरियक्कुम्
चेरुपुषतन्नुटे चेणियन्न कूलम् ;

कुल पकुति चुवन्न पच्चनेल्ला–
ललकळ् निरन्नु, परन्न कोच्चुपाटम् ;
चलकिसलयराजि तीर्त्तसान्ध्यो–
ज्वलमधुरद्युति पूण्ट पुष्पवाटम् ;

सुललित हसितम् कलर्न्नु तुळ्ळुम्
मलरिनेयिक्किळियाक्किटुन्न वातम् ;
उलकिनु सुखमूर्च्छ नल्किटुन्नो–
रलघुमदाकुलकोकिलाळिगीतम् ;

हरितगिरितटत्तिलाट्ट्वक्क–
त्तरियोरु शान्ति तुळुम्पीटुम् कुटीरम् ;
परिसरवनि नीर्त्तियिट्टीटुम् पुल्–
विरियिलिरुन्निटुवान् कुरच्चु नेरम् ;

वषियुममलरागमार्न्नु वेल्नेर्–
मिषियिल् मदाश्रु पोटिञ्ञोरेन्ट् पुण्यम्
मटियिल्, मति ! जयिच्चु ! सर्वमेन्कै–
प्पिटियिलोतुङिङ ; येनियक्कु विण्णगण्यम् !

—१९३२

यही बहुत है

रुचिर शैल
जिस पर छितराये हैं मेघ-अलक अभ्र-लक्ष्मी ने,
खड़ा है चुपचाप गाढ़ चुम्बन-लीन,
प्यारे से झरने का मनहर कूल,
बिखर जाते हैं मोती जिस पर उसकी हँसी के
छोटा-सा खेत, जहाँ लहरा रही हैं हरे धान की बालियाँ,
ईषद् आरक्त सुन्दर उपवन
मनोरम सन्ध्या की द्युति से प्रोज्ज्वल
चंचल किसलय-राजि द्वारा निर्मित।
मलय पवन
जो गुददा जाती है मुस्काते-झूमते सुमन को,
मोहन कल-गान मस्त कोकिल का
जो करता है जग को सुख-मूर्छा लीन।
एक शान्त कुटिया
हरित गिरि-तट में वहते झरने के किनारे विश्राम-स्थली,
अल्प-काल आराम करने के लिए
विछा दिया हो हरी घास के कालीन पर जिसे
उपवन लक्ष्मी ने।
और, गोद में प्रिया मेरी चिर-संचित पुण्य प्रतीक
मधुर तारुण्यमयी
जिसके रागपूर्ण नेत्रों से झरता हो रस,—
यही वहुत है मेरे लिए
आ गया मेरी मुट्ठी में सब कुछ,
नगण्य है फिर सुर-लोक भी।

—१९३२

पंकजगीतम्

अन्धमाम् तमस्सिल् नि–
ऩ्नर्थनानिरपेक्षम्
हन्त, माम् प्रकाशत्ते–
प्पूकिच्च पुण्यालोक,
लोकबान्धव, भव–
त्तादृशदयापरी–
पाकत्तिन् स्मरणयाल्
एन्मनम् तुळुम्पावु !

परिपावनप्रेम,
तल्क्कृतज्ञतय्क्कल्प–
परिणाहमेन्नुळ्ळ–
मेङ्ङिङ्ने मतियावू !
नीरवम् दलाधरम्
वेरुते चलिप्पू निन्–
सारमामपदानम्
गानत्तिल् पकर्त्तुवान् ।

सेवनव्यग्राकम्पि
वक्षस्सिल् चेर्क्काम् दिव्य–
तावकपदम्, मेन्मेल्
मुकराम्, नेट्टुवीर्क्काम् ।
आवतेन्तल्लातेन्नाल् ?–
एन् अशक्तततन्ने
देव, ञान् तिरुमुन्पिल्
उपहारमाय् वय्क्काम् ।

पंकज गीत

हे पुण्यालोक !
अयाचित ही तुम मुझे
अन्धतम के अन्दर से निकाल कर
प्रकाश की ओर ले गये ।
हे लोकबान्धव,
तुम्हारी इस सार्थक दया की स्मृतियों से
मेरा मन सदा आप्लावित रहे ।

हे परिपूत प्रेमशील,
मेरा यह लघु हृदय
कैसे वहन कर सकता है,
स्सत्यजीविताखण्डगीतत्तिन् ताळक्रमम् !

जीवितम् गानम्, कालम्
ताळ, मात्माविन् नाना-
भावमोरोरो रागम् ;
विश्वमण्डलम् लयम् !

अम्पिळिच्चषकत्तिल् नुरयुम् दिव्यानन्दम्
अम्पिलेन्तिवक्कोण्टेत्ती शुक्ळपंचमि मन्दम् ।
आनतमुखियुटे नीलभ्रू निषलिच्च
पानभाजनम्, वेम्पुम् करत्ताल्स्वयम् वाङिङ,
फेनमञ्जुळस्मितम् कलर्न्नु नकन्नुन्य-
ज्ञानमेन्निये पाटुम् हर्षजृंभितसत्व,
भावत्ताल् तरंगायमाणमाम् विरिमार्-
त्ता वधु तल चाच्चु निल्क्कुन्नु लज्जामूकम् ।

अनुराग-विह्वला सन्ध्या
नीरद लता-कुंज में प्रवेश कर नीरव बैठी हुई है।
हृदय को द्रवित करनेवाले किस गीत का आलाप
तुम तन्मय होकर कर रहे हो ?
सुन्दरी सन्ध्या देवी का स्वर्णांचल खिसक गया है
किंचित् अनावृत हो गया है वक्षस्थल
कपोल पर चमक उठी है आँसू की तारक -बूँद
मानो अनिर्वचनीय नवल निर्वृत्ति की कणिका है यह
जो ढुलकने ही वाली है !
अपनी परिपूर्ण आत्मा के भीतर एकत्र अनुभूतियों को
अभिव्यंजित करने की शिल्प-चातुरी
तुम्हीं से मैंने सीखी है।
हे चिरन्तन गायक !
हृदय के स्पन्दनों को सिखा दो
शुद्ध-सत्य जीवन के अखण्ड गीतों की ताल-थाप।

जीवन ही गान है,
काल ही ताल है,
मन के विविध भाव ही विभिन्न राग हैं
समूचा विश्व-मण्डल ही लय है।

मृगांक चषक में फेनिल आनन्द की मदिरा भर,
मन्द चरण धरती हुई शुक्ल पंचमी आ गयी
तुमने अपने आतुर तरंग-करों से ले लिया वह चषक
जिस पर विनम्रवदना सुन्दरी की नीली भौंओं की छाया अंकित है,
तुम पीते हो उसे फेनों के मन्द-स्मित के साथ
अन्य सारी चिन्ताएँ भूलकर गान करनेवाले
हे हर्ष-जृम्भित महासत्त्व !
तुम्हारे भाव-तरंगित विशाल वक्षस्थल पर
वह मुग्धा लज्जामूक होकर सिर टिकाये खड़ी है।

अल्लणिक्कुष़लितन् श्लथवेणियिल्निन्नुत्—
फुल्लमामोरायिरम् मुल्लमोट्टुकळिता,—
बिम्बितम् ताराजालमाविल्ल नूनम्—निन्टे
कम्पितस्निग्धोरस्सिल्क्कोष़िञ्ञुल्लसिक्कुन्नू ।

कामुक ! मुकरुक,
निन्ने मूटुक, आना—
प्पूमुटिच्चुरुळिन्नु
सौभाग्यमाशंसिप्पू

निद्रयिल् निलीनमाय्क्कष़िञ्ञू पारुम् वानुम् ;
हृद्रम ! तनिच्चायिच्चमञ्ञू नीयुम् ञानुम्,
निन्नुटेयगाधमामाशयरहस्यत्ते—
योन्नु नीममात्माविन् कर्ण्णत्तिल् मन्त्रिच्चालुम् !
धीरमामोरु परिवर्त्तनोत्साहत्तिन्टे
गौरवम् विङङ्ुम् गानवीचिकळुच्चण्डात्मन्,
जीवितपरिमितियेतुमे सहिय्क्कात्त
दैविकास्वास्थ्यम् पूण्ट निन्निल्निन्ननुवेलम्
स्थितिपालनम् नित्यधर्म्ममाय् व्याख्यानिय्क्कुम्
क्षितियेस्समुल्क्कम्पयाक्कुमारुयरुन्नू
निश्चयम्, त्वल्सन्देशम् वेपमुण्टाक्कुन्नुण्टु
निश्चलनभश्चरनक्षत्रसाम्राज्यत्तिल् ।

क्षीणमामेन्नात्मावु
तकर्न्नाल् तकर्न्नोट्टे,
वीणयाक्कुक भव—
दाशयम् गानम् चेय्वान् !

—१९४२

अस्त-व्यस्त-सी उसके ढीले जूड़े से खिसककर
सौ-सौ प्रस्फुटित कुन्द कलिकाएँ
तुम्हारे कम्पित स्निग्ध वक्षस्थल पर झर रही हैं
निश्चय ही वे नहीं हैं प्रतिबिम्बित तारिकाएँ !

हे कामुक चूम लो उस वेणी को,
आच्छादित कर लो उससे अपने को।
मैं उस मनोहर कबरी भार को
सौभाग्य की शुभ कामनाएँ देता हूँ !

निद्रा में विलीन हो गये हैं अवनी और आकाश !
हे हृद्रम, अब जागे हुए हैं केवल हम और तुम।
तुम अपनी आत्मा के अगाध भावों का रहस्य
मेरी आत्मा के कानों में फुसफुसा तो दो
जीवन की परिमिति को किंचित् भी सहन न करनेवाले
हे समुन्नत चण्ड-हृदय !
स्वर्गिक अतृप्ति से भरे हुए तुम्हारे मन से
धीर क्रान्ति की उत्साह-भरी नयी-नयी
गौरवमय गान-वीचियाँ उत्पन्न हो रही हैं
जो प्रकम्पित कर देती हैं वसुधा के उस मन को
जो रूढ़ि संरक्षण को ही सनातन धर्म समझता है।
निस्सन्देह तुम्हारे ये सन्देश अकर्मण्य नभचरों से भरे
नक्षत्र-साम्राज्य में कम्पन पैदा कर रहे हैं।

अगर मेरी प्रक्षीण आत्मा
खण्ड-खण्ड हो जाये तो हो जाये
तुम बना लो उसे वीणा
झंकृत हों जिसमें तुम्हारे अन्तर्भावों के गीत !

—१९४२

प्रतिकारम्

पोन्नुचिङ्ङत्तिल्त्तिरु–
वोणमाणिन्ने ; न् नाट्टिल्–
निन्नुमेत्रयो कातम्
दूरेयाम् ञानेन्नालुम्,
मामकहृदन्तरम्
चिरकिट्टटिक्कुन्नि–
ता मनोहरमाय
मलनाट्टिलेय्क्केत्तान् ।
शान्तिये विळम्बरम्
चेय्युमारुषञ्ञ ञा–
णेन्तिटुम् चेरन्मार् तन्
केतुचिह्नमाम् चापम्
इन्नुमा श्लथायत–
मलयाचलपंक्ति
मिन्नुमेन् नाटिन्रूप–
मोर्म्मयिल् वरय्क्कुन्नू ।

अङ्ङेरु मरकत––
क्कुन्निन्टे ताषत्ताण–
त्तेङ्ङुकळ् कुट पिटि–
च्चीटुमेन् चेरुकुटिल् ;
लीलयिल् ग्रामत्तिन्टे
पच्चप्पट्टिन्मेल् मुत्तु–
मालयोन्नणियिच्चु
मूळिप्पाट्टुकळोटे,

प्रतिकार

आज
स्वर्णिम 'सिंह' मास का 'तिरुवोणम्'[1] है
मैं
अपने गाँव से कितनी दूर हूँ।
मेरा मन,
पर्वतमालाओं से घिरे
अपने उस मनोहर प्रदेश पर पहुँचने के लिए
पंख फड़फड़ा रहा है।
शिथिल आयत मलयाचल पंक्तियों में
और बंकिम सागरतीरों से सुशोभित
वह मेरा देश!
आज भी
मेरी स्मृतियाँ
चेर सम्राटों के ध्वजचिह्न धनुष का चित्र खींचती हैं
जिसकी ढीली प्रत्यंचा
मानो शान्ति की घोषणा कर रही है!

दूर मरकत पर्वत की तलहटी में
मेरी कुटिया है
जिस पर छत्र तान रहे हैं
नारियल के पेड़,
ग्राम के हरित कौशेय को
लीलाभाव से मुक्ताहार पहनाती, गुनगुनाती,

१—तिरुवोणम्—'ओणम' केरल का प्रसिद्ध त्योहार। 'तिरुवोणम्' वास्तव में 'श्रावण' का ही तद्भव रूप है। यह पर्व 'सिंह' मास में, अगस्त-सितम्बर के बीच, पड़ता है।

चिरिच्चु पुळच्चुको-
ण्टावर्षिक्केत्तिच्चुटि्ट्-
त्तिरिञ्ञु पटिञ्ञाट्टु
पोकुन्नुण्टोरु चोल ।

कोच्चुतोट्टियिल्प्पूवुम्,
चेंचुण्टिल्प्पाट्टुम्, नेञ्चिल्
वाञ्चिटुमाह्लादवुम्
निर्ञ्ञ पोन्कुञ्ञुङङळ्
पूक्कळत्तिनुचुट्ट्टु-
मोणमल्लयो—कूटि-
निल्क्कवे, मतिमर्-
न्नच्छनम्ममार् नोक्कुम् ।
अंचु चिङङमायिप्पोळ्—
कण्टिट्टु ञानेन कोंचुम्
पिंचुपैतलिन् मुखम् ;
नयनम् ननयुन्नू ।
मारुविन् मलकळे !
मायुविन् कटल्कळे !
नीरुमेन्मनम् चेन्ना
वदनम् मुकरट्टे ।

अंचु पोन्नोणम् पोयी,
विळक्कुम्, स्मितत्तिनाल्-
च्चेंचोटित्तळिर् वक्कुम्,
तेळियिच्चुकोण्टोराळ्
लोलमामोरु वळ
मिन्नल्पोलि्त्तळङङुन्न
पेलवकरम्कोण्टु
विळम्पुम् चोरुण्णाते !

किलकारती, बल खाती हुई
बह रही है छोटी सरिता
जो उस प्रदेश में पहुँचकर
पश्चिम की ओर लौट पड़ती है।

छोटी-छोटी टोकरियों में फूल लिये।
मृदुल अरुण अधरों में गीत लिये
और मन में अमित उमंग लिये
जब छोटे-छोटे प्यारे-प्यारे बच्चे
फूलों की रंगवल्ली के चारों ओर
इकट्ठे होते हैं—
क्योंकि आज 'ओणम्' है न?—
तो माता-पिता सुध-बुध भूलकर
मुग्ध खड़े देखते हैं।
अपने तुतलाते बच्चे का मुख देखे
आज पाँच सुनहले 'ओणम्' बीत गये!
हाय मेरी आँखें गीली हो जाती हैं!
हट जा पहाड़,
पट जा सागर
मेरे कसकते हुए मन को
वहाँ पहुँचकर वह नन्हा-सा मुँह चूमने दे।

अपने कोमल हाथ से दीप को
और मन्दहास की दीप्ति-से मनोहर अधर को
प्रकाशित करती हुई
बिजली-से कौंधनेवाले कंकण से सुशोभित
मृदुल कर से
वह जो खाना परोसती थी
उसे खाये
आज पाँच सुनहले 'ओणम्' बीत गये।

कुम्पिट्टुमाफ्रिक्कतन्
मुटियिल्च्चविट्टुवान्
वेम्पुन्नयूरोप्पिन्टे–
युद्धतपादम् पोले,
भूपटत्तिलेय्क्कोन्नु
नोक्कियाल्क्काणा 'मर्द्ध–
द्वीप' मोन्नतिलोरु
कुन्निलाणिवनिप्पोळ् ।

मुग्धवेण्परवक–
ळिटयिल्प्पारुम् नील—
स्निग्ध नीरदमाल–
यल्लेन्टे मेल्भागत्तिल् ;
तीमष् पोषिञ्चुग्र—
दर्शनम् विहरिक्कुम्
व्योमयानौघम् चूषुम्
पीरंकिप्पुकयत्रे ।
पुत्तनामोराशयाल्–
प्पुळकम् कलर्न्नीष–
द्रक्तमाय्त्तीरुम् नाटिन्
निर्म्मलकपोलम्पोल्,
चेन्नेल्लाल् चेम्मेरुन्न
पाटङ्ङळल्लेन् चुट्टुम् ;
चेन्निणम् नुरकुत्तुम्
युद्धभूमिकळत्रे ।

वीरकीर्त्तियाम् मूटल्–
मञ्ञुपोङ्ङुवानल्ल,
चोरयाल् साम्राज्य श्री—
तन् कषल् पूशानल्ल,

मैं इस अर्द्ध-द्वीप के एक टीले पर
पड़ा हुआ हूँ
जो नक्शे में दिखाई देता है
योरोप के उद्धत चरण-सा
अफ्रीका के सिर पर
पाँव रखने के लिए आतुर झुका हुआ-सा।

मुग्ध सारस पंक्तियों से अलंकृत
स्निग्ध नीरदमाला अब मेरे ऊपर नहीं चलती
अग्नि-वर्षा करते हुए विहार करनेवाले
उग्रदर्शन व्योमयानों से घिरी धरा पर
तोपों की गरज ही चारों ओर सुनाई पड़ रही है।
नवीन आशा के जागरण से पुलकित होकर
कपोलों पर हल्की-हल्की लालिमा धारण करनेवाले
जन्मभूमि के निर्मल आनन-से न दिखाई देनेवाले
पके धान की अरुणिमा-से शोभित केदार यहाँ नहीं है
किन्तु फेनिल रक्त से भरी
युद्धभूमियाँ चारों ओर फैली हैं।

मुझे लालसा नहीं कि
वीरकीर्ति की नीहारिका मेरे चारों ओर फैले,
मैं नहीं चाहता कि
रक्त से साम्राज्य-लक्ष्मी के पैरों का तर्पण करूँ,

तल कोय्वतिन् कूलि
वाङ्ङिच्चेन् कुटुम्वत्तिन्
निलयोन्नुयर्त्तुवा—
नल्ल मामकमोहम्—
मामकमोहम्, मट्टु
खण्डङ्ङळ्क्केल्लाम् कैकळ्—
क्काममेकिय महा—
सत्त्वयाम् यूरोप्पिने,
निजकर्म्मत्तिन् केट्टिल्—
निन्नु, चङ्ङल वच्च
भुजत्तालषिक्कुवान्—
इन्त्यतन् प्रतिकारम् !
एंकिलुम् विळरिय
कविळिल्क्कोलुम् कण्णीर्
चेंकतिर् विळक्किले
प्रभयाल् प्रकाशिक्के,
मंगळाचारत्तिन्नु
'पत्तुपू' पोलुम् चूटा—
तंगलावण्यम् मात्रम्
मेलिञ्ञ मेय्यिल्च्चार्त्ति
उरुळयुरुट्टिय—
तुण्णानुम् मरन्निल—
य्क्करिकत्तिरिय्क्कुमा—
ह्रीनदर्शनरूपम्
मामकहृदन्तत्ते—
यङ्ङोट्टु वलिक्कुन्नू,
मारुविन् मलकळे !
मायुविन् कटल्कळे !

—१९४४

मुझे मोह नहीं कि
गला काटने की मजूरी लेकर
अपने परिवार की दशा सुधारूँ ;
मेरी लालसा तो बस यही है कि
मुक्त कर दूँ पाप-कर्म के बन्धन से
इस महासत्त्व यूरोप को
जिसने अन्य भू-भागों को बेड़ी पहनायी है,
अपने श्रृंखलाबद्ध हाथों से ही।
किन्तु
अपने पाण्डुर कपोलों पर अश्रुकण ढुलकाती
जो दीपक की अरुण रश्मि में और भी चमक उठे हैं,
जिसने मंगलाचरण के लिए अपनी वेणी में
'दशपुष्प'[१] तक नहीं लगाये
जिसने अपने कृश शरीर पर
केवल अंग-लावण्य की भूषा ही पहनी है,
जो केले की पत्तल के सामने
हाथ का कौर हाथ ही में धरे
दीन-मूर्ति बनी बैठी है—
वह मुझे खींचे ले जा रही है अपनी ओर—
हट जा पहाड़,
पट जा सागर!

—१९४४

१—मंगलाचरण के लिए स्त्रियाँ दशपुष्प वेणी में लगाती हैं।

रक्तबिन्दु

ई निणकणम् नोक्कु,
गौरवर्णत्ताल्द्धन्य-
मानियाय् मुखम् कन-
प्पिच्चेपुम् मुग्धात्मावे !

संगरम् मोहिक्कुन्नी-
लेंकिलुम् लोकत्तिन्टे
मंगळम् वळर्त्तुवान्
धर्म्मत्तिन् विळि केळ्क्के,
गीततन् राज्यत्तिकल्-
निन्नुमी विदूरत्ते-
ब्भूतल नटुक्कटल्-
क्करयिल् स्वयमेत्ति,
जीवितयज्ञम् चेय्युम्
योद्धाविन् हृदन्तमा-
णी विशिष्टमाणिक्यम्
विळयुम् दिव्याकरम् ।

ईयकृत्रिममाय
चुवप्पिल्भीरुत्वत्तिन्
छाययो नैराश्यत्तिन्
रेखयो काण्मीलेंकिल,
इनियुमितिन्नोप्पम्
लोकपौरुषत्तिन्टे
खनियिलित्तरञ्ञिट्टु
मट्टोन्नु नेटीलेंकिल,

रक्त-बिन्दु

अपने गौर-वर्ण पर
अपने को धन्य माननेवाले
सदा मुँह चढ़ाये फिरनेवाले
रे मूढ़ हृदय,
देख तो इस रक्त-कण को !

जो चाहता नहीं था युद्ध
किन्तु सुनकर धर्म की पुकार
जा पहुँचा
गीता की इस पुण्यभूमि से दूर
भू-मध्य सागर के तट पर,
जग के मंगल की अभिवृद्धि के लिए ;
जीवन का यज्ञ करनेवाले
उसी वीर योद्धा का हृदय है
वह दिव्य सागर
जहाँ से उपजा है यह विशिष्ट माणिक्य।

यदि नहीं दिखायी देती है
इसकी अकृत्रिम अरुणिमा में
भीरुता की छाया, या
नैराश्य की रेखा ;
यदि नहीं मिलती है खोजने पर भी
विश्व-पौरुष की खानों में
इसकी दूसरी जोड़ी
तो—

कान्तिमल्क्कोटीरत्तिल्-
ञ्चार्त्तट्टे जयलक्ष्मि ;
शान्ति-लोकत्तिन् शान्ति—
याणितिन् विल पक्षे ।

—१९४३

धारण कर लो विजय-लक्ष्मी
इसे अपने कान्तिमय किरीट में
किन्तु इसका मूल्य है—
शान्ति, विश्वशान्ति !

—१९४३

आरामत्तिल्

चेन्नु आनारामत्तिल्
नव्यमाम् प्रभातत्तिन्
पोन्नुवाग्दानम् कोण्टु
दिङ्मुखम् तुटुत्तप्पोळ् ।
चित्रमाम् चिलतितन्
वलयोन्नाकाशत्ति–
लेत्रयुम् विशालमा–
युल्लसिय्क्कुन्नू तोप्पिल् ।
स्वीयमाम् साम्राज्यत्तिन्
वलवुम् वैपुल्यवु–
मायतगर्वम् नोक्कि–
क्केटुपाटेल्लाम् नीक्कि,
वलयिल्क्कुटुङ्ङित्तन्–
चिर्कोन्ननक्कुवान्
वलयुम् पूम्पाट्ट्तन्
धिक्कारम् सहिय्क्काते,
'कालुकळिक्कटयिला–
णेट्टु दिक्कुकळ् ; नाश–
मेलुकिल्लोरु नाळु'–
मेन्नभावनयोटे,
अन्तरीक्षत्तिन् कण्णीर्—
कोण्टु मुत्तुकळ् चार्त्तुम्
तन्तलस्थानत्तिंक—
लेकशासनमायि,
वानिने मर्च्चुकोण्टङ्ङने वाणू वीर–
मानियाम् तन्निर्म्मातावुग्ररूपमाम् कीटम् ।

उद्यान में

नव्य प्रभात के स्वर्णिम वाग्दान से
दिशाओं के कपोलों पर अरुणिमा छा गयी ;
तभी मैं जा पहुँचा उद्यान में
जहाँ फूलों की क्यारी में
एक विचित्र-सा मकड़ी का जाला
फैला हुआ था अन्तरिक्ष में
खूब चौड़ा।
वहीं बैठा था मकड़ा
करता था अपने इस साम्राज्य के
बल और वैपुल्य का निरीक्षण
अत्यन्त गर्व के साथ—
कहीं भी नहीं थी कमी
उसकी सुरक्षा और दृढ़ता में।
जाले में फँसी तितली
आतुर थी अपने पंख फड़फड़ाने के लिए—
उसकी यह धृष्टता ? कैसी असह्य !
मेरे पाँवों के नीचे हैं आठों दिशाएँ
मेरा साम्राज्य है सतत और अक्षय
इस अहम्मन्य भाव को मन में लिये
बैठा था आकाश को आवृत किये
जाले का साम्राज्य-निर्माता
एकाधिपति, दर्पी, उग्र कीड़ा
अपनी उस राजधानी में
जिसे सजाया था उसने अन्तरिक्ष की अश्रु-कणिकाओं से
मोतियों की पच्चीकारी की तरह।

ओन्ननङिङ्यालप्पो—
ळरि्याम् ; वंचिच्चीटा–
वुन्नतो निरालस्य–
क्रूरमाम् कण्णाक्कानुम् !
निद्रये त्यजिच्चीट्टु–
मन्तरीक्षत्तिन्नन्ना
क्षुद्रजीवितन् दर्प्पम्
सहिप्पान् साधियक्काताय् ।
केवलमतिन् नेट्टु–
वीर्प्पिनाल् नूराय् चीन्ती
पाष्‌वल, चिलन्तित–
न्नभिमानत्तोटोप्पम् ।
ञाननुस्मरिच्चुपोय्
कालत्तिन्परप्पिकल्
मानवन् विरचिच्च
साम्राज्यमोरोन्नप्पोळ् ।

—१९४३

कहीं हुई यदि थोड़ी-सी भी आहट
तो जान लेता था वह
कौन कर सकता था छल
उसकी निरलस क्रूर दृष्टि से ?
त्याग कर निद्रा जब उठा अन्तरिक्ष
तो सह न सका उस क्षुद्र प्राणी के दर्प को—
उसके एक निश्वास मात्र से
छिन्न-भिन्न हो गया वह अनमोल जाला
और उस मकड़े का दर्प !
उभर आयी मेरी स्मृतियों में
उस प्रत्येक साम्राज्य की कथा
जिसे मानव ने रचा
काल के वितान में।

—१९४३

कोच्चम्म

उम्मर्त्तिळम्मणि–
त्तिण्णमेल् मेल्लेक्कोंचि–
च्चुम्मवेच्चोरु चेरु–
पूच्चयेक्कळिप्पिच्चुम्,
मिन्निटुम् वेळ्ळिक्किण्ण–
त्तिकलेप्पालेतानुम्
तन्निटम् करम्कोण्टु
तटविक्कुटिप्पिच्चुम्,
मेविनाळोरु मंक,
पिन्निलेज्जनालच्चि–
ल्ला विलासिनी रूपम्
भंगियिलेष्तवे ।

उच्चयाम्वरेत्तुळ्ळि–
क्कञ्जिवेळ्ळवुम्कूटि–
प्पिच्चकिट्टाते, वाटि–
प्पोयकुम्पिळुमायि,
तेल्लु दूरत्ताय् निल्पू
दुर्भिक्षम् मांसम् कान्नि–
ट्टेल्लुमात्रमाय्त्तीर्न्न
याचककुमारकन् !

नाविनाल् नुष्युन्नू,
पाल् नुकर्न्निटुम् धन्य–
जीवियें क्षुधाजड–
दृष्टियाल् वीक्षिक्कुन्नु,

कोच्चम्मा[1]

वह बैठी थी विलासिनी वनिता,
बरामदे के चमचमाते फर्श पर
अपनी छोटी-सी बिल्ली को
पुचकारती, चूमती,
चाँदी की चमकीली कटोरी में
दूध पिलाती
बाँये हाथ से उसकी पीठ सहलाती।
पीछे की खिड़की का वह शीशा
उस विलासिनी के रूप का
और भी सुन्दर आलेखन कर रहा था।

थोड़ी दूर पर आँगन में
खड़ा था एक याचक बालक,
दुर्भिक्ष ने उसके माँस को कुतर-कुतरकर
हड्डियाँ शेष छोड़ दी थीं
दोपहर तक घूमा था बेचारा
किन्तु नहीं हुई थी नसीब
माँड़ी की बूँद तक उसे
मुरझा गया था उसके हाथ का दोना भी।

दूध पीनेवाले सौभाग्यवान जीव पर
वह क्षुधा से जड़ बनी अपनी दृष्टि दौड़ाता
और अपने मुँह में
खाली जीभ को घुमाता—

---

१. रईस घराने की विलासिनी नारी।

मानवकुलत्तिल् व–
 न्नेन्तिनु पिऱन्नेन्नु–
तानवन् विचारिय्क्के–
 क्कण्णुकळ् कलङ्ङुन्नु,
कर्म्मसाक्षियाम् कालम्
 तच्चित्रम् वेळिच्चत्तिन्–
नेर्म्मयेऱ्ऱिट्टुम् तूवेण्–
 पटत्तिलप्पकर्त्तवे,
ओच्च केळ्क्कयालेन्तो
 तन्मुखम् तिरिच्चाळा–
क्कोच्चम्म काट्टिट्टल्त्तण्टो–
 न्नुलयुम् तण्टार्, पोले।

पुरिकम् चुळिच्चुग्रम्
 गर्ज्जिच्चाळ् : "कटन्नुपो
करिमोन्तयुम्कोण्टे, न्—
 'मल्लियक्कु' कोति पट्टट्टुम् !
मोळिलेय्क्कवनोन्नु
 नोक्किना, ना नोट्टत्तिन्
काळिट्टुम् चूटिल्दैवम्
 पोरिञ्ञुपोयीलल्ली ?
ओन्नवन् नेट्टुतायि
 वीर्प्पिट्टान् ; धर्म्मत्तिन्टे–
युन्नतमणिध्वजम्
 कुलुङ्ङिप्पोयीलल्ली ?
माञ्ञुपोयवन् मन्दम्
 मुट्टत्तुनिन्नुम् ; तन्वि
चाञ्ञु तन्कसालमेल,
 मयङ्ङान्वैकीलल्ली ?

—१९४४

"क्यों लिया है मैंने जन्म मानव वंश में ?"
सोच-सोचकर उसकी आँखें कलुषित हो रही हैं
काल ने, जो साक्षी है कर्म का,
उस बालक का चित्त
प्रकाश के सूक्ष्म धवल पट पर अंकित कर दिया।
शायद कानों में कोई पड़ी हो आवाज़
हिल गयी विलासिनी
देखने लगी मुँह घुमाकर
जैसे डोल गयी हो कमल की डाल
हवा के झोंके से।

भौंहों को तानकर
चिल्ला उठी वह उग्र स्वर में
"निकल जा कलमुँहे,
मेरी 'विल्ली' को तेरी नज़र लग जायेगी !"
वालक ने एक बार आकाश की ओर ताका
क्या उसकी दृष्टि की धधकती आग में
ईश्वर स्वयं जल तो नहीं गया ?
उसने एक बार लम्बी साँस छोड़ी
क्या इससे धर्म का ऊँचा मणिध्वज काँप तो नहीं गया ?
वालक धीरे-धीरे आँगन से हट गया,
नारी ने आराम-कुरसी पर अपनी पीठ टिका दी—
झपकी लेने में देर हो रही है न !

—१९४४

आ चोद्यचिह्नम्

पोन्नु ञान् पाटत्तेय्क्कु, नगरारामत्तिकल्—
निन्नु, मौस्सायाह्नत्तिन् जीर्ण्णमाम् प्रकाशत्तिल् ।
शान्तमाय्, विशालमाय्, एन्नालुम्, वरण्टेर्
क्लान्तमाय्क्काण्मू पाटम् ग्रामीणचित्तम् पोले ।

स्नेहपूर्ण्णमाम् नाट्टिन्—
पुरत्तिन् नेट्टुवीर्प्पेन्—
देहत्तिलेट्ट् वेन—
लन्तितन् चुट्टु काट्टिल्
चूषवे वयलिन्ट्
वक्कत्तु मावुम् प्लावुम्
वाषयुम्मूलम् मर्—
ञ्ञोतुङ्ङुम् कुटिलुकळ्
ओन्नु दीनमाय् नोक्कि—
प्पुंचिरिक्कोण्टुम्कोण्टु
निन्नु, पण्टेन्नो तेच्च
कुम्मायम् मुक्कालुम पोय् ।

पकलोन् पटिञ्ञाट्टु
चाञ्ञप्पोल्, करिक्कोलम्
नुकवुम् चुमन्नुको—
ण्टेत्तिय कृषिक्कारन्,
चालुकळेट्टुक्कुन्नु—
ण्टप्पोषुम् चटच्चेल्लुम्
तोलुमामेरुतिने—
ञ्चुक्किच्च कय्यालुन्ति ।

वह प्रश्न-चिह्न

सन्ध्या के ढलते प्रकाश में
पार कर नगर के उद्यान को
मैं बढ़ चला खेत की ओर ;
दिखायी दिया खेत
ग्रामीण हृदय की तरह
शान्त विशाल, किन्तु ऊजड़ और उदास।

निदाघ की सन्ध्या का गरम-नरम झोंका
मेरी पीठ पर पड़ा
जैसे स्नेहिल ग्राम का निःश्वास।
खेत के किनारे चारों ओर
आम, कटहल और केले के पेड़ों में
छिपी-सिमटी झोंपड़ियाँ—
जिन पर पुता गारा झड़ चुका था—
दीन दृष्टि से देखकर मुस्कुराती खड़ी रहीं।

दिवाकर पश्चिम की ओर ढल चुका था
लेकिन यह किसान
आया था खेत पर हल का जुआ कन्धे पर उठाये
अब भी जोत रहा है हल
अपने दुबले हाथों से,
धकेले जा रहा है बैलों को
जो क्षीण होकर रह गये हैं मात्र हाड़-चाम के ढाँचे !

वेलये, दृयितये—
            प्पोलिन्नुम् स्नेहिक्कुन्न
शीलमुळ्ळोरास्साधु—
            तन् वळञ्ञोरु निषल्,
ईविधम् निजाह्लादम्
            कट्टतारेन्नारायुम्
जीवितम् कुरि्य्क्कुन्न
            चोद्यचिह्नमल्लल्ली ?
तळरुम् कृषीवलन्
            तन्टे मुम्पिलाञ्चिह्नम्
वळरुन्नतायुत्तोन्नी
            वरम्पुम् कूट्टाक्काते ।
एन्तिनाणिरुट्टिनाल्
            मायक्कुवान् भावियक्कुन्न—
तन्तीरीक्षमे ? कण्टु—
            कषिञ्ञु कृषीवलन् ।

—१९४४

जिसके लिए काम पत्नी की तरह प्यारा है,
उस किसान की परछाईं
पड़ रही है खेत पर।
यह परछाईं
कहीं वह प्रश्न-चिह्न तो नहीं है
जिसका उत्तर वह अपने जीवन द्वारा खोज रहा है
—"कौन है मेरे सुखों को चुरानेवाला?"
मुझे लगा कि
कर्मश्रान्त कृषक के सामने
बढ़ता ही रहता है वह प्रश्न-चिह्न
सारी मेड़ों की सीमाएँ लाँघकर;
हे अन्तरिक्ष,
क्यों करना चाहते हो अदृश्य इस प्रश्न को
अन्धकार की चादर डालकर?
निश्चय ही
किसान ने उसको देख लिया है।

—१९४४

मुत्तुकळ्

जीवितसमुद्रत्तिल्—
ककण्णुनीरिनालुप्पु
ताविन पल महा—
संभवमिरम्पवे,
धीरमाय् प्रवर्त्तिय्क्कुम्
चित्तङ्ङळ्, ताने वाक्कुंम्
चोरतन् पशकळाल्
पविषम् रचिय्क्कुन्नु;
कोच्चुराष्ट्रत्तेत्तिन्नु
वीर्क्कुन्न वन्राष्ट्रत्ति—
न्नुच्चलल्क्कोटित्तुम्पाम्
चितम्पल् तिळङ्ङ्ङुन्नू।
कालत्तिनुळ्ळम्कैयिल्—
क्कोळ्वताकिलुम् तीरम्
काणात्ताक्कटलिन्टे
निम्नमामोरिटत्तिल्।
चिप्पियाय् चरिक्कयाम्
नित्यशान्तियेङ्ङेन्नु
तप्पियुम् तटवियुम्
व्याकुलम् कविचित्तम्।

जीवितमतिन्निटय्क्केन्तिनाणतिलावो
पाविटुन्नतीक्कूर्त्त सत्यत्तिन् तरिकळे ?
एत्रमेलिप्पटञ्ञालु मर्न्नुपोकुन्निल्लेन्न—
ल्लत्रमेलिव कटन्नकमे नोविय्क्कुन्नु।
मूटुक हृदयमे, मुग्धभावनकोण्टी
मूकवेदनकळे मुषु वन्—मुत्तावट्टे !

—१९४५

मोती

जीवन-सागर में
जब खारे आँसुओं से निर्मित महान् घटनाएँ
उमड़ती-गरजती हैं
तो धीर-साहसी कर्म-निरत हृदय
अपना रक्त स्वयं बहाते हैं
और उससे प्रवाल का निर्माण करते हैं।
छोटे राष्ट्रों को निगल-निगल कर
जो मोटे बन गये हैं बड़े राष्ट्र
उनकी चंचल ध्वजाओं में चोइण्टे
चमक रहे हैं।
जीवन-सागर सीमातीत है सब के लिए
किन्तु काल के लिए है वह मात्र चुल्लू भर ;
इस सागर की गहराइयों के किसी कोने में
शाश्वत शान्ति की खोज में
टटोलवाँ चला रहा है कवि-हृदय
स्वयं सीपी बनकर।

जाने क्यों जीवन बीच-बीच में चुभो रहा है
सत्य के नुकीले कण छुप जाते हैं जो गहरे
जितना ही छटपटाते हैं उन्हें निकालने को बाहर
घुसते जाते हैं उतने ही अधिक अन्दर बढ़ाते हैं दर्द।
हे मेरे हृदय,
इन मूक वेदनाओं को लपेट दो अपनी मुग्ध भावनाओं से
ताकि बन जायें वे सब की सब मोती।

—१९४५

सतीर्थ्य

उल्लसिक्कयाणन्ति
पोन्विरल्त्तुम्पालल्प-
फुल्लमाम् वेळिच्चत्तिन्-
मोट्टुरुत्ततुम् नोक्कि ।
नालु भागत्तुम् पच्च-
नेल्प्पाटमेन्तो चिन्ति-
च्चेलुमा रोमांचत्ताल्
सील्क्कारम् कोळ्केक्काट्ट्टल्,
तन्नुटे गृहत्तिन्टे
कोलायिल्तूणुम् चारि
निन्नु मट्ट्टोरु सन्ध्य-
पोले सौम्ययाम् राध ।

पोन्चिरकुरुम्मवे
मुम्पिलात्तैमाविन्टे
तुंचिल् वन्निरिप्पायी
रण्टिळम् मञ्ञक्किळि ।
पल्लवाधरपुटम्
विरय्क्के, मुट्ट्टत्तार्न्न
मुल्लतन् तरयिले-
य्क्कारोमल् आराल् नोक्कि !
क्षीणमाय् विळरिय
कविळत्तेतो हृद्य-
शोणमाम् स्मरणतन्
रेखकळुयरवे ।

सहपाठिनी

सन्ध्या उल्लसित हो रही थी
अपनी स्वर्णिम करांगुलियों से
अल्प स्फुटित प्रकाश की कलिका तोड़कर
उसे भर-दृष्टि देखती हुई
चारों ओर हरे-भरे खेत
न जाने क्या सोचकर
पुलकित हो रहे थे
और मन्द पवन में सीत्कार कर उठते थे।
तब सुन्दरी 'राधा'
अपने घर के बरामदे में
खम्भे पर पीठ टिकाये खड़ी थी,
दूसरी सन्ध्या के समान।

सामने
आम के छोटे-से पेड़ की डाली पर
सुनहले पंखों से परस्पर सटे-सटे
आ बैठा पीत पक्षियों का एक जोड़ा।
आँगन में
जूही के चबूतरे की ओर
पड़ी उसकी नज़र
काँप उठे
मृदुल अधर-पल्लव-पुट।
खिंच गयी
प्रक्षीण पाण्डुर कपोलों पर
किसी रसीली स्मृति की रेखाएँ।

मून्नुकोल्लत्तिन् मुन्पा–
णा, गस्टिन्नारंभत्तिल्
तन्नुटे सतीर्थ्यनाम्
प्रियदर्शनन् 'इन्दु',
पूनिलावोळि कोलुम्
तूवेळळक्खदरज्जुव्व
मेनियिल्च्चार्त्तिक्कोण्टु
यात्र चोदिप्पान् वन्नु।
आ मुट्ट्त्तते मुल्ल–
त्तर्मेल् कैकुत्तिक्को–
ण्टा, मट्टिलन्तित्तारम्
काण्केयेकनाय् निन्नु।

अन्नु तानिळम् चुण्टल्–
प्पतरुम् स्नेहम् कण्णिल्
निन्नु निर्गळिक्कवे,
हृत्तिनाल् पुणर्न्नालुम्,
तन् करङ्ङळे, वेम्पुम्
चुण्टिने, प्पल मुग्ध–
संकल्पम् कुतिप्पिक्कुम्
मारिने, व्वलाल् निर्त्ति,
मुल्ल तन्निल तेरु–
प्पिटिच्चु सनिश्वासम्
तेल्लकन्नार्द्रस्निग्ध–
भावयाय् निलक्कोण्टु।
आ मनोहरमाय
रंगवुम्, पात्रङ्ङळुम्
ओमलाळुटे मन–
स्सिप्पोषुम् वरय्क्कुन्नु;

तीन बरस पहले
अगस्त के आरम्भ में ही
आया था, सहपाठी 'इन्दु',
प्रियदर्शन।
चाँदनी सा शुभ्र-धवल
खद्दर का कुरता पहनकर
आया था वह
बिदा लेने के लिए।
हाँ, इसी आँगन में
इसी जूही के चबूतरे पर
हाथ टिकाये खड़ा था
देख रहा था उसे
यही सन्ध्या-तारा।

उस दिन
कोमल अधरों पर आतुर रहनेवाला प्यार
आँखों से प्रकट हो रहा था,
मन से तो उसे आलिंगन में कसती
किन्तु रोकती थी बरवस
अपने कमल-करों को
अपने आतुर-अक्षम अधर-पुटों को,
विविध कल्पनाओं से उद्वेलित उर को
जूही की पत्तियों को मसलती
वह सनिश्वास खड़ी थी थोड़ी दूर पर
आर्द्र-स्निग्ध भावों से पुलकित,
आज भी उस सुन्दरी का मन
चित्रित कर रहा है
वह सुन्दर दृश्य
और वे सुन्दर कथा-पात्र;

"पोणु वान्, स्वतंत्रमाम्
अंतरीक्षत्तिल्, पक्षे
काणु'मिन्दु'वे", ई वाक्कि–
प्पोषुम् मुषङ्ङुन्नू ;
मुल्ल तन् परिमळम्
पुणर्न्नेङ्ङो पोय
नल्ल काट्टिन्नुम् वन्नु
कोळ्मयिर्क्कु वितक्कुन्नू ।
एङ्ङने तट्टुक्कुमा–
क्कण्णुनीरोषुक्कवळ् ?
एङ्ङने तुटक्कुमा–
क्कविळिन् तुट्टुप्पवळ् ?
कम्पिकळ् मुरिञ्ञु पोल् ;
वण्टिकळ् मरिञ्ञु पोल् ;
तन् पिताविनुम् कूटि–
यतिनाल् मृति पट्टि ।
'इन्दु'विन्नतिल् पंकु
काणिल्ल, कळंकत्तिन्–
बिन्दुवा स्वभावत्ति–
लवळिल्लारोपिक्कान् ।

जेलिलेक्कवाटत्तिल् चेन्नटिक्कयाम् प्रेम–
शालिनिपुटे तुटिक्कुन्न मानसमिन्नुम् ;
चिरबद्धमामिण तन्नषिक्कूट्टिन् मीते
चिरकिट्टटिक्कुन्न कोच्चुतत्तयेप्पोले ।
एङ्ङने अटक्कुमानेट्टुवीर्प्पुकळ्, अवळ्
एङ्ङनेयमर्त्तुमाक्करळिन् तुटिप्पवळ् ?

—१९४३

"मैं जा रहा हूँ,
शायद देश के स्वातन्त्र्य-वातावरण में
देख सकोगी अपने 'इन्दु' को—"
गूँज रह हैं आज भी ये शब्द
जूही के परिमल का आश्लेष कर
कहीं दूर चला गया तरुण पवन फिर लौट आया है
और वही पुलक दे रहा है—
कैसे रोक पावेगी
वह अपने आँसू
कैसे मिटा पावेगी
अपने कपोलों की अरुणिमा !
सुनती है
कट गये हैं तार
उलट गयी हैं रेलगाड़ियाँ,
बन गये हैं पिता जी भी मृत्यु के शिकार
इस आन्दोलन में।
नहीं, उसमें हाथ नहीं होगा
अपने 'इन्दु' का !
नहीं, उसके चरित्र पर
कलंक के छींटे वह नहीं डाल सकती।

चिर-वद्ध संगी के पिंजरे पर
चिर-विकल हो पंख फड़फड़ानेवाली सारिका की भाँति
उस प्रेमशालिनी का धड़कता हुआ हृदय
कारागार के द्वारों से जा टकराया है—
कैसे वह रोक पावेगी आहें,
कैसे वह रोक पावेगी दिल की धड़कन !

—१९४३

अगस्त १९४२ के आन्दोलन पर आधारित कविता।

अषिमुखत्तु

'वंचि' यिलषिमुखत्तेत्ति ञान् ; समुद्रत्तिन्
नेंचिल् वानमर्त्तुन्न कट्टारिप्पिटिपोले

चोरयिल्प्पटिञ्ञारु चक्रवाळत्तिल्क्काणाम्
सूर्यबिंबत्तिन्नट्टम् ! नटुङ्ङत्तेरिक्कुन्नु !

सागरम् पिटयवे, वितुम्पि वितुम्पिक्को—
ण्टागमिच्चीटुम् नीलवेणि चूर्णियये स्नेहाल्

चालवे तटुक्कुवान् वेलप्पेण् नीट्टुम् कय्यु–
पोलता विलङ्ङ्ने विळरुम् मणल्क्कर ।

तन्नवरोधत्तिलेश्शपथम् जलरेख–
येन्नु मत्तटिच्चिट्ट नियताधिकारत्ते

पिन्नेयुम् परत्तुवान्, जनतारक्षक्कायि–
निन्न नीतियेत्तट्टिक्कटक्का, नारंभिक्के,

शूरनामोरु पेरुमाळे मुन्पी नाटिन्टे
धीरमाम् सिरारक्तम् तिळक्कुमेतो हस्तम्

कुत्तिय कथयिले वीरसंभवम् कोण्टु
तीर्त्त नाटकम् नटिप्पिक्कयल्लल्ली विश्वम् ?

हा ! सहिच्चिरुन्नील पूर्वकेरळम्, स्वेच्छा–
दासमाम् चेकोलिन्टे दृप्तमाम् निषल् पोलुम् ।

नदी-समुद्र संगम पर

मैं पहुँचा
दूर पश्चिमी क्षितिज पर स्थित वंचि[1] के
नदी-समुद्र संगम पर।
सूर्य बिम्ब की नोक,
समुद्र की छाती में भोंकी गयी कटार की मूँठ सी लग रही थी ;
लहू में लथ-पथ भय-स्तब्ध तड़प रहा था समुद्र।
और रोती-कलपती आ रही थी नील-वेणी चूर्णी[2]
जिसे स्नेहपूर्वक रोकने के लिए
बढ़ आयी उसकी सखी सागर-तट-रेखा
अपना तिरछा, पांडुर सैकत-कर फैलाये।

जिसने अपने अभिषेक के समय की प्रतिज्ञा को
जाना मात्र जल-धारा, और, जिसने उन्मत्त हो कर
अपने अधिकार की सीमा-रेखा को करना चाहा विस्तृत,
जिसने चाहा जनता की रक्षार्थ निर्मित नीति को नष्ट करना,
उस सूरमा पेरुमालु[3] की छाती में कटार भोंकने के लिए
बढ़ आया था एक हाथ जिसमें उबल रहा था
मेरे केरल का पौरुषमय रक्त।
क्या यह सन्ध्या उन वीरतापूर्ण घटनाओं पर आधारित
नाटक का अभिनय तो नहीं कर रही है?
हाय, प्राचीन केरल जो
स्वेच्छाचारी शासन की दर्प-पूर्ण छाया तक
नहीं सह सकता था,

---

१. वंचि—अर्थात् 'तिरुवंचिक्कुलम्'—प्राचीन केरल के शासक चेर सम्राटों की राजधानी, जिसका संक्षिप्त नाम 'वंचि' है।
२. चूर्णी—केरल की प्रसिद्ध नदी जिसका दूसरा नाम है, पेरियार।
३. पेरुमालु—चेर राजवंश का अन्तिम राजा।

रंगमेङ्ङने मारि ? जनतातन्नत्तिन्टे
मंगळ मणित्तोट्टिलिन्नतिन् शवक्कट्टिल् !

मिन्निट्टुम् मुत्तिन् पट्टुम् नेट्टिट्टमेलणिञ्ञन्ति–
प्पोन्निळम् तुट्टुप्पुट्टुप्पार्न्नेपुम् तिरकळे,

सागरराजाविन्टे युपहारवुम् चुम–
न्नागमिच्चिरुन्नवराय मोहिनिकळे,

ञेट्टिनिल्क्कुवतेन्तु, पण्टत्ते 'महोदय—
पट्टण' मिताम् ; मुखम् कुनिप्पिन्, विलपिप्पिन् !

पोयि केरळम्, मून्नु मुरियायोटिञ्ञ वि–
ल्लायि ; संस्कारत्तिन् ञाणपञ्ञु किटक्कुन्नु ।

एतु कय्यिनियितिन् मुरि कूट्टीटुम् ? ञाणिन्
मेदुर मधुरमाम् रवमेन्निनिक्केळ्क्कुम् ?

आरितिलिनि महाजनशक्तितन्निच्छा–
कारियाम् समुज्ज्वल कर्मत्तेत्तोटुक्कुवान् ?

पोवुकक्कथ ; किनाविन्टे पोन्कसविट्ट
पावु नेय्तालिन्नत्ते नग्नत मरय्क्कामो ?

तेल्लु दूरत्ताय् नीलप्पट्टिन्मेलोरो पच्च–
क्कल्लुपोल्तुरुत्तुकळ् कायलिल्क्काणाकुन्नु ।

अळियुम् चकिरियिल् निन्नु कांचनक्कम्पि
विळयिच्चीटम् नित्य निस्वराणतिलोक्के ।

अवर्, तन् ञरम्पिले मज्जयुम् कूटिक्कार्न्नु
शवमाक्कुन्नू दीन केरळश्रीये क्षामम् ।

उसका दृश्य आज कितना बदल गया है !
जन-तंत्र के लिए जो मंगल-मणिमय पालना था
आज वही उसका शव-मंच बन गया है !
संध्या के सुनहरी सिंदूरी रंग में डूबी
डाल कर माथे पर उज्ज्वल मोतियों की लड़ी
हे मनमोहिनी लहरियो,
तुम पहले यहाँ आया करती थीं
सागर-राजा के लिए उपहार ले कर
आज इस तरह ठिठक कर क्यों खड़ी हो ?
यही है प्राचीन महोदय नगर
शीश नवाओ, आँसू बहाओ।

वह केरल तो नष्ट हो गया,
उस चाप के तीन टुकड़े हो गये,
धनुष की प्रत्यंचा ढीली पड़ गयी,
अब, हाय, कौन इसे अक्षत रखेगा
किस दिन सुनायी पड़ेगी इसकी प्रत्यंचा की मन्द्र मधुर टंकार ?
कौन इस पर संधानेगा
मानव शान्ति का उज्ज्वल अमोघ कर्म ?
जाने दें, वह कहानी,
यदि मैं बुनूँ सपनों के सुनहले ताने-बाने
तो क्या ढँक सकूँगा आज की नग्नता को ?
थोड़ी ही दूर पर जल-वितान पर
दिखायी देते हैं कई छोटे-छोटे द्वीप—
नीली मखमल पर रखे हरित मरकत-से सुन्दर
उनमें रहते हैं निपट अकिंचन जन
जो नारियल के सड़े हुए छिलकों के रेशों से
बनाते हैं सोने के तार,
किन्तु स्वयं उनकी शिराओं की मज्जा तक को
कुतर-कुतर कर खा जाता है अकाल
बनाता है केरल-श्री को केवल शव।

काट्टिनाल् वेळ्ळप्पायप्पळ्ळ वीर्तात्तोल्लासम्
नीटि्ट्लाञ्अलञ्आटिक्कळिक्कुम् पल कप्पल्,
मुन्पु सागरजात वाणिज्यश्रीतन् वेळ्ळ–
क्कोम्पनानकळ् पोले कूत्ताटुमिटङ्ङळिल्,
नालंचु मीनिन्नायि मुङ्ङियुम् पलप्पोषुम्
आलस्यत्तोटे वेरुम् वयराय् पोङ्ङिप्पोन्नुम्,
अङ्ङिङ्ङ्ङाय् चिल चीनवल तन् कोलम् मात्रम्
मङ्ङि निल्पतु काणाम् परुन्तिन् मेलनोट्टत्तिल् !
कोच्चु तोणियिल् प्पटि्ट्, च्चूण्टलिल् मात्रम् कण्णु
वेच्चु कोण्टनङ्ङाते चट्टित्तोप्पियुमायि
मेवुमिक्किटात्तन्मार्, तन् पूर्वरी नाटिन्टे
भावुकम् पुलर्त्तिय नाविकत्तलवन्मार् !
लीलयिल् मातािवन्टे मटियिल् क्कुमारन्मार्
पोललक्कटलिलुम् कायलिन् नटुविलुम्
तिर तन् चेवि पिटिच्चाटिच्चु दुस्सामर्थ्यम्
तिरळुम् कोटक्कोटुंकाट्ट्टु वन्नेतिर्तालुम्,
ओटिये मरिक्कुमेन्नार्तालुम्, वंचिप्पाट्टु
पाटियुम्, कुलुङ्ङाते, चिरिच्चुम् रसिच्चवर् !
अवरिल् कोण्टुकाटि्ट्न् साहसम्, समुद्रत्ति–
न्नवसानमिल्लात्त गांभीर्यम् रण्टुम् कण्टु ;
केरळत्तिनु मरन्नीटुवान् वय्याद्धीर–
धीररेत्तिरक्काद्यम् कटिञ्ञाणेरिञ्ञोरे !

फेनिल जलधियें नोक्कि आ ;—नतिन् पोय
जीनियुम् कटिञ्ञाणु मेन्नु नामिनि नेटुम् ?
एन्नु नम्मुटेयाणेन्नभिमानत्ताल् जृंभि–

पहले जहाँ जल-विहार करते थे
वायु-फूले श्वेत-पालोदर अनेक यान—
समुद्र से उत्पन्न वाणिज्य-लक्ष्मी के सुन्दर गजराज जैसे—
वहाँ आज दिखायी देते हैं केवल कुछ फीके जाल
खाली पेट जो आलसपूर्वक डुबकी लगाते हैं और ले आते हैं
दो-चार मछलियाँ, चीलों की निगरानी में।
चपटी टोपी पहने बैठे हैं निश्चल छोटी-छोटी नावों में
कुछ बालक अपने काँटों पर नज़र गड़ाये,
इनके पूर्वज ही थे नाविक नेता,
इस देश के सौभाग्य विधाता।
वे समुद्रों और पृष्ठभूमि के जल-वितानों पर
उछलती तरंगों के कान पकड़ कर
उन्हें नचाते थे।
चाहे कैसा ही उग्र बरसाती तूफान आ कर लड़े
और उनकी नावों को उलट देने की चुनौती दे,
तब भी इस सागर की गोद में
वे रहते थे अचञ्चल
गाते थे नौका-गीत, करते थे हास-परिहास
जैसे माँ की गोद में खेलता है लीला-लोलुप बालक!
उनमें मैंने देखा था
आँधी का साहस और सागर का अनन्त गांभीर्य।
कैसे भूल पायेगा केरल उन वीरों को
जिन्होंने पहले-पहल उद्धत तरंग-तुरंगों को
लगाम लगायी।

मैंने दौड़ायी दृष्टि फेनिल सागर की ओर
उसकी खोई हुई लगाम और जीन
हम पायेंगे किस दिन?
'यह हमारा है'—
इस स्वतंत्रता-बोध के गौरव से पुलकित,

क्कुन्नोरी वितानत्तिल् केरळ वाणिज्यश्री

तन्नुटे युरुक्कळेयिच्छपोल् मेयान् विट्टु–
निन्नु निर्भयम् नुरप्पूविरुत्ताटिप्पाटुम् ?

एन्नु नम्मुटयाय नाटु काक्कुवान् दूरे–
च्चेन्निरम्पीटुम् तोक्किन् कुरयाल् परन्मारे

ओत्तु ञेट्टिच्चुम् कोण्टु नम्मुटे पटक्कप्पल्–
तन् निर कुतिच्चोटिक्कटलिल् चुर मान्तुम् ?

हा, वरुम्, वरुम् नूनमाह्निन ; मेन् नाटिन्टे–
पावन पताककळ् कटलिल् तत्तिप्पारुम् ;

हा वरुम्, वरुम् नून माह्निन ; मेन् नाटिन्टे
नावनङ्ङियाल् लोकम् श्रद्धिक्कुम् कालम् वरुम् ।

ई विचारत्तिन् मीते विरियान् निजोष्मळ–
भावन चुरुक्किक्कोण्टेन् मनमिरिक्कवे,

अन्तियिल् महादेव क्षेत्रत्तिल् निन्नुम् काट्टिल्
नीन्ति वन्नीटुम् क्षीणक्षीणमाम् शंखारावम्,

चेरयुमेलिकळुम् तङ्ङळिल्क्कलहिक्कुम्
चेरमान् परम्पिन्टे नीण्ट रोदनम् पोले,

अम्पलम्, पल पळ्ळि, तेङ्ङिन्तोप्पुकळ्, कायल्–
तन् परप्पिवकळेयोकके विह्वलमाक्कि,

विलयिक्कयाय् वानिलेन्टेयात्माविल्, शान्त––
निलयेस्सहिक्कात्तोरन्तिकसमुद्रत्तिल् ।

केरल की वाणिज्य-लक्ष्मी
किस दिन छोड़ेगी अपनी नौकाओं को
जल-वितान पर स्वच्छंद विचरण के लिए
और किस दिन निर्मम हो कर तोड़ेगी
फेनों के कुसुम ?
गा-गा कर नाचेगी किस दिन ?
कब हमारे लड़ाकू जहाज़
देश की रक्षा के लिए तैनात,
विदूर देश में जाकर, अपनी तोपों की गरज से
दुश्मनों को चौंकाते हुए
उछलते-कूदते दिखायी देंगे, और
जल-वितान को चीरते हुए आगे बढ़ेंगे ?

हाँ, आयेगा, अवश्य आयेगा वह दिन
जब मेरे देश की पावन-पताका
फहरेगी सातों समुद्रों के ऊपर ;
हाँ, आयेगा, अवश्य आयेगा वह दिन
जब मेरे देश की वाणी संसार आदर से सुनेगा।
अपनी भावनाओं को समेट कर,
इस विचार पर सेंक-सेंक कर
मैं उन्हें ऊष्मल कर रहा था, तभी
महादेव के मन्दिर से, हवा पर तैरता
आने लगा सन्ध्याकालीन प्रक्षीण शंखनाद—
यह था मानों चेर राजधानी का रुदन-स्वर
जहाँ आज साँप-चूहों-सी लड़ाई-भिड़ाई चलती है ;
मन्दिर-मस्जिद, गिरजे और
नारियल के बगीचों को विह्वल करता हुआ
वह स्वर विलीन हो गया—
गगन में, मेरी आत्मा में
और समीपवर्ती अदान्त सागर में।

तल पोक्कि ञान् नोक्कियाराणानीलच्चीन--
वल केट्टि निल्कुन्नतीयपारतयिकल् ?

मुकळिल्त्तिळङ्ङुन्नू वषुतित्तत्तिप्पोय
पकलिन् चितम्पलिन् वेण्नुरुक्ककडिङ्ङङ्ङायि ।

दूरेयाक्किषक्केषुम् कुन्निन्टे मेलट्टत्तु
नारेतिर् निरकतिरान्नोरम्पिळि मिन्नी

तुंगमाम् निर्पर वेन्चतिन् मेल्भागत्तु
मंगळम् वळर्त्तुन्न तेङ्ङिन् पूक्कुलपोले ।

—१९४२

सिर उठा कर
देखा मैंने ऊपर—
कौन खड़ा है यह इस अपारता में
अपना नीला जाल फैलाये ?
ऊपर चमकते दिखायी दे रहे थे,
श्वेत-खण्ड छोटे-छोटे
दिवस के चोइंटे से
जो खिसक बच निकले थे !
दूर,
पूर्व की पहाड़ी के ऊपर
धवल रम्य किरणोज्ज्वल चन्द्रमा
चमक रहा था,
जैसे धान के मापक़-भांड पर धरी हो
नारियल की मांगलिक मंजरी !

—१९४२

शवप्पेट्टि

कोच्चुतारकङ्ङ्ळे !

नूल्क्कुविन् इरुट्टिन्टे

मञ्चिलाकिलुम् निङ्ङळ्

आत्मीयप्रकाशत्ते !

नेरियोरिषकळाल्

नेय्युविन् स्तंभिप्पिच्चु

पारिटम् वाष्वोरल्लि—

न्नन्तिमावरणत्ते !

मन्निने ञेरुक्कीटुम्

इरुळिन गळम् कोय्यान्

उन्निय भास्वच्चक्रम्

इळकुम् करम् पोक्कि,

तञ्चिरविरोधि तन्

नेञ्चिलूटवे, तुळ्ळुम्

कुञ्चिरोममान्नोरा

चुवप्पन् कुतिरये,

वेम्पिटुमतिन् रश्मि

वेट्टिटच्चु विट्टुम्कोण्टु

मुम्पिल् वन्नेत्तिप्पोयि

विश्वजेतावाम् नाळे' !

पूवुकळ् वितरुविन् आत्मजीवितत्ताला—

भावुकप्रदातावु वरुमा मार्गङ्ङळिल् !

पिञ्चुमोट्टुकळिता क्रूरमामिरुळ्, नेञ्चिल्

तञ्चुवटमर्त्ति निन्नाकिलुमुणर्न्नल्लो ।

शव-पेटिका

नन्हे-नन्हे तारों !
कातते रहो सूत आत्मीय प्रकाश का,
भले ही रहो तुम
अन्धकार की छत पर !
कातते जाओ महीन धागों से
अन्तिम आवरण, क़फ़न, अन्धकार का
जिसने किया है स्तब्ध जग को
करता है उस पर शासन ।
सम्मुख पहुँचा है जग-जयी नूतन प्रभात
भास्वर रश्मियों का चक्र हाथ में उठाये
विश्व को दबोचनेवाले अन्धकार का
गला काटने के लिए
चंचल अयालों वाले लाल घोड़ों की
रास को ढीला कर
अपने चिरन्तन विरोधी की छाती पर से
सरपट दौड़ता हुआ ।

विखेर दो फूल
उस मंगलदायी के मार्ग पर !
जाग उठी हैं नन्हीं कलिकाएँ
यद्यपि क्रूर अन्धकार खड़ा है उनकी छाती पर पाँव जमाये ।

पातिरय्क्कूक्कन् कूक्कॅम्—
वलियिल्, तनिक्केलुम्
एतिलुम् वलियताम्
शक्तिये ग्रहिक्काते
वन्कटल् विरिमारिल्
वाणमुक्कीट्टुम् अल्लु
तन् कष्लेतिक्कॅति
चुम्बिच्चु किटन्नालुम्
नवमाम् स्वातंत्र्यत्तिन्
स्वच्छन्दगानम् मूळुम्
पवमाननेकुन्नो—
रुल्क्कटावेशत्तोटे
पोन्तिट्टुम् तिरकळे—
च्चुरुट्टियात्तीट्टर्प्पं—
मेन्तिन मलिननाम्
रिपुवोटेतिर्त्तल्लो ।
मृतनामिरुट्टिने
मूटुवान् शवप्पेट्टि—
क्कुतकुम् नीलप्पट्टु,
पुल्लुकळ् निवर्त्तट्टे !
इरुळिन् पुरोहित—
रुलयुम् करुप्पुट्टु—
प्पियलुम् वव्वालुकळ्
चेय्यट्टे शवकर्मम् !
जातकौतुकम् ताष्त्ति
मूटणम् इरुळिने
प्रेतवुम् कूटिप्पुर—
त्तलयानणयाते !
नूरुनूरिळुकळ् वाणाताकिलुमेन्ता
नूरुनूरिरुळिनुम् पारोट्टश्शवप्पेट्टि !

—१९४५

कैसा है यह सागर
आधी रात की वेला में खुर्राटे भर कर सोनेवाला—
विसार कर अपनी अप्रमेय शक्ति
चूम रहा था उस अंधकार के चरण
जो चढ़ा बैठा था इसकी छाती पर।
किन्तु, सागर जब उद्यत हो गया है
अपने दर्प पूर्ण शत्रु से जूझने के लिए,
उत्तुंग तरंगों की मुट्ठी बाँधकर
तब स्वातंत्र्य गीतों को
गुनगुनानेवाले पवन की ओर से
उत्कट उत्तेजना पाई है उसने।
तृणदलो,
बिछा दो काला रेशमी क़फ़न
मृत अन्धकार की शव-पेटिका को
समुचित ढँकने के लिए।
लहराता हुआ काला चोगा पहननेवाले
ये चमगादड़ पुरोहित
सम्पन्न कर दें अन्त्येष्टि कर्म;
दफ़ना दें इसे इतने गहरे
कि उसका प्रेत भी
फिर कहीं मँडराने न पाये।

राज किया है सौ-सौ अंधकारों ने इस धरा पर
पर सौ-सौ अंधकारों के लिए यह धरती है
एक ही शव-पेटिका।

—१९४५

भारतसन्देशम्

आवु ! सोदरि, चीने
　　　　नी स्वतंत्रयायल्लो;
भावुकमाशंसिप्पू
　　　　निन्टे तोषियामिन्त्य ।
चेतन वेरुतेया–
　　　　यिल्ल तिन्नता तीव्र—
यातन ; नुकम् तट्टि
　　　　नीक्कुवान् कषिञ्ञल्लो ।

चोरयिल्क्कुळिच्चालुम्
　　　　कण्णुनीर् कुटिच्चालुम्,
घोरमाम् एट्टाण्टेट्टु
　　　　युगमाय्क्कषिच्चालुम्,
सारमिल्लवयोन्नुम् ;
　　　　नम्मुटेयात्माविन्नु
पारतंत्र्यत्तिन् बाध
　　　　भीतिदार्बुदमत्रे ।
चीञ्ञुपोम् चिन्ताशक्ति—
　　　　यळियुम् स्वसंस्कारम्
माञ्ञुपोमात्मारोग्यम्—
　　　　मृत्युवाणतिल् भेदम् ।
नीण्टोरा शस्त्रक्रिय
　　　　नी सहिच्चीलेन्नाकिल्
वीण्टुमीयात्मीयमाम्
　　　　सौभाग्यम् लभियक्कुमो ?

भारत सन्देश !

हाय ! बहन, चीन !
तुम तो स्वतन्त्र हो गयीं
मैं तुम्हारी सखी
मंगल कामना करती हूँ !
जिस तीव्र यातना को
तुम्हारी चेतना पी गयी, वह व्यर्थ नहीं हुई;
तुम अपने गले का
जुआ हटाने में समर्थ हुई ।

लहू में नहा उठीं,
आँसू पी गयी
आठ भयानक वर्षों को
तुमने एक पूरे युग की तरह विताया,
कोई चिन्ता नहीं—
हमारी अन्तश्चेतना को पराभूत करनेवाली
परतन्त्रता ही भयानक अर्बुद-व्याधि है !
इसके कारण
चिन्तन की शक्ति हत होती है
संस्कृति सड़ जाती है
आत्मा का चैतन्य नष्ट हो जाता है,
इससे तो मृत्यु कहीं स्पृहणीय है ।
अगर तू
न सहती, यह लम्बा शल्य प्रयोग
तो क्या कर पाती यह आत्मीय सौभाग्य प्राप्त ?

चङङलयषिञ्ञप्पोळ्
निन्नात्मावाकाशत्तिल्
एङङनेयेल्लाम् चेय्ती—
लानन्दनृत्तम् तोषी ?
एङङनेयेल्लाम् दिव्य—
स्वातंत्र्याह्लादम् पोङिङ—
यङङलक्कटलिलुम्
कुन्निलुम् मुषङ्ङील ?

नीळुवान् विरोधमि—
ल्लात्तोराक्कैयाल् स्नेह—
माळुमीस्सहजये—
योन्नु पुल्कुक गाढम् ।
कोळ्मयिक्कोंण्टीटट्टे
निन्स्वतंत्रांगस्पर्शाल्
मामकांगकमटि—
तोट्टये ! मुटियोळम् ।
हिमवल्प्पार्श्वत्तिंकल्
ओन्नु नी चेवियोर्त्ताल्
मम मानसम् तुटि—
क्कुन्नतु केळ्क्काम् भद्रे !

मट्टु राज्यत्तिन् श्मशा—
नत्तिन्मेलानन्दाश्रु
विट्टु वीषिप्पोरल्ल
नम्मळेन्निरून्नालुम्,
नामरिञ्ञीलाज्जप्पा—
नात्महत्यय्क्काय् प्यूजि—
यामयिल्क्केरुम् मूढ—
कामुकन्मारेप्पोले,

जब तुम्हारी जंज़ीरें खुलीं,
तो हे सखि,
तुम्हारी आत्मा किस उल्लास से
आकाश पर नृत्य करने लगी !
स्वतन्त्रता का दिव्य आह्लाद
सागर में, शैल में
कहाँ कहाँ न गूँज उठा ?

जब तुम अपने स्वतन्त्र करों से
करो गाढ़ आलिंगन
अपनी इस बहन का !
तुम्हारे स्वाधीन शरीर के स्पर्श से
पुलकित हो जाये मेरा शरीर
नख-शिख पर्यन्त !
भद्रे !
अगर तुम हिमालय के पार्श्व में जाकर
कान लगाओगी
तो अवश्य मेरे मानस का स्पन्दन
सुन सकोगी ।

हम दोनों
अन्य राज्यों की चिता पर
आनन्द के आँसू नहीं बहातीं,
मगर, हमने नहीं सोचा था
कि यह जापान
आत्महत्या के लिए
'फ्यूजियामा' पर चढ़नेवाले
मूढ़ प्रेमियों की भाँति

तामसस्वभावयाय्
मुन्पिले पोम् साम्राज्य—
कामनयोटे दुरा—
रोहमाम् पदम् पूकि,
ई विधम्, ओरु गति
वेर् यिल्लाते, स्वीय—
जीवितम् लावाद्वार—
त्तिकल् वीष् त्तिट्टुमेन्नाय् !

प्राचि तन् रक्षय्क्कायि—
क्कुलच्च विल्लाणेन्नु
हा ! चिरम् भाविच्चोरा—
वक्रविक्रमक्रूरन्
पषुते मेय्यिल् प्पट्टुम्
रक्तदाहियाम् विल्लन्—
पुषुवाय् सहोदरि,
निन्टे मेल्क्काणप्पेट्टु !
चोरये, क्कण्णीरिने,
वेर्प्पिनेक्कूटि, स्वीया—
हारमाक्किया क्रौर्य—
मिषञ्ञ पाटोरोन्नुम्
दूरेयुमटिकेयु—
मार्न्न सोदरिमार् तन्
दूनदर्शनसाधु—
चरितत्तिन्मेल्क्काण्के,
एङ्ङने मिषि कल—
ङ्ङाते नोक्कुन्नू नम्मळ्,
एङ्ङने शापोक्तिये—
च्चुण्टिल् वेच्चरय्क्कुन्नु ?

अपने जीवन को
ज्वालामुखी के मुँह में झोंक देगा,
तामसी साम्राज्य कामना के
कन्धे पर चढ़,
गतिहीन बनकर।

प्राची की रक्षा के लिए
सज्जित धनुष का
स्वाँग रचनेवाला
वह क्रूर कुटिल विक्रम
दिखाई पड़ता था
हाय, वहन,
तुम्हारे शरीर पर
धनुषाकार रक्तमोही कीड़े-सा !
शोणित, आँसू और पसीना
सबको
अपना आहार बना डालनेवाले
इस कीड़े के रेंगने का निशान
दूर समीपवर्ती सभी सहेलियों की
दुःख भरी
पावन गाथा पर दिखाई देता है,
तब हम कैसे
देख सकते हैं अकलुषित नयनों से ?
और कैसे दबा सकते हैं
शाप वचनों को होठों में ?

नोवुमक्कथ सखि,

निन्टे हृत्तटम् विट्टु

पोवुक, रिपुविनुम्

नन्म नेरुक नम्मळ् !

पावनसुदिनमा—

णिन्नेनि, क्केन् सम्पत्तुम्

जीवनुमोरुवना,

णेन्टे 'मोहनदासन्' !

इन्नु, तज्जन्मर्षत्तिल् ,

'शान्ति ! शाश्वतशान्ति' !

एन्नु आनवर्त्तिप्पू

पारिन्नु मल्स्सन्देशम् ।

संगरव्रणितमाम्

सर्वराज्यत्तिन्टेयु—

मंगतिल् स्नेहम् पुर—

ट्टीट्टुवान् कषिञ्ञेंकिल् ;

मानवन् यन्त्रत्तिन्टे,

निर्मातावाकाम् ; यंत्र—

मावरुतवन्; स्वयम्

तीर्त्त यान्त्रिकशक्ति

इन्नु मानवात्माविन्

मारिल् निन्नलरुन्नि; —

तोन्नुयर्त्तुवान् कषि—

ञ्ञेङ्किला मनुष्यत्वम् !

पुरदाहकमाय

रौद्रनेत्रमाणोरो

परमाणुवुम्; आक्क—

ण्णेन्नालुम् तुरक्काते

हे सखि,
जाने दो वह वेदना भरी कहानी
करें हम
शत्रुओं की भी मंगलकामना।

आज का यह दिन
मेरे लिए पुण्यमय है,
मेरा धन है और मेरा प्राण है—
मोहनदास,
आज उसके जन्मदिन पर
मैं दुहरा-दुहराकर संसार को
अपना यह सन्देह दे रही हूँ :
"शान्ति ! शाश्वत शान्ति !"

काश !
मैं लड़ाई के घावों से भरे
सारे देशों के शरीर पर
प्यार का मरहम लगा पाती !
मानव जो बना था यन्त्रों का निर्माता,
वही अब बन गया है स्वयं यंत्र।
आज वह यंत्र शक्ति
जिसका निर्माण मानव ने किया,
मानव की ही छाती पर
खड़ी होकर गरज रही है।
काश !
उस अपदस्थ मनुजता को
मैं उठा पाती !
प्रत्येक परमाणु है
पुरदाहक रुद्र नयन;
मगर उस नयन को खोलने नहीं देती

अनुकम्पयाल् वाण

विश्वशक्ति तन्मुन्पिल्

मनुजन् कुनियुक्कात्त

तन्तल कुनिच्चेंकिल् !

भूविलेङ्ङुमे विट—

र्न्नेकिल् निर्मलात्मीय—

जीवितम् स्वातंत्र्यत्ति—

न्नुज्वलप्रकाशत्तिल् !

अल्ल, मत्सरमल्ल

जीवितम् यज्ञम्ताने—

न्नुल्लसिच्चखिलरुम्

कर्ममाचरिच्चेङ्किल् !

इल्ल मट्ट्ारु चिन्त—

यी महादिनत्तिकल्

"नल्लतु चराचर—

ङ्ङेळ्क्केल्लाम् भवियुक्कट्टे !"

अन्तियुम् 'जयन्ति'यिल्—

प्पंकुकोळ्ळन्नु कैयिल्

एन्तिय वेळ्ळित्तार—

त्तक्किळमेल् वेण्नूल् चुट्ट्

मामकस्वातंत्र्यत्ते—

ज्जीवितचक्रत्तिन्मेल्

आमन्दम् नूट्टुम् कोण्टु

मेवुमेन् मकन् वाष्क !

सोदरि ! पराधीन,

खिन्न, ञान् श्वसियुक्कुन्न

मोदवुम् स्वातंत्र्यवुम्,

मोहनन् श्वसियुक्कुम्पोळ् !

—१९४४

करुणामयी विश्वशक्ति;
काश ! मानव उसके सामने
अपना उद्धत शीश नवा देता !
काश !
स्वतन्त्रता के उज्ज्वल प्रकाश में
निर्मल आत्मीय जीवन
सारे संसार में
विकस्वर हो पाता !
जीवन निरी स्पर्धा नहीं,
यह है पावन यज्ञ ।
इसी भावना के साथ
सभी लोग कर्माचरण करते
कितना अच्छा होता !
आज के मंगलमय दिन
अन्य कोई भावना नहीं—
"मंगल हो सारे चराचरों का ।"

लो,
रजत तारे की तकली पर
सूत कातती हुई सन्ध्या भी
इस जयन्ती में भाग ले रही है ।
मेरी स्वतन्त्रता के सूत को
अपने जीवन के चरखे पर
निरलस होकर कातनेवाले
मेरे वेटे की जय हो !
हे वहन,
मैं पराधीन हूँ, खिन्न हूँ,
लेकिन
मेरा मोहन जव साँस लेता है तो
मैं भी स्वतन्त्रता और आनन्द की साँसें लेती हूँ ।

—१९४४

कल्क्करियुटे काव्यम्

मदपरिपाटलम् लालसिय्क्कुम्
सुदतितन् गण्डतलमुरुम्मि,
ओरु वेळिच्चत्तिन्टे कट्टपोले—
युरुळुमा लोलाक्किन् वैरमोति,
अकलेक्किटक्कुन्न कल्क्करिये—
प्पुकयुटे कुञ्ञिनेप्पोल्क्करुति :

"चिरि वरुम्; शास्त्रज्ञरज्ञनेन्नाय्
परिहसिय्क्कट्टे, सहिच्चुकोळ्ळाम् ।
इरुळिन्टे कट्टयिक्कल्क्करि, आ—
नरिय वेळिच्चत्तिन् पुंचिरियुम् ।
उलयिल्क्किटन्नु ती तिन्नु चावा—
नुलकिल्प्परन्नोरी दुर्भगनुम्,
चिल मकुटङ्ङळ् दर्प्पमायि
विलसुवान् पोन्नोरुमोन्नुपोलुम् !
विमलयाम् कण्णाटितन् करळिन्—
शमवुम् मरविच्च धीरतयुम्,
चिरिपुरण्टोरेन्टे चुण्टु कोण्टाल्—
त्तरियावु; मेन्टे सौभाग्यमोर्प्पू !"

कोयले का आदि-काव्य

सुन्दरी के
मदारुण मनहर कपोल से सट कर
झूलनेवाला झुमके का चमकदार हीरा, प्रकाश-कण-सा,
दूर पड़े हुए कोयले को
धुएँ का बच्चा समझ कर
बोला :

"हँसी आती है मुझे,
हो सकता है वैज्ञानिक मुझे अज्ञ समझें,
मेरा उपहास करें,
मैं उसे सहने को तैयार हूँ ;
लेकिन, सत्य तो यही है कि
यह है कोयला—
अन्धकार का टुकड़ा—
और मैं हूँ प्रकाश की मधुर मुस्कान।
यह दुर्भग,
पैदा हुआ है चूल्हे की चिता में
जल-जल कर मरने के लिए,
और हम जन्मे हैं दुर्लभ राज-मुकुटों को सजाने के लिए !
कैसे सत्य हो सकता है यह
कि हम दोनों एक हैं ?
विमल दर्पण के अन्तरंग की
निष्प्राण शान्ति और जड़वती धीरता
चूर-चूर हो जाती है मेरे सुस्मित अधरों का स्पर्श पाते ही ;
सोचता हूँ,
मैं कितना सौभाग्यशाली हूँ।"

"मति परिहासम् ! तुट्टुम्कविळिन्—
द्युति मुकर्न्नाटुन्न भाग्यवाने !

कुनुकुन्तळत्तिन् निष़लु पटि़्ट़,
ननुननेप्पोऴ्ङुम् वियार्प्पिल् मुङ्ङि,
अरुळुमङ्ङुन्नीयवनितन्ट़ —
योरु वेरुम् वेर्प्पिन्कणिकमात्रम् ।

धरणितन् गर्भत्तिन् चूटरिञ्ञे,—
नरचन्मुर्टियिलिरियक्कानल्ल;
ललनमाऱ्तन् कविळोट्टुरुम्मि—
यलसमाय् मेळिप्पतिन्नुमल्ल ।

पेरिय मण्पुटि़्टन्नकत्तिरुन्नु
चिरतपम् चेय्त किरातनिल्ले,
वरकवि वाल्मीकि ?—या महानी—
ब्भरतराज्यत्तिन्टे जीवितत्ते,

निरुपमदीप्तियुम् चूटुमेकि—
स्सुरुचिरमाक्किनान् तन्महस्साल् ।
ओरु काटनायिप्पिऱन्नवन् आ,—
नोरुपाटु मण्णिल्त्तपिच्चवन् आन्—

अनवधि लोहमलिच्चलिञ्चि—
ट्टनघमाकुम् मषि आनोरुक्कि,
अनलन्टे नाळमाम् तूवलाले
जनततन्नाह्लादशक्तिकळक्काय्

नरनवसंस्कारवीरकाव्यम्
करुणरौद्रादिरसम् कलर्त्ति,
विविधयन्त्रत्तिन् वटिवेषुन्न,
विशदलिपिकळिल् आन् पकर्त्ति ।

अनुकरियक्कुन्नु आनामहाने;—
यनुकम्प्यनाणु नी भाग्यवाने !"

"वन्द करो यह परिहास,
अरुण कपोलों की मनोहारिता को
चूम-चूम कर झूमनेवाले हे भाग्यवान !
तुम हो मिट्टी के पसीने की बूंद
तरल अलकों की छाया में
रह कर झलकनेवाले,
किन्तु मैं हूँ वह, जिसने जानी है धरती के गर्भ की गर्मी
इसलिए नहीं कि राजाओं के सिर पर विराजूं
या ललनाओं के कपोलों का स्पर्श करूँ
अलस विलास भाव से।
याद है वह किरात,
जिसने ऊँची बाँबी के भीतर बैठ
तपस्या की थी——
कविवर वाल्मीकि—?
उस महात्मा ने ही दिया था
इस भरतराज्य के जीवन को
अपनी तपस्या का अतुल तेज और ऊष्मा,
वनाया था उसे अत्यन्त सुन्दर।
मैं जंगली हूँ वन में जन्मा हूँ,
जंगली धरती के भीतर बहुत दिनों तक तपा हूँ,
अनेक धातुओं के घोल से
मैंने यह अमल मसि तैयार की है ;
मैं अंकित कर रहा हूँ अग्नि-ज्वाला की कूंची से
विविध यन्त्रों की विशद लिपियों में
मानव की नव्य संस्कृति का
वीर काव्य—
करुण रौद्रादि रसमय,
जनता के आनन्द
और उसके अन्तरंग का वल वढ़ाने के लिए।
इस तरह मैं अनुकरण करता हूँ
उस महात्मा कवि का।
हे भाग्यशाली, तुम मेरे लिए अनुकम्पा के पात्र हो"

कोयला रह गया था मौन, किन्तु
उसके मौन में कवि ने पढ़ा यह भाव ।

"मेरी कामना है कि
धार्मिक सौम्यता
बनी रहे मानव की आत्मा का प्रतिबिंब,
क्या उसे भी भेज दिया जायेगा
निष्ठुरता के साथ वनवास में ?
और काव्य हो जायेगा शोकान्त ?
कोयले के मुख की कलौंस में
कवि ने इसी शोक का
दर्शन किया !

—१९४३

नाय्क्कन्

चूरलालटिच्चिट्ट् नगरितन्
चोर वार्न्निषुकीटुन्न पाट्पोल्
मारि कोण्ट् कुष्ञ्ञ् च्वप्पार्न्न
चोरिमण्ण् पुतञ्ञेषुम् पातयिल्,
पोवुकयाण् आन् तनिच्चेन्तिनो
नोवुमस्वस्थमाय मनस्सुमाय् ।

माळिककळिल्निन्नु केळ्क्काम् चिरि–
क्कोळिळक्कङङळ् रण्टु पार्श्वत्तिलुम् ;
नागरिकमाक्कोलुमनुराग–
रागमालपिप्पू 'स्वनग्राहि'कळ् ।

पिन्निल्निन्नुमोरु चुम केळ्क्कया–
लोन्निटय्क्कु तिरिञ्ञु आन् नोक्कवे
तन् चुमलिलोरु कुरुन्तूम्पये–
प्पिचुकुञ्ञिनेप्पोलेन्तिटुमोराळ्
चोल्लि : 'पोन्नेजमानने, काणुमो
वल्लतुम् पणि ? नाय्क्कन् वलञ्ञुपोय् ।'

आ विळि केट्टु लज्जिच्चु पोयि आन् ;
पावमेन्नेप्पणक्कारनेन्नेण्णि ।
पल्लुमात्रमुण्टोट्टातेया मुख,–
त्तेल्लुम् तोलुमाय् नीण्ट कय्त्तण्टुकळ् ।
काट्टिनोटुम् पेरुमषयोटुमो–
न्नेट्टिट्टानोरु कीर्युण्टीर्नाय् ।

नाय्क्कन्

मैं सड़क पर से चला जा रहा था,
जो थी वर्षा-जल से गीली लाल मिट्टी से लथपथ,
जैसे नगर के मुँह पर बेंत मारने से रक्त रिस आया हो;
मन अस्वस्थ था, अवसाद से भरा था।

बगल की अट्टालिकाओं से
हास-कोलाहल की लहरें आ रही थीं
आलाप रहे थे कई ग्रामोफ़ोन
नागरिक वनिताओं के वासना चपल गीत।

किसी का खाँसना सुन कर
मैं पीछे की तरफ मुड़ा—
देखा, कन्धे पर छोटा सा फावड़ा धरे,
मानो अपने छोटे से बच्चे को सम्हाल रखा हो,
एक नर पूछ रहा था;
"कोई काम मिलेगा बड़े सरकार,
नाय्क्कन्[1] बड़ी मुसीबत में है।"

उसका संबोधन सुन कर मैं लज्जित हुआ,
बेचारे ने मुझे धनी समझ लिया है।
उसके चेहरे पर केवल दाँत हैं, जो पिचके नहीं,
लम्बी-लम्बी भुजाएँ हड्डी-चमड़ी मात्र बन गयी हैं
एक फटा पुराना भीगा चिथड़ा है तन पर
भीषण हवा का, और
मूसलाधार वर्षा का सामना करने के लिए।

---

१. नाय्क्कन्—फावड़ा लेकर चलनेवाले मजदूरों का एक वर्ग जो मिट्टी खोदकर, तालाब-कूप आदि साफ करके अपना निर्वाह करते हैं।

आश हृत्तिलुम्, तेजस्सु कण्णिलुम्,
लेशमिल्लातुषलुकयाणयाळ् ।
ईविधत्तिल्प्परुपरुप्पार्न्निट्टुम्
जीवितत्तिन् पुरत्तुरञ्ञीटिलुम्
मालुरुकिप्पिटिच्चु नीरुन्नोर-
क्कोलु कत्तिज्वलिक्कात्ततत्भुतम् ।

वेलतन्निल्त्तणुत्तुरङङम् महा-
ज्वाल पेट्टेन्नु ञेट्टियुणरुकिल्,
आणुकाग्नेयगोळङङळेक्काळु-
माळिटुम् महस्सोन्नुळवाय्वरुम् ;
वीशुमाद्दीप्ति दिङमुखत्तोक्केयुम्
पूशुमारक्तमाकिन कुंकुमम् ।
हा, नटुङङुविन सौख्यजडङङळे !
वानम् चुम्बियक्कुमग्र्यसौधङङळे !

चोल्लि वेम्पुन्न चुण्टिनाल् ञान् : "पणि-
यिल्लिविटेयोरेटवुम् नायक्करे !"
चोल्लि नोवुन्न हृत्तिनाल् ञान् : "करि
ङकल्लिनेक्काळ्क्कटुत्त निलकळे
निन्कुरुंतूम्पकोण्टु नी कोरुक,
चंकु वेळअमाय्पोवुकिल् पोवट्टे,
नूतनमोरु जीवितम् पोङिङयी-
ब्भूतलत्तिल्स्समत नेटुम् वरे ।"

—१९४३

न मन में आशा रंच मात्र
न नयनों में तेज
सब कहीं चक्कर काट कर लाचार हो रहा है बेचारा !
अचरज है,
इस तरह के खुरदुरे जीवन के निरंतर रगड़ खाने पर भी
तप्त पीड़ा से भरी यह धुँधुआती तीली
जल क्यों नहीं उठती ?

यदि यह श्रमशान्त सुप्त महाज्वाल
अकस्मात् जाग उठे
तो उदय होगी एक महान ज्योति
आणव आग्नेय गोलों से भी
अधिक उग्रता से जलनेवाली;
वह ज्योति फैल-फैल कर
सारी दिशाओं के मुख पर
आरक्त कुंकुम लगा देगी।
हे गगनचुंबी अट्टालिकाओं,
हे सौख्य-जड़-जनो,
काँप उठो।

कम्पित होंठों से मैं बोला,
"यहाँ क म नहीं है कहीं, नाय्क्कन् !"
फिर कसकते कलेजे से मैं मन ही मन बोला—
"हे नाय्क्कन्
पत्थरों-सी कठोर परतों को
तुम अपने छोटे फावड़े से खोद हटाओ
जब तक कि
एक नवीन जीवन का सोता नहीं फूटता है
और, भूतल में समता का सृजन नहीं करता
अगर, तुम्हारा कलेजा ही
पानी हो जाये तो हो जाये !"

—१९४३

आश हृत्तिलुम्, तेजस्सु कण्णिलुम्,
लेशमिल्लातुषलुकयाणयाळ् ।
ईविधत्तिल्प्परुपरुप्पार्न्निटुम्
जीवितत्तिन् पुरत्तुरञ्ञीटिलुम्
मालुरुकिप्पिटिच्चु नीरुन्नोर-
क्कोलु कत्तिज्वलिक्कात्ततत्भुतम् ।

वेलतन्निल्त्तणुत्तुरङ्ङम् महा-
ज्वाल पेट्टेन्नु ञेट्टियुणरुकिल्,
आणुकाग्नेयगोळङ्ङळेक्काळु-
माळिटुम् महस्सोन्नुळवाय्वरुम् ;
वीशुमाद्दीप्ति दिङमुखत्तोक्केयुम्
पूशुमारक्तमाकिन कुंकुमम् ।
हा, नटुङ्ङुविन सौख्यजडङ्ङळे !
वानम् चुम्बियक्कुमग्र्यसौधङ्ङळे !

चोल्लि वेम्पुन्न चुण्टिनाल् ञान् : "पणि-
यिल्लिविटेयोरेटवुम् नाय्क्करे !"
चोल्लि नोवुन्न हृत्तिनाल् ञान् : "करि
ङकल्लिनेक्काळ्क्कटुत्त निलकळे
निन्कुरुं तूम्पकोण्टु नी कोरुक,
चंकु वेळअमाय्पोवुकिल् पोवट्टे,
नूतनमोरु जीवितम् पोङ्डिङ्यी-
व्भूतलत्तिल्स्समत नेटुम् वरे ।"

—१९४३

न मन में आशा रंच मात्र
न नयनों में तेज
सब कहीं चक्कर काट कर लाचार हो रहा है बेचारा !
अचरज है,
इस तरह के खुरदुरे जीवन के निरंतर रगड़ खाने पर भी
तप्त पीड़ा से भरी यह धुँधुआती तीली
जल क्यों नहीं उठती ?

यदि यह श्रमशान्त सुप्त महाज्वाल
अकस्मात् जाग उठे
तो उदय होगी एक महान ज्योति
आणव आग्नेय गोलों से भी
अधिक उग्रता से जलनेवाली;
वह ज्योति फैल-फैल कर
सारी दिशाओं के मुख पर
आरक्त कुंकुम लगा देगी।
हे गगनचुंबी अट्टालिकाओं,
हे सौख्य-जड़-जनो,
काँप उठो।

कम्पित होंठों से मैं बोला,
"यहाँ काम नहीं है कहीं, नाय्क्कन् !"
फिर कसकते कलेजे से मैं मन ही मन बोला—
"हे नाय्क्कन्
पत्थरों-सी कठोर परतों को
तुम अपने छोटे फावड़े से खोद हटाओ
जब तक कि
एक नवीन जीवन का सोता नहीं फूटता है
और, भूतल में समता का सृजन नहीं करता
अगर, तुम्हारा कलेजा ही
पानी हो जाये तो हो जाये !"

—१९४३

तूप्पुकारि

हारियल्लिवळुटे रूप, मेन्नालीत्तूप्पु—
कारितन् मलिनमाम् करत्तिन् विशुद्धत !

इप्परीमुखत्तिङ्कल्—
ञ्चितरिक्काणाकुन्न
चप्पुकळ्, चवरुकळ्,
अळिञ्ञ शवङ्ङळुम्,
नूतनदिनत्तिन्टे
चेकतिर् चुम्बियक्कुन्न
पूतमाम् पुरिकत्तिल्
वेर्प्पुकळ् पोटियवे,
तन् करत्तिनाल् वार्न्नु—
केट्टिय चूलाल् पात—
यिंकल्निन्नकट्टुन्नू
तेरुविक्किळिक्कोळ्के ।
नन्नयि; सहोदरि,
नन्नु; निन्पुरिकत्तिल्
मिन्नुमी मुत्तिल् नरुम्
पोटिकळ्क्केलुम् कान्ति
माळिकप्पुरत्तेषुम्
कोञ्चम्ममार्तन् हार—
पाळिकळ् कोतियक्कणम्,
जनसेवनव्यग्रे !
तूलिकत्तुम्पाल् म्ळान—
चित्रत्ते मनोधर्म्म—
शालियामोरु कला—
कारियेन्नतुपोले,

झाड़ूवाली

उसके गठन में कोई खास आकर्षण नहीं,
फिर भी उस भंगिन के गन्दे हाथों में
कितनी पवित्रता है !

पलकों पर उभर आयी हैं पसीने की बूंदें
जिनका स्पर्श कर रही है
प्रभात की
नवल स्वर्ण-रश्मियाँ,
वह बुहारती फिरती है सड़कें
अपनी झाड़ू से,
जिसे उसने
अपने हाथों काटा-बनाया है,
बुहारती फिर रही है कूड़े के ढेर,
गलित अवशेष,
जो महानगर के चेहरे पर
धब्बों की तरह चिपके हैं।
धन्य, बहन, धन्य !
तू डूबी है आ प्राण जन-सेवा में;
तेरी भँवों पर दमकते
स्वेद-बिन्दुओं की आभा के सामने,
फीकी पड़ जाती है आब
शाही महलों की महिलाओं के हीरक-हारों की।
तूलिका की नोंक से
एक नाजुक तस्वीर को सँवारते हुए
प्रतिभावान कलाकार की तरह

पुतुक्कि मिनुक्कि नी
पट्टणम्; पुरीमुख—
मतुलारोग्य श्रीतन्
कैय्क्कोरु वाल्क्कण्णाटि !

वन्नु नी पिऱन्नेङ्किल्—
क्कवितन् हृदन्तत्ति—
लेन्नुमुत्तमस्निग्ध—
भावनारूपम् नेटि !
वन्निनिज्जनिच्चेङ्किल्
मार्ज्जनि कवियुटे—
युन्नतादर्शम् कोऱम्
तूवलाय् सत्यम् तेटि !
जीवितम् विषमय—
मावुमाऱ् न्तेन्तेल्लाम्
आविलविकारङ्ङळ्,
जीर्ण्णिच्च विश्वासङ्ङळ्,
जनमर्द्दनत्तिन्ऱे
कऱ्युम् कण्णीरिन्ऱे
ननवुम् मीते कोलु—
मिरुम्पन्चेंकोलुकळ्,
तङ्ङळिल्त्तल्लिक्कीरि—
यान्ध्यत्तिन् चेऱाल् नारि
मङ्ङलान्नीट्टुम् जीर्ण्ण—
मतत्तिन् कुप्पायङ्ङळ्,
नीतितन् चालिन् वक्किल्
स्वार्थत्तिन् पुट्टुण्टाक्कि
प्रीतियिल्च्चुरुण्टेषु—
मिरुण्टमात्सर्यङ्ङळ्—
ई वकयेल्लाम् पक्षे
नी कळञ्ञेने, निन्ऱे
तूवालाल्त्तेळिञ्ञेने
जीवितत्तेरुवुकळ् !

तू शहर को नयी दमक से सँवार रही है;
यह नगर का चेहरा
अनुपम स्वास्थ्य-श्री के हाथों में
एक आईने-सा है।

काश,
तू उत्पन्न हुई होती कवि के हृदय में
अत्युत्तम स्निग्ध भावना का रूप लेकर,
काश,
तेरी झाड़ू जन्म लेती
कवि की आदर्शमयी क़लम के रूप में,
तब तूने झाड़-बुहारकर
कूड़े की तरह फेंक दिया होता
इस विषम जीवन को,
ढहते हुए विश्वासों को
घुटती हुई भावनाओं को,
पीड़ित जनों के
आँसुओं की नमी को,
संघर्ष की थाप पर बजती हुई
लौह-कड़ियों को,
एक-दूसरे पर उछाले जानेवाली
अन्धी कीचड़ को,
ह्रासोन्मुख धर्म के
कमजोर और धुँधलाये
लिबास को,
न्याय की धारा के कगार पर निर्मित--
स्वार्थपरता के दड़बों में
दुबकी प्रसन्न-मुख
अन्ध-ईर्ष्याओं को;
और तब, तुम्हारी लेखनी से
स्वच्छ और स्पष्ट हो गया होता
जीवन-पथ !

मलिनविकारङ्ङळ्
गानत्तिन्नूक्केर् इटु—
मोलिविल्क्कूटिच्चुट्ट्टुम्
चालुकळ् निकन्नेने !

चोरतन् निरम् तिन्न
धूळि पोङ्ङाते स्नेह—
पूरत्ताल् ननच्चूर्—
प्पिच्च कालत्तिल्क्कूटि,
चक्रवाळत्तेत्तन्कै—
विरलाल्च्चुटि्ट्टच्चूमको—
ण्टक्रमङ्ङळ् क्रूर—
मुनयाल् नोवेल्क्काते,
मानवन् समुन्नत—
शिरस्साय् पाटिप्पोकु
मानन्दमाणानन्दम् :
पारतु नुकर्न्नेने !

हारियल्लिवळुटे रूप, मेन्नालीत्तूप्पु—
कारितन् मलिनमाम् करत्तिन् विशुद्धत !

—१९४४

छितरा जाते वासना की गन्दी धारों के भँवर,
और प्रवाहित हो उठती गीतों की सुन्दर
स्वर-लहरियाँ ।

तब न उठती धूल
जो सोख गयी रक्त की लाली को
क्योंकि सींच दिया गया होता काल-पथ स्नेह-जल से
और बना दिया गया होता वह सुदृढ़ ।
चल सकता तब मानव
हिंसा के क्रूर अपराधों से बचकर
सीना ताने, सिर ऊँचा किये
उँगलियों पर क्षितिज घुमाता हुआ ।
आनन्द तो वही है परमानन्द,
काश, धरती उसे चख पाती !

उसके गठन में कोई खास आकर्षण नहीं,
फिर भी उस भंगिन के हाथों में
कितनी पवित्रता है !

—१९४४

कल्विळक्कॅ

१

पेरियार् चालक्कुटि–
  यारुमायिणचेर्न्नु
पुरुफुल्क्कारत्तोटे
  पुळञ्ञुमरियुन्नु ।
कोटक्कार्च्चिरकुकळ्
  विर्त्तिक्कोट्टुंकाट्टु
नाटोक्केक्कुलुक्किक्को–
  ण्टत्युग्रम् परक्कुन्नू ।
अरयोळवुम् वेळ्ळ–
  त्तिलाण्टोरु तेङ्ङिन्–
निरयात्तुरत्तिंकल्–
  प्पेटिच्चु विरय्क्कुन्नु ;
वा पिळर्न्नषिमुख–
  त्तिङ्कल् वन्नार्त्तीटुन्नू
कोपिय्क्कुम् वर्षोद्दृप्त–
  भीकरपारावारम् :
कायलाम् नेट्टुन्तुट्टु–
  नावुनीट्टियास्सत्वम्
वायिलाक्कुन्नू नीळे–
  योषुकुम् शवङ्ङळे ।
इङ्ङनेयोरु वेळ्ळ–
  प्पोक्कमुण्टायिट्टिल्ल
अङ्ङळ्तन् स्मरणयिल् ;
  मरविच्चुपोमोर्त्ताल् ।

पत्थर की दीपदानी

१

पेरियार[1] चालक्कुटियार[2] से मिल कर,
लिपट-लिपटकर
उग्र फूत्कार के साथ
मदोन्मत्त लीला कर रही है।
काले वरसाती वादलों के
पंख फैलाकर
सारे देश को झकझोरता हुआ
भयानक तूफ़ान मँडरा रहा है।
नदी-तीर के छोटे टीले पर
कमर तक डूवे हुए
नारियल के पेड़
भय से काँप रहे हैं।
वर्षा-काल का क्षुभित डरावना सागर क्रुद्ध होकर
मुँह वाये नदी-मुख पर आकर
उन्मुक्त अट्टहास कर रहा है,
लपलपा कर
कायल[3] की लम्वी-लम्वी लाल-लाल जीभ
निगल रही है चारों ओर वहनेवाली
लाशों को।
ऐसी भयानक वाढ़ हमारी स्मृति में
आज तक कभी नहीं उमड़ी,
उसकी याद आते ही
प्राण सुन्न हो जाते हैं।

१, २. केरल की दो नदियाँ
३. समुद्र का वह भाग जो किनारे से अन्दर चला आया हो।

मारियोन्नटङ्ङवे
'करुणन्' कुटिल्वातिल
चारियाप्परम्पिले–
य्क्करङ्ङी निरुन्मेषम् ।

इल्लिवन्नारुम् ; तन्टे
जीवनिलाशानाळम्
तेल्लिट कोळुत्तिय
तय्यलाळ् मण्णाय्पोयि !

आ मुखम् स्मरिय्क्कुम्पोळ्
चुट्टुकण्णीर् कण्णिल्–
त्तूमुत्तुपोले वन्नु–
निरयुम् मिक्कप्पोषुम् ।

मीन्पिटिय्क्कानाय् पोकान्
चेरुवंचियिल्क्केरि–
त्तान् पिटञ्ञोरुङ्ङुम्पो–
ळुम्मवेय्क्कुवान् विट्टाल्
वलयुम् पङ्कायवुम्
नल्कातेयोरोन्नोति
निलकोळ्ळुमा रूप–
मोर्त्तवन् नेट्टुवीर्क्कुम् ।

कूम्पिय मिषियोटे
तन्टे चुम्वनम् कविळ्–
क्कूम्पिलेल्क्कलुम् कय्या–
लरियातवळ् माच्चु ।

नीरसम् भाविच्चाणु
तोणिनीक्कियतेत्र
नेरमाक्कुट्टत्तिनु
माप्पवळपेक्षिच्चु ।

२

जब बारिश ज़रा थम गयी
तो अपनी झोंपड़ी का द्वार बन्द करके
निरुत्साह हो कर
करुणन बाहर अहाते की ओर निकला।
उसका कोई भी अपना नहीं,
थोड़ी देर के लिए जिसने उसके प्राणों में आशा का
दीपक जलाया वह तरुणी चली गयी थी।
जब कभी उस चेहरे की याद हो आती
तो उसकी आँखों में
मोती-से अश्रुकण उभर आते।
जब मछली पकड़ने के लिए वह निकलता
और,
नाव में बैठ जाता
और भूल जाता उसे चुम्बन देना
तो आशान्वित हो कर, वह रोक लेती उसका
डाँड़ और जाल,
इधर-उधर की बातों में उसे उलझाये खड़ी रहती।
उस मूर्ति की याद कर वह
उसाँसें भरता था।
मीलित नयनों से
जब कभी
अधखुली आँखों;
अपने कपोल पर लगा चुम्बन
वह पोंछ देती हाथों से
बिना ध्यान दिये;
तो रोष का बहाना करके
वह अपनी नैया ले कर आगे बढ़ जाता।
इस अपराध के लिए
वह कितनी-कितनी देर तक माफी माँगती।

कुम्पळक्कुरुपोले
वेण्मयेऱ्िट्टुम् पल्लिन्
तुम्पु काणुमारुळ्ळ
नरुपूंचिरियोटे
कायलिन् वक्कत्तन्ति–
य्क्केतिरेल्क्कुवान् करि–
ञ्चायलाळ् वरारुळ्ळ–
तोक्कुम्पोळ्क्करळ् वीङ्ङम् :
पाय कीरियुम् कयऱ्
पोट्टियुम तुष़यिल्ला–
ताय वंचियाय्प्पोय् आ–
नेन्नवन् विचारिय्क्कुम् ।

ओमलिन् श्मशानत्तिल्–
क्कल्विळक्कोन्नुण्टाक्कि
प्रेमविह्वलन् तिरि–
वय्क्कुमाऱुण्टन्नाळुम् ।
अन्तियिल् विरियुन्न
रागत्तिन्मोट्टेन्नोणम्
कान्तिमत्तामा नाळम्
मिन्नुमाऱुण्टेन्नाळुम् ।
क्रूरमाम् वेळ्ळक्कुत्तिल्–
क्करुणन्नेल्लाट्टिट्टलुम्
सारमामतुकूटि
योषुकिद्दूरेप्पोयी ।
वाटिय मुखत्तोटा–
क्कल्विळक्केङ्ङाणेन्नु
तेटिक्कोण्टवन् चेन्नू
कायलिन् क़रिञ्चुण्टिल् ।

कुम्हड़ के बीज की तरह वह मनोरम धवल
दन्त-पंक्ति की मधुर मुस्कान के साथ
सन्ध्या समय 'कायल' के किनारे
स्वागत करने के लिए
वह सुकेशिनी आया करती थी।
उसकी याद आते ही
कलेजा फट-सा जाता है।
वह सोचा करता है
कि मैं भी एक नाव हूँ
जिसका पाल फट गया है,
पतवार टूट गयी है,
डाँड़ कट गयी है।

प्रिया की समाधि पर
पत्थर की दीपदानी बना कर
वह प्रेम-विह्वल
हर दिन बत्ती जला देता था।
सन्ध्या में खिलनेवाली
अनुराग-कलिका की भाँति
वह कान्तिमय दीप-शिखा
हर दिन वहाँ चमका करती थी।
जो 'करुणन' के लिए
सब से सारपूर्ण वस्तु थी,
बह गयी थी
'कायल' के काले अधरों में
वह खोजने लगा म्लान-मुख,
अपने पत्थर की दीपदानी!

अक्करेत्तुरत्तिल्नि–
नन्नेरम् केळ्क्काम् कोषि
"कोक्करक्को" वेन्नार्त्त–
स्वरत्तिल्क्कुम् शब्दम् ।

चीट्टिट्टुम् मलवेळ्ळम्
मुक्कालुम् विषुङ्ङिय
चेट्टप्पाष्क्कुटिलिन्टे
विरय्क्कुम् मोन्तायत्तिल्
मरणम् मारिल्क्केरि–
नक्कुवानारंभिय्क्कु–
मिरपोल् विळरिय
दीनमायोरम्मूम्म
इनियुम् तनिय्क्कुळ्ळ
मुतलामप्पूवने–
क्कनिवाल् विटातेक–
ण्टेकयाय् निन्नीटुन्नु ;
ओच्च पोङ्ङुन्नीलोन्नु
करयाना वृद्धय्क्कु,
वाच्च वन्तणुप्पिनाल्
मरविच्चुपोय् नावुम् ।

करुणन् चुट्टुम् नोक्की,
मृत्युविन् मिषिपोले–
युरुळुम् चुषिकळे
तन्मुन्पिल् काण्मानुळ्ळु ;
कुन्नुकळ् नृत्तम् चेय्तु
पोकुन्निपोले पोङ्ङि
वन्नुकोण्टलरिट्टु–
मोळमे काण्मानुळ्ळु ;

सुनायी दी तभी
टीले के उस पार
दीन स्वर में एक मुर्गे की कुकड़ूकूँ।

एक ग़रीब बुढ़िया, पीतवर्ण
बैठी हुई थी, दुबकी,
छाती पर चढ़ आयी मौत के शिकार-सी
पानी में हिलोरें खाती हुई
अपनी झोंपड़ी की छत पर
जो फुफकारती पहाड़ी नदी की
धारा के मुँह में समाने से
बाल-बाल बची हुई थी ;
उसने स्नेह से चिपटा रखा था
अपनी एकमात्र सम्पदा,
अपने मुर्गे को।
वह बुढ़िया रोने के लिए भी
आवाज़ नहीं निकाल सकती थी,
तेज़ सरदी के कारण
उसकी जीभ जड़ बन गयी थी।

करुणन् ने चारों तरफ देखा
मौत की आँखों-जैसे
चक्करदार भँवर ही
सामने दिखाई दे रहे थे ;
नाच-नाच कर आगे बढ़नेवाले पहाड़ों-जैसी
बड़ी-बड़ी लहरें,
ज़ोर-शोर से उछलती
सामने दिखाई दे रही थीं ;

वानिन्टे कूटारत्ते
नूरुनूरायिच्चीन्तुम्
वात्यतन् भयंकरा–
रावमे केळ्क्कानुळ्ळु ;
चेन्नुटन् तन्कोलायिल्–
च्चेरिञ्ञु किटक्कुन्न
तन्नुटे चेरुवंचि–
योटवन् तिरिच्चेत्ति ।

कुरुपंकायम् तोळिल्
वच्चु तन्मुण्टोन्नाञ्ञु
मुरुक्किक्कुत्ति क्षणम्
तोणियिलवन् केरि ।
'ओन्नुकिल् नाम् रण्टाळुम्
कटलि, लतल्लेङ्कि–
लिन्नु रक्षियक्कामारु–
मिल्लात्तक्किषवियें'
तोषर्.तन् पलपल
साहसम् पण्टुम् कण्ट
तोणियत्तिरकळिल्–
क्किटन्नु तलयाट्टि ।
ऊतिटुम् कोटुंकाट्.टल्–
प्पोतुम्पिन्नोप्पम् पाळि–
प्पातिदूरवुम् वंचि,–
योळत्तेक्कूट्टाक्काते,
कायलिन्नुन्मादत्ते
मुन्पेङ्ङुम् मानियक्कात्त
नायकन् तनियक्कुण्टे–
न्नुळ्ळोरा नाट्यत्तोटे,
कटन्नेंकिलुम्, नाल–
ञ्चोळङ्ङळोन्निच्चेत्ति–

आसमान के तम्बू को
सौ-सौ टुकड़ों में फाड़ डालनेवाली
आँधी की भीषण गर्जना ही
सुनाई दे रही थी।
वह जल्दी-जल्दी चल पड़ा
और बरामदे में तिरछी पड़ी
अपनी नन्हीं-सी नैय्या को ले कर
लौट आया।

छोटा-सा डण्डा कन्धे पर रखकर
लुंगी कसकर बाँधे
वह तुरन्त नाव में बैठ गया।
"या तो हम दोनों विलीन होंगे समुद्र में
या हम बचा लेंगे उस असहाय बुढ़िया को!"
जानती थी नैया पहले से ही
अपने साथी के साहस को,
अतः उसने लहरों में
सिर हिलाकर हामी भरी।
फूत्कार करनेवाले तूफान में
लहरों की परवाह न करके
झट से वह नैया आगे बढ़ी।
जानती थी वह
'कायल' के उन्माद की
जिसने
कभी परवाह न की
वह नायक मेरे साथ है।
नाव आधी राह ही पार कर पायी थी
कि
चार-पाँच लहरें एक साथ आगे बढ़ीं

त्तटञ्ञु मरिय्क्कयाय्

तुषयेग्गौनिय्क्काते ।

नेंचुरप्पोटापत्तिल्

नीन्तुमा युवाविने

वञ्चुषियोषुक्किन्ट

वालिनाल् वरिञ्ञुटन्

वलिच्चु वलिच्चु तन्

वायिलाक्कुम्पोळव–

नलिवार्न्नम्मूम्मय्क्कु

भाग्यमिल्लेन्ने चोल्ली !

इरङ्ङी मलवेळ्ळम्

कण्णुनीरोटिक्काष् च

परवाना मुत्तश्शि

पिन्नेयुम् चिरम् वाणाळ् ।

कायलिन् वक्कत्तेरे–

क्कालमा युवाविने–

क्कात्तुतान् किटन्निता–

क्कल्विळक्कनाथमाय् !

—१९४६

और डाँड़ की परवाह किये विना
उसको उलट दिया।
इस विपत्ति की घड़ी में
धैर्य के साथ तैरनेवाले उस नौजवान को
भयानक भँवर जव
लहरों की पूँछ में लपेटकर
खींच-खींचकर अपने मुँह में निगलने लगा
तो दयार्द्र होकर वह केवल यही वोला—
"नानी का भाग्य खोटा है!"

वाढ़ उतर गयी,
और नानी जीती रही, नयनों में आँसू लिये
यह कहानी सुनाने के लिए।
'कायल' के किनारे
पत्थर की वह दीपदानी
वहुत दिनों तक पड़ी रही
उस युवक की प्रतीक्षा में।

—१९४६

आ सन्ध्य

आरेयो विचारियक्के,—
तुटुक्कुम् कविळुमाय्
दूरेयाद्दिक्किन् वक्क—
त्तिरियक्कुम् सन्ध्यालक्ष्मि
तुन्नुवान् ञेरिञ्ञिट्ट
नीलमाम् दुकूलम्पोल्
मिन्नुन्नू तिरकाळाल्—
च्चुळियुम् पारावारम्;
चेलुलाविटुम् ञेरि—
यक्ककमेकूटिप्पट्टु—
नूलुकळोटियक्कुम्पोल्
रश्मिकळ् तिळङ्ङुन्नु।

पाञ्ञितेन् करळुटन्
पत्तुकोल्लत्तिन्मुन्पु
माञ्ञुपोयोरु रंग—
त्तिकलेयक्करियाते।
अन्नु हा! तुळुम्पुन्नो—
रनुरात्तिन् पात्र—
मेन्नुटेयात्माविन्टे
चुण्टुप्पियक्कुम् कालम्;
चिन्तयिललौकिक—
संगीतमूरुम्मारे—
न्नन्तरंगत्तिल् स्वप्नम्
वीण वायियक्कुम् कालम्;

वह सन्ध्या

दूर
पश्चिमी दिशा के किनारे पर
किसी की प्रतीक्षा में
सन्ध्या-लक्ष्मी बैठी थी,
स्नेहोन्मद् विचारों के कारण
उसके कपोल आरक्त हो रहे थे,
जैसे उसने फैला दिया हो नील दुकूल
कशीदाकारी के लिए,
इस तरह झलमला रहा था सागर
लहरों की सलवटों-भरा।
हिलोरें लेती हुई तरंगों के भीतर
किरणें इस तरह चमक रही थीं
मानो तह किये हुए कपड़े के भीतर से
रेशम का धागा काढ़ा जा रहा हो।

अकस्मात् मेरा मन
दस वर्ष पहले घटी
विस्मृत घटना की तरफ दौड़ पड़ा—
कैसे थे वे दिन
जब मैं अनुराग का लबालब भरा प्याला लगा रहा था
अपनी आत्मा के अधरों से !
वे दिन
जब मेरे अन्तरंग में सपनों की बीन
इस तरह बजती थी
कि चिन्तन में अलौकिक संगीत की
धारा फूट निकलती थी !

ओमलिन् कुनुच्चिल्लि—

विल्लिन्मेल् स्वर्गत्तिन्टे—

या मनोहरनील

गोपुरम् काणुम् कालम् ।

अन्नु ञानितुपोले—

युळ्ळोरु सायाह्नत्तिल्—

च्चेन्नु भद्रतन् वीट्टिल्—

प्पतरुम् कालवेप्पोटे ।

लोलमामोरीर्क्किळि—

क्करमुण्टाणेन्नोमल्

मेलणिञ्ञिरुन्न, ता

क्कर ञानोर्म्मिक्कुन्नु ।

चम्पकांगितन् नेट्टि्ट्—

त्तटत्तिल् प्रकाशिच्चू

कुम्पळक्कुरुपोले

चन्दनच्चेरुगोपि ।

पातियुमेन्पेर्ऱुन्नि—

त्तीर्न्न पट्टुरुमालु

पाययिलिक्कटक्कुव—

तेटुक्कान् कुनियवे

आतिथेयितन् तिटु—

क्कत्तिनाल् नीलक्करिम्—

चायल् केट्टषिञ्ञून्नि—

ट्टोषुकी तोळिल्क्कूटि ।

पूंचिकुरत्तेक्कैयाल्—

प्पिन्निलेय्क्काक्किच्चुण्टिल्

प्पुंचिरियमर्त्तिक्को—

ण्टिळकुम् मिषियोटे

ओमलाळ् निवर्न्नप्पोळ्

निर्द्दयसदाचार—

भीमशासनमेन्टे

कैयुकळ् मरन्नुपोय् ।

वे दिन
जब मैं प्रिया के भ्रू-चाप में
स्वर्ग के रम्य नील-गोपुर का दर्शन करता था !
हाँ, उस दिन
ऐसी ही एक सन्ध्या में
'भद्रा' के घर
मैं पहुँच गया आकुल पग धरता।
मेरा मन
अब भी याद करता है
उस परिधान की काली पतली किनारी को
जिसे मेरी प्रियतमा
उस दिन पहने थी।
उस चम्पकांगी के मनोरम भाल पर
कुम्हड़े के बीज-सा
मनोहर चन्दन-तिलक सुशोभित था।

जब वह झुकी
चटाई पर पड़ा
रेशमी रूमाल उठाने के लिए,
जिस पर
अंकित हो चुका था मेरा आधा नाम
तो उस सकपकायी आतिथेया की
कजरारी वेणी खुलकर
कन्धे पर से खिसक गयी।

सुरभित मनोहर केश-गुच्छ को
पीछे की ओर समेटती
खिल आनेवाली मुसकान को दबाती
चंचल चितवनवाली
प्रिया खड़ी हो गयी
तो,
हृदयहीन सदाचार का शासन भूल गये
मेरे दोनों हाथ ;

'चापलम् ! विटु ! वरुम्
वल्लोरुम्, हाय !' एन्नोतुम्
कोपनयुटे चुण्टेन्
चुण्टिनालमर्न्नुपोय् ।
मावु निल्क्कुन्नू मुट्ट—
त्तटितोट्टट्टत्तोळम्
पूवुमाय् तारम्पन्ट्—
यावनाषियेप्पोले ।
कूवियो कुयिल् ? इळम्—
तेन्नल् वीशियो ? कण्टो
द्योविलेङ्ङानुम् निन्न
तारकळ् ?—अरिञ्ञील !

पकलो पायुम् वेळळ्—
क्कुतिरप्पुरत्तेरि—
यकलुम्नेरम् वेळ्ळि—
प्परिच तोळिल्त्तूक्कि,
सागरस्नानम् चेयतु
रागमुग्धयायोट्ट—
य्क्कागमिच्चीटुम् सौम्य—
सन्ध्ययेप्पुल्किप्पोयि ।
पुरीकन्तुम्पालेन्ट्
चित्तत्ते वीण्टुम् वीण्टुम्
वरियेब्बन्धिच्चिट्टु
कण्णिनालेयताळोमल् ।
एङ्ङने मारुम् ? नीङ्ङुम् ?
अनङ्ङुम ? पुळकम् पू—
ण्टङ्ङने कुरुच्चिट
निन्नुपोय् रण्टात्माक्कळ् ।

"कैसा चांचल्य है; आ जायेगा कोई
छोड़िये मुझे!"—कुपित भ्रूभंगिमा से
बरजनेवाली के अधर
मेरे अधरों से जुड़ गये!
आँगन में खड़ा था
नख-शिख मंजरी-विभूषित
आम्र काम-तूणीर-सा।
क्या कोयल कूक उठी?
मन्द बयार चल पड़ी?
गगन के तारों ने देख लिया?
नहीं जानता!

दिन चला गया—
त्वरितगामी धवल तुरग पर चढ़कर
रजतमय ढाल को पीठ पर लटकाकर
सागर-स्नान करके
एकाकी चली आनेवाली
सौम्य सन्ध्या का परिरम्भण करके।
प्रिया ने मुझे
भ्रू-लताओं से कसकर बाँधा
और कनखियों से
निपट बेधा।
कैसे हटूँ?
कैसे चलूँ?
कैसे हिलूँ?
वैसी ही खड़ी रह गयीं
दो आत्माएँ थोड़ी देर,
पुलकित होकर।

अन्नु ञान् मटङ्ङुम्पोळ्
माविन्टे पिन्पे नोक्कि
निन्नु पुंचिरि तूकी
साकूतम् शशिलेख ।

'आतिर' निलावुक—
ळेत्र ञान् कण्टू पिन्ने;
प्रीतिदङ्ङळाणेल्लाम्;
एंकिलुमतु वेरे ।
स्नेहत्तिन्नधीशाधि—
कारत्ते लंघियक्काते
गेहत्तिलोरम्मयु—
मच्छनुमा, यिक्कालम्
क्लेशवुम् विषादवुम्,
वषक्कुम् वीण्टुम्, प्रेम—
पेशलस्वैराश्लेष—
सन्तोषङ्ङळुमायि
मेवुन्नतत्यानन्दम्—
तन्ने; येन्नालन्नेन्निल्—
त्ताविन हर्षोन्मादम्
पोयि ! पोयास्सन्ध्ययुम् !

—१९४६

उस दिन
मैं जब लौटा
तो आम्र-शाखाओं की आड़ में खड़ी शशिलेखा
भेद-भरी मुस्कुरा रही थी।

उसके बाद
कितनी बार देखी है मैंने
आर्द्रा की चाँदनी
निश्चय ही आनन्द-दायिनी है,
किन्तु उस दिन की चाँदनी
कुछ और ही थी।
आज
हम माता-पिता बने हैं,
नहीं करते हैं प्रेम के एकान्त शासन का उल्लंघन;
व्यतीत होते हैं दिन
क्लेश, विषाद, और कहा-सुनी में,
अनुराग-डूबे मनचाहे आलिंगन के उल्लास में।
यह भी निश्चय ही अत्यन्त आनन्ददायक है!
किन्तु
चली गयी है वह सन्ध्या,
चला गया है वह हर्षोन्माद!

—१९४६

वन्दनम् पर्युक !

वंदनम् पर्युक, भारतांबिके, दैवम्—
तन् दयक्कहिंसतन् असिधारयिल्क्कूटि,

दूरदुष्कर यात्र निर्वहिच्चिता, दीना—
कारयायालुम् रक्तम् मेय्यिल् निन्नोलिच्चालुम्

इन्नले प्पुच्छम् पूण्ट राज्य लक्ष्मिकळ् वन्नि—
न्नुन्नतात्भुतस्नेहमधुरम् पुणरवे,

मंगळस्वातंत्र्यत्तिन् उज्ज्वलोज्ज्वलमाय
मंजुळप्रभाततिलविटुन्नेत्तिच्चेर्न्नू

प्राचियुम् प्रतीचियुम् जयारवम्
वीचियायुयर्न्नेत्ति मुक्कुन्नु हिमवाने;

पौरर् तन् हृन्नीडतिल् निन्नुयर्न्नानंदङ्ङळ्
सौरमार्गत्तिल् चेल्वू कोटितन् चिर्किन्मेल् ।

रक्तदाहमार्न्नोरु साम्राज्यसिंहत्तिन्टे
शक्तवुम् कुटिलवुमायिरुन्नताम दंष्ट्र

काणुक, कोषिञ्ञता किटप्पू निर्म् मङ्ङ—
त्ताणुपोम् चन्द्रक्कल पोलेयीपुलरियिल्

इरुळिल् त्तिळङ्ङिय कण्णुकळ्, चरित्रत्ति—
न्नरुकिल् काणाम् मायुम् रण्टु तारकळ् पोले ।

शतशः धन्यवाद !

करुणामय की करुणा को शतशः धन्यवाद !
हे जननि ! अहिंसा की असिधारा पर पग धर
दुष्कर यात्रा का पूर्ण, श्रमित-पद, क्षाम, क्षीण,
अंततः रक्त-पंकिल गात्रे ! तू पहुँच गयी
उस ओर जहाँ मुस्काता है
उज्ज्वल स्वतंत्रता का मंजुल मंगल प्रभात !
सारी वसुधा आनन्दलीन
हैं गूँज रहे स्वागत में हर्ष-विकल कल-कल
उल्लसित पूर्व-पश्चिम के ये गोलार्द्ध युगल
दाएँ-बाएँ उठ रही जयध्वनि की तरंग,
उन्नत हिमाद्रि का भाल भीगता जाता है।
उठ रहा तिरंगा आच्छादित कर सौर-मार्ग
जागृत जन-मन में ऊर्ध्वगमन की अभिलाषा
जनता के हृदय-पिण्ड से कढ़ आनन्द-विहग
ऊपर झण्डे के पास पहुँच मँडराते हैं।
वह उधर क्षितिज के पास अधोमुख कान्तिहीन
जो डूब रही है मन्द प्रभा,
वह नहीं चन्द्र की कला;
कुटिल शोणित-पिपासु साम्राज्यवाद की दंष्ट्रा है।
ये दो तारे जो दीख रहे हैं अस्तमान,
आँखें वे उसी दनुज की हैं अंधियारे में डूबी प्रकाश की कणिकाएँ
इतिहास-गर्त में पड़े हुए अंगारों-सी।
कल तक जो हँसी उड़ाती थीं, तुझको पीड़ा पहुँचाती थीं,
वे राजलक्ष्मियाँ आज चकित, विस्मित, विभोर
घर-घर से बाँह बढ़ाती हैं,
तुझको अपनी अग्रज मान फूलों के हार पिन्हाती हैं।

निन् मुग्धमाकुम् कालिल्, सटयाल् परुषमाम्
तन्मुखमुरुम्मिक्कोण्टा वृद्ध सिंहम् निल्पू ।

वन्य नीतिकळतु केवलम् मर्क्कुमो !
धन्यमाम्निन् सौहार्द्दमेन्नेन्नुम् पुलर्त्तुमो ?

वन्दनम् पर्युक, धर्मपालिके, दैवम्—
तन् दयक्कानंदाश्रुगद्गद्गदस्वरम् ।

पावने, पौरस्त्यमाम् दिङ्मुखम् तुटुक्कुन्नू
तावकस्वातंत्र्यत्तिन् स्वच्छमामुदयत्तिल् ।

एन्तितिङ्ङने शोणशोणमाकुवान् ? ओर्त्ताल्
निन्तिरुवटियुटे हृदयम् तकर्न्नुपोम् ।

इन्नलेत्ति रुवुटल् वरियेच्चुट्टिट्च्चुट्टि,
अन्नेटुम्कषुमर्त्ति कल् नावुकळाट्टि

आयिरम् करितुरुकर्यिल्वकूटित्तन्टे
वायिटक्किटेक्काट्टिप्पुळयुम् स्वेच्छातंत्रम्

विषुङ्ङि ॲेरिच्च निन् प्रिय पुत्रर् तन् रक्त—
मोषुकि नुरक्कयाणिप्पोषुमतिन् पिन्पे

ग्रामवुम् नगरवुम् वयलुम् काटुम् मेटु—
मा महाधीरन्मार् तन् विटरुम् स्मृतिकळाल्,

अवतन्नितळुकळ् वीशिटुम् वर्ण्णङ्ङ्ळाल्,
अवयिल्त्तिङ्ङुम् त्यागोन्माद सौरभङ्ङ्ळाल्,

इन्नु कोळ्मयिर् क्कोळ्वू; निन् कण्णिल् निन्नुम् रण्टु—
मून्नु निर्म्मलस्नेहानुग्रहकणिककळ्

पूतमाम् स्वातंत्र्यत्ते श्वसिक्कान् जीविक्कात—
ज्ञातराय् वीणावीरपुत्ररिल् पोषिञ्ञावू

वन्दनम् पर्युक, वीरमातवे, दैवम्—
तन् दयक्कभिमानदीप्तमामात्मावोटे !

माँ ! देख, मुग्ध यह जीर्ण सिंह
कैसे चरणों से सटा खड़ा
तेरे पद को निज जिह्वा से सहलाता है।
पर हाय कहीं यह वन्य जीव
रक्ताक्त जिघांसा को तजकर
करता भारत का शील ग्रहण
बन पाता तेरा अमिट मित्र !
करुणामय की करुणा को शतशः धन्यवाद !
हे धर्मपालिके, परम पावनी माँ ! तेरे
सौभाग्य-उदय से यह कैसी लाली छिटकी,
संपूर्ण पूर्व-जग का आनन जगमगा उठा,
है कहाँ आज वह स्वेच्छाचारी कुटिल तंत्र
अंध काल-कक्षों के भीतर जीभें खोल,
अथवा फाँसी के तख्तों पर फण फुला-फुला,
तेरे निरीह पुत्रों का शोणित पीता था ?
हो गये तिरोहित काल नाग,
हो गये तिरोहित माँ, तेरे वे वीर तनय
जिनके शोणित से भाग्य देश-भर का जागा,
पर हाय,
जिन्होंने स्वाधीनता नहीं देखी।
उन वीर हुतात्माओं की स्मृति के रुचिर फूल
उन धीर शहीदों की पंखुड़ियों की लाली,
उन अजय योगियों के जीवन की त्याग-सुरभि,
ये मिटे नहीं, ये सभी अभी भी जीवित हैं।
उनसे ही तो सुरभित हैं अपने ग्राम-नगर,
उनसे ही तो शोभित हैं ये वन-विपिन-खेत,
भुज उठा खड़े हैं उनकी पूजा में पहाड़,
नदियाँ गुण गाती हुई सरकती जाती हैं।
माँ, आज पुण्य का पर्व, शहीदों की स्मृति में
अपने कृतज्ञ दो अश्रु-बिन्दु ढल जाने दो,
करुणामय की करुणा को शतशः धन्यवाद !

चङ्ङल विधिकृतमेन्नु वञ्चा दास्यत्तिन्

तोङ्ङल्तान् तनिक्कलंकारमाय् वारित्तूक्कि,

भीरुवाय्—स्वातंत्र्यमेन्नुच्चरिक्कुवान् पोलुम्

भीरुवाय्–तळर्न्न निन् जीवितम् मयङ्ङुम्पोळ्,

निम्मान्यपुत्रन् वीरतिलकन् स्वातंत्र्यम् तन्—

जन्मावकाशम् तानेन्नाद्यमाय् प्रख्यापिक्के

नटुङ्ङी निन्नात्मावु 'यूनियन् जाक्का' टुन्न

नेटुतामत्युन्नत ध्वजत्तिन् तऱ्योटे ।

एंकिलुमतिन् कट पुषऻ्ङीलतिन्निरुळ्

तंकिटुम्निषऻ् नीण्टू निन्चरित्रत्तिल्क्कूटी ।

क्रूरमामतिन्नटिकुतिरान् स्वरक्तम् नी

धारधारयायत्रे पकर्न्नीलतिल्प्पिन्ने !

एत्रयो किरीटत्तिन् कल्लटिञ्चुऱ्प्पिच्चो—

रत्तऱ्क्कुमेलेत्र साहसम् तंकर्न्नील

धर्मत्तिन् नवायुधशालयिल् निन्नुम् पिन्ने—

वह भी था मात: एक समय
जब हम जड़ता में पड़े हुए अवसाद-ग्रस्त,
दासत्व-पाश को विधि का वह अचल विधान मान,
सोये थे हो निश्चेष्ट,
मुक्ति के हित आयास न करते थे।
ऐसी कदर्यता थी, मुख से
'स्वातंत्र्य' शब्द कहने में भी हम डरते थे।
तब पटी भीरुता की बदली,
उच्चरित हुआ गंगाधर के गंभीर कंठ से महा-सत्य
केसरी तिलक की वाणी में
जागृत स्वदेश का कंठीरव
प्लुत में चिंघार पुकार उठा;
'स्वातंत्र्य हमारा जन्म-सिद्ध अधिकार !
उसे जैसे भी हो हम पाएँगे,
मस्तक का दे बलिदान
मुक्ति की मणि का मोल चुकाएँगे !'
पट गयी भीरुता की बदली,
फट गया गहनतम हिमाकार,
नदियों का जल खलबला उठा,
करवट लेकर जागे पहाड़।
'यूनियन जैक' तिलमिला उठा,
ध्वज काँपा, नीचे नींव हिली,
सत्ता का आनन म्लान हुआ;
जनता को नूतन ज्योति मिली।
तब से तू ने जाने कितने पावक सायक संधान किये,
जन्मे होंगे कितने सपूत,
कितने किशोर बलिदान किये।
'यूनियन जैक' का उन्मूलन, पर, हो न सका
सोने-चाँदी से पिटा हुआ ध्वज-पिंड मूल में था दृढ़तर,
थे किये हुए उसको अजेय,
चरणों को कसकर गहे हुए निर्लज्ज किरीटों के पत्थर।

क्कर्मकोविदन् सत्यसंगरन् शुचिव्रतन्

वाळिनाल् मुरियाते, तीयिनाल् दहिक्काते
वाञ्चिट्टुमोरायुधम् एन्ति गान्धिजियेत्ति;

विनयम् पठिच्चपोलक्कोटियता, धीर—
सुनये, निन्पादत्तिल् तलताष्त्तिनिन्नल्लो ।

वंदनम्परयुक, विश्ववन्दिते, दैवम्—
तन् दयक्काशाफुल्ल स्वच्छमानसत्तोटे ।

कालम् निन् धर्म्मार्जित स्वातंत्र्यमुद्घोषिप्पान्
नीलनिर्म्मल शब्द गुणमामाकाशत्ते
नोक्कुक, महाघंटयाक्कि वार्त्तुतु, नालु
दिक्कुकळिरुळत्तुणियतिल्निन्नूर्त्तीट्टुन्नु ।

श्रीलमामणियता आलुन्नु महा विश्व—
शालतन् मध्यत्तिकल् प्रिय दर्शनाकारम् ।

मुन्परिञ्ञिट्टिल्लात्त मादकस्वातंत्र्यत्तिन्
सम्पन्नपानत्ताले कूत्ताटुमोरो काट्टुम्

चलिक्केच्चलिक्केनिन्पूर्णमंगळत्तिन्टे—
योलितान् तुळुम्पुन्नु चक्रवाळत्तिन् वक्किल् ।

वीरमद्दळमुखनिर्ग्गळत्कळारावो—
दारमाक्कुन्नु मून्नु सागरमिस्सन्दर्भम्

शारददिनोदयश्रीनिवर्त्तुन्नू स्वच्छ—
गौरमाम् वेळिच्चत्तिन् वेण्कोट्टक्कुट मन्दम् ।

उन्नतस्वातंत्र्यत्तिन् रत्न पीठत्तेद्देवि,
वन्नलंकरिच्चालुम् ! निन्नाममुपङ्ङट्टे,

नूरुभाषयिल्, नूरुनूरु गानत्तिल्, नूरु—
नूरु नूरन्ताराष्ट्रमंडलङ्ङळि, लम्मे !

इतने में सत्यव्रती योगी, कर्मठता के पूर्णावतार,
गाँधी आये, खुल गया
कर्म के शस्त्रालय का नया द्वार।
यह कर्म-शस्त्र जो नहीं आग में जलता है,
जिसको न काट सकती लोहे की तलवारें,
जो अयस और पत्थर दोनों पर ही सम-गति से चलता है।
हे धन्य वीर, जो यह धर्मास्त्र उठाता है
सौ बार धन्य वह पुरुष अहिंसा के सम्मुख
जो खड्ग फेंक लज्जित हो शीश झुकाता है।
वह उसी पुण्यमय महाशस्त्र का फल सुन्दर,
जो ध्वजा शूलवत् कभी हृदय में चुभती थी
लहराती है वह विनयशीलता में भरकर।

करुणामय की करुणा को शतश: धन्यवाद !
हे जगत्पूजिते ! विश्वधाम के मध्यस्थित
घंटावत् सगुणमय व्यापक यह महाव्योम,
तेरी महिमा नित गाता है,
त्रिभुवन को तेरी धर्मार्जित पावन स्वतन्त्रता का सन्देश सुनाता है।
बह रहा क्षितिज को छू उद्वेलित मुक्त पवन
वनराजि मुक्त हो सजती है,
द्रुम के पत्तों में अनिल नहीं सीत्कार रहा
हरियाली में मांगलिक बीन यह बजती है।
तीनों समुद्र हुँकार रहे गम्भीर नाद।
गर्जन में भेरी की गत है।
उस मन्दिर के ये भाल भव्य जिसका किरीट
इस अवनीतल का सर्वोच्च श्रृंग हिम-पर्वत है।
प्रस्तुत स्वतन्त्रता का यह मणिमय सिंहासन
बैठो माँ, हम मिलकर आरती सजाएँगे।
नाना भाषाओं में लिखेंगे एक नाम,
नाना छन्दों में एक गीत हम गाएँगे।

वंदनम् पर्‌युक, रंजितविश्वे, दैवम्--
तन् दयक्कुत्कन्धरसुन्दराननयायि !
अंब, निन्‌स्वातंत्र्यत्तिन् चिह्नत्तेप्पारिक्कुन्नि--
तंवरम् नीलच्छायमाय तन् कवचत्तिल् ।
उन्मुखम् हिमवानुम् विंध्यनुम् मलयनुम्
नम्मुटे पताकयुत्पुळकम् दर्शिक्कट्टे ।
एङ्ङुमिन्नविटत्तेयभिमानत्तोटोप्पम्
पोङ्ङ्मी त्रिवर्णङ्ङळ् चक्रांकमनोज्ञङ्ङळ्
लीलयिलपूर्वाभिमानत्तिल् पाटुम् मलं--
चोलकळ् पोलुम् मारि्ल् ञेरि्मेल् कुत्तीटुन्नु ।
नाळेयिस्वातंत्र्यत्तिन् चिर्‌किन् काट्ट् टि्ट्ट्टु
नीळेयेषलयाषि् हर्षत्ताल् विजृम्भिक्कुम् ।
नाळेयिस्समाधान वाग्दानम् कण्टिट्टेर्
नाटुकळाशापिच्छम् विरुत्ति नृत्तम् चेय्युम् ।
ई अजय्यतयुटे निषल् काणुम्पोळ् तोक्किन्
वाय तन्नत्तान् पोत्ति निल्क्कुमक्रमिराज्यम्
भयमे, दूरे ! द्दूरेयाशंके ! नवयुगो--
दयमाय्, नवरश्मि पूशुमिक्कोटिकण्टो ?
मेटुकळ्, वयलुकळ्, काटुकळ् कटलुकळ्,
नाटुकळ्, नगरङ्ङळाक्केम् मेले मेले,
ई अनुग्रहम् तूकुम् कोटितन्सौम्यस्निग्ध--
च्छाययिल् प्रापिक्कट्टे शांतियुमैश्वर्यवुम् !
वन्दनम् पर्‌युक राष्ट्रनायिके, दैवम्--
तन् दय, क्कभंगुर मंगळे, जयिच्चालुम् !

--१९४७

करुणामय की करुणा को शतशः धन्यवाद !
मातः तेरे चक्रांक केतु को व्योम-देव
सादर सुनील निज कंचुक पर लहराते हैं।
मस्तक उन्नत कर मलय, हिमालय, विंध्याचल,
झंडे की छवि को देख छके रह जाते हैं।
स्वात त्र्य-गरुड़ का पक्ष तीन रंगोंवाला,
इसके झोंके सर्वत्र सौख्य बरसाएँगे।
यह शान्ति-सुन्दरी के हाथों का इन्द्र-धनुष
कल इसे देख आशा के रंजित पिच्छ खोल,
नाचेंगे राष्ट्रों के मयूर, उत्सव होगा।
इस दुर्विजेयता की छाया को देख भीत
अत्याचारी झुक जाएँगे।
बन्दूकों के मुख अनायास ही मुद्रित होंगे,
सुस्ताएगा संसार शांति की छाँह-तले,
निश्चय, विमुक्त युद्ध के भय से भव होगा।
हो दूर भविष्यत् की चिन्ते ! मानस के भय
री आशंके ! अब और नहीं आतंक जगा।
हो चुका उदित प्राची के तट पर युग नवीन
यह केतु उसी की किरणों में लहराता है।
इस महाकेतु के नीचे सारे ग्राम, नगर,
सागर, उपसागर, शैल-शृंग, वन-उपवन, खेत
युग-युग भोगें सुख-शान्ति-स्नेह में बँधे हुए।
करुणामय की करुणा को शतशः धन्यवाद !
भारत का मन सारी वसुधा से एक रहे।
अयि राष्ट्रनायिके, मंगलमयि, तेरी जय हो !

अनुवाद—कविवर दिनकरजी द्वारा,
रेडियो कवि सम्मेलन में पठित

—१९४७

चरित्रत्तिन्टे किनावुकळ्

क्षीणमाम् चन्द्रक्कल
पिन्नेयुम् पटिञ्ञारे–
क्कोणिलेञ्चितरिन
मुकिलिन् वक्किल्क्कूटि
निजमाम् प्रकाशत्तिन्
राज्यत्तेयीषद्रक्त–
निर्मामतिरिट्टु
नीळवे तिरियक्कुन्नु–
उलकत्तिलेभित्ति–
योक्केयुम् तकर्क्कुंवा–
नुणरुम् कोट्टुंकाट्टिन्
सन्देशम् श्रवियक्काते–
उलकत्तेयोन्नायि–
क्कण्टुकोण्टाकाशत्ति–
लुदयम् कोळ्ळुम् ज्योति–
र्म्मयरे श्रद्धियक्काते ।

आग्रयिल् चरित्रत्ति–
न्नाघाताल् तकर्न्न त–
न्नाग्रहङ्ङळाल् चूष–
प्पेट्टेषुम् महानक्बर्
नट्टुङ्ङत्तेरिञ्चोन्नु
नोक्किप्पोयारामत्तिन्
नट्टुविल्, प्पल नट्टा–
ण्टोटियोरुरक्कत्तिल् ।

इतिहास के सपने

इस प्रक्षीण चन्द्रकला ने
आकाश के पश्चिमी कोने पर बिखरे
बादलों के किनारे पर
अपने प्रकाश के साम्राज्य को समेट कर
अलग हटा लिया है
और
लाल रेखा की एक बारीक सीमा बना ली है।
वह नहीं सुनती है
आँधी की आवाज़
जो जाग उठी है
संसार के समस्त भय को
दूर करने के लिए ;
वह नहीं देखती है
आकाश पर उदित होनेवाले
ज्योति पुरुषों को, जो हैं
समस्त विश्व की अखण्डता के साक्षी।

अपनी साधों को मन में संजोये
महान् अक़बर,
इतिहास के आघातों से भग्नाश,
अकस्मात् जाग उठा
शताब्दियों की लम्बी नींद से ;
और
उसने देखा चारों तरफ
आगरा के उद्यानों में !

"काट्टु केरिय मत–
भ्रान्तिनु वेदत्तिन्टे–
येटुकळ्तोरुम् काट्टि–
क्कोटुत्तु दैवैक्यम् ञान् ;
चोरतन् चुवप्पिलुम्
कण्णीरिन् पुळिप्पिलुम्
सारमाम् मर्त्यैक्यत्ते–
क्कण्टेत्तिक्काणिच्चील !"

अटञ्ञू तळर्न्नोरा–
कण्पोळ, याक्कण्णिन्मे–
लटर्न्नू नेटुवीर्प्पाल्
रण्टु चेम्पनीरितळ् ;
मुट्टिय सहोदर–
कलहत्तिकल्कत्ति
नेट्टमेलेट्टोरित्त्य–
तञ्चोरक्कणम् पोले ।

अम्पलम्, पलपळ्ळि,
हिन्दुवुम् मुसल्मानुम्
सम्पन्नमाक्कित्तीर्त्त
नगरम्, नाट्टिन्पुरम्,
मनवैरत्तिन् ज्वल–
ज्वालयाल् संस्कारत्तिन्
चितयावतोर्त्तार्त्तु
वितुम्पुम् यमुनयो

चुषियिल्, च्चुषियिल्त्तन्–
शोकत्ते विषुङ्ङिक्को–
ण्टोषुकी श्लथनील–
वेणियायुपान्तत्तिल् ।

"बर्बर धर्मान्धिता को मैंने दिखाया
कुरान के प्रत्येक पन्ने में
ईश्वर की एकता का साक्ष्य ;
मगर हाय,
मैंने नहीं देखा न दिखाया
मानव की एकता को
खून की लाली में
और आँसुओं के क्षार में।"

मुँद गयीं थकी हुई वे पलकें
झर कर गिर गईं
गुलाब के फूलों की दो पंखुरियाँ
उन आँखों पर
निश्वास के कारण,
मानो
भाइयों के ग्रह-कलह में
भारत के ललाट पर
लगा हो कटार का घाव,
टपक पड़े हों रक्त के कण।

समीप से बहती रही
नीलांचल फैलाये यमुना
भँवर-भँवर में
शोक का घूँट पीती हुई,
सुबकती हुई यह देखकर
कि हिन्दू और मुसलमानों ने मिलकर
बनाया था सम्पन्न जिन
मन्दिर, मस्जिद और ग्राम-नगर को
वे जल रहे हैं
धर्मान्धिता की प्रचण्ड आग में
बना दी गयी है संस्कृति की चिता !

दिल्लियिलोरु शव–
　　　　प्पेट्टियिलरंगसी–
वल्ललालुणर्न्नेन्तो
　　　　तन्टे योर्मयिल्त्तप्पि ।

कार्त्तिक नक्षत्रङङळ्
　　　　जपमालयाय् कैयिल्–
च्चार्त्तिय रावङङ ोट्टु
　　　　नोक्कवे विळरिप्पोय् ।

आरतु ?—शवक्कुटी–
　　　　रत्तिनेप्पश्चात्ताप–
धारयाल् ननय्क्कुमा–
　　　　क्कण्णिलेन्तोरु माट्ट्म् !

जपमालये राज्य–
　　　　लक्ष्मितन् गळत्तिंकल्–
ज्जयियामरंगसी–
　　　　विरुकुम् वरेच्चुट्ट् ;

घोरदर्शनमायी
　　　　पवित्रम् जपमाल
चोरयाल्क्कण्णीरिनाल् ;
　　　　चेंकोलुम् ञेरिञ्ञल्लो !

विरलिन्नट्ट्त्तोळम्
　　　　वीरनु, मगाधमाम्
करळिन्नटिवरे–
　　　　ब्भक्तनुमाणा महान् ।

एंकिलुम् चरित्रत्तिन्
　　　　प्रौढमाम् स्वप्नम् पोले
तन्कण्णाल् काण्केत्तन्ने
　　　　तकर्न्नू तन् साम्राज्यम् ।

जाग पड़ा औरंगज़ेब
दिल्ली की एक कवर में
और शोक भरा टटोलने लगा
अपनी स्मृतियाँ,
देखा कि
कृत्तिका-नक्षत्रों की तसवीह को
अपने हाथों में लपेटे हुए थी रात
पड़ गयी थी बिल्कुल पीली।

यह कौन है ?
कैसा परिवर्तन आ गया है
इन आँखों में
जो धो रही हैं मकवरे को
पश्चाताप के आँसुओं से।

विजेता औरंगज़ेब ने
बाँध दी थी कस कर अपनी तसबीह
राज्य-लक्ष्मी के गले में,
दिखाई देने लगी
वह पवित्र जपमाला
अत्यन्त वीभत्स
खून और आँसुओं से तर ;
चूर-चूर हो गया शासन-दण्ड !

कैसा था वह महान्
नख-शिख तक
वीरत्व से विभूषित
अगाध भक्तिभावना से परिपूरित ;

किन्तु
इतिहास के शानदार सपने की तरह
टुकड़े-टुकड़े हो गयी थी सल्तनत
उसी की आँखों के सामने !

इएक्कियटय्क्कयाय्
चक्रवर्त्ति तन्कण्णि–
ऩिमकळ् पोटिञ्चिल्लु–
पोलेषुम् कण्णीरोटे ।
अन्तरीक्षत्तिन् मुख–
त्तियलुम् परिहास–
मन्दहासम् पोलोरु
कोळ्ळिमीनुटन्मिन्नी ।

पूर्नयिकलेप्पुरा–
तनमाम् चितयिलुम्
दीनदर्शनम् रण्टु
नयनम् मङ्ङिक्कण्टु ।
"इनियुम् ज्वलिक्कयो
हिन्दुराज्यत्तिन् स्वप्न–
मनिवार्यमाम् चरि–
त्रत्तिनेग्गणिक्काते !
मुसल्मान् समुन्नत–
माय तन्शिरस्सिकल्
मुटि चूटियतन्नु
ञान् सहिच्चिल्ला ; पक्षे,
हिन्दुराज्यत्तिन्नटि–
त्तर् केट्टुवान् रक्त–
विन्दु ञान् चोरिञ्ञतु
कालवुम् पोरुत्तीला ।"

शिवजि जलार्द्रमाम्
कण्णिम चिम्मी तल
निवरुम् मलकळी
वाक्कु मूकमाय् केळ्क्के ।

शाहंशाह ने कसकर वन्द कर लीं अपनी आँखें
आँसू की नन्हीं-नन्हीं कणिकाएँ
उनमें चमक उठीं
शीशे की कनियों-सी !
आकाश के मुख पर
जल उठी एक उल्का
क्रूर परिहास की भाँति !

पूना की पुरानी चिता में
दिखायी दिये
दो नयन
उदास टिमटिमाते :
"अब भी,
इतिहास की दुर्घर्षता की उपेक्षा कर
जल रहा है सपना
हिन्दू साम्राज्य का ?
मुसलमानों ने
अपने समुन्नत सिर पर
जो मुकुट पहना
उसे मैंने नहीं सहा।
हिन्दू साम्राज्य की
नींव डालने के लिए
मैंने रक्त-विन्दुओं का तर्पण किया,
उसे काल भी न सह सका।"...

शिवाजी ने
अश्रुपूरित अपने नयन मूँद लिये,
मौन मूक होकर
यह वाणी सुननेवाले पर्वतों ने
अपना मस्तक उठाया।

"इरुळिल् निर्माणमाम्
भेदभावनयेल्लाम् ;
अरिय वेळिच्चमा–
ञ्भित्तियेस्सहिय्क्कुमो ?
मुकमाम् सत्यत्तिन्टे
चित्रमाम् किरणङ्ङ–
ळाकवे स्वमौलिक–
वन्धत्तेयोर्मिच्चेंकिल् !
तङ्ङळिल्प्पुणर्न्नेङ्किल् !
माधुर्यम् चोरिञ्ञुको–
ण्टङ्ङने नवोदय–
मिविटेप्पुलर्न्नेङ्किल् !"

अन्तरीक्षत्तिन् मौन–
मी मनोहरमाय
चिन्तये लाळिच्चुको–
ण्टनङ्ङातिरिय्क्कवे
चोरतन् गन्धम् पूशि–
श्शवसञ्चयम् नक्कि–
प्पारम्पेत्तरिप्पियक्कुम्
जडमामोरु वातम्
दिल्लियिल्, प्पञ्चाबिल्, श्री–
नगरिल्, च्चुट्टप्पट्ट–
यल्लिलङ्ङने निर–
ङ्कुशमाय् विहरिच्चू ।

—१९४८

"भेद-भाव की सारी दीवारें
अन्धकार की उपज हैं,
क्या मनोहर प्रकाश
इसे सहन करेगा ?
एक ही सत्य की ये विचित्र किरणें हैं
ये धर्म सारे ;
काश,
अपनी मौलिक एकता को याद कर पाते
और, आपस में आश्लिष्ट होते ये,
इस तरह यहाँ सुन्दर नवोदय का
प्रारम्भ होता !"

बूढ़े अन्तरिक्ष का मौन
इस मनोहर भावना को दुलरा रहा था
तभी आया दूषित वायु का एक निरंकुश झोंका
रक्त-रंजित गन्ध का अंगलेप कर
लाशों का आडम्बर चाट कर
रात में घूम-घूम कर पृथ्वी को भय-प्रकम्पित करता
दिल्ली में,
पंजाब में,
श्रीनगर में।

—१९४८

भारतेन्दु

१

अम्पिळि !   येष्पुपतुम्
कुर्ऽयुम् कोल्लङ्ङळ्क्कु
मुन्पिलाणोक्कुन्नो नी ?
इविटे प्पोर् वन्दरिल्
वलिय चेविकळुम्
नीण्टुयर्न्नेषुम् मूक्कु—
मलियुम् मिषिकळु—
मान्नोरु कृशवालन्,
मुकिलिन् नीलक्काटिन्
चिल्लकळ् माटि्टच्चिरि—
च्चकलेच्चेल्लारुळ्ळ
नी वरान् वैकिप्पोके,
मेटयिल्, ज्जनालय्क्क—
लेत्तिच्चुनोक्किक्कोण्टु
मेविटारिल्ले मेन्म—
लेलुमक्षमयोटे ?

प्राणनाम् प्रियमाता—
वुपवासत्ताल् परि—
क्षीणयायोरो जोलि
चेय्कयाम् ताष्त्तेङ्ङो !
अम्मतन् कैयेत्रय्क्कु
नोवणम् गृहत्तिङ्कल्—
तन्मक्कळ्क्कन्यादृश—
स्वर्गमोन्नुण्टाकुवान् !

भारतेन्दु (राष्ट्रपिता)

१

चाँद !
याद है तुझे,
साठेक वर्ष पहले की बात है,
यहाँ इस पोरबन्दर में
बड़ी-बड़ी आँखें,
लम्बी ऊँची नाक,
और बड़े-बड़े कानोंवाला
एक दुबला-पतला बालक
छत पर खिड़की के पास
उत्तरोत्तर अधीर खड़ा रहता था,
उझक-उझक कर झाँकता था
जब देर हो जाती थी आने में तुझे
बादलों के नीलारण्य की डालियाँ हटाते-हटाते ।

प्राणों-सी प्यारी माँ
शायद उपवास से परिक्षीण हो कर
नीचे कहीं काम कर रही हों !
कितना कष्ट उठाना पड़ता है
माता के करों को
अपने बच्चों के लिए
घर में
एक दूसरे स्वर्ग की रचना करने में !

अ, म्मञ्चिल्निन्नुम् ताषे–
यक्कोटिच्चेन्नरियिच्चो–
रुम्म वाङ्ङणम् मक–
नोन्नु नी नेरे चेन्नाल् ।
वत्सलमाताविन्टे–
यार्द्रचुम्बनम्पोलो–
रुत्सवम् स्नेहिक्कुमा
'मोहनदास'न्निल्ल ।
तारकळ् हर्षाल् चिम्मु–
मिममेलानन्दाश्रु–
धारतन्तिळक्कमो–
टक्कुमारने नोक्कि,
'ई मकन् वळरुम्पो–
ळाणु पुण्ययामिन्त्ये !
नी मन्निन् किरीटमा–
कुन्नते' न्नन्नाळोति ।

२

अम्पिळि, निन्नेप्पोले
सुन्दरनल्लेन्नालु–
मन्पिनोटकळंक–
नमृतात्मकनायि,
भारतचरित्रत्तिन्
चक्रवाळत्तिल्स्सौम्यो–
दारदर्शनन् पिन्ने
मोहनन् मन्दम् पोङ्ङी,
भीतिनिश्चलमायि–
क्कालत्तिन् मणल्त्तट्टिल्
पाति पूण्टुपोय्, क्कोटि
तकर्न्नु, चाल् काणाते,
किटन्न 'किषक्क', न–
ङ्ङुन्नतु काणाय् ; काणा–

अगर सामने चला आता तू, चाँद,
तो वह छत से नीचे दौड़ पड़ता
और माता को चन्द्रोदय का समाचार दे कर
उसका चुम्बन पाता ;
प्यार भरी माँ के
स्नेहार्द्र चुम्बन से वढ़कर
'मोहनदास' के लिए
कोई दूसरा उत्सव ही नहीं था।
हर्ष-मुकुलित नयनों से
आनन्दाश्रु-प्रदीप्त तारों ने
उस वच्चे की ओर देख कर
कहा :
"हे पुण्यभूमि भारत,
जव यह लाड़ला वड़ा होगा
तव तुम पृथ्वी का मुकुट वनोगी"

२
हे चाँद,
यद्यपि तेरी भाँति सुन्दर नहीं हुआ
तथापि वह अकलंक
आर्द्र और अमृतात्मक वना
भारत के इतिहास के क्षितिज में
वह सौम्य, उदारदर्शन मोहन
फिर धीरे-धीरे
ऊपर की ओर गतिशील हुआ।
प्राची
जो काल के सैकत में आधी-धँसी
मार्ग-भूली
भय से निश्चल हो कर
केतु-खण्डित पड़ी थी
वह धीरे-धीरे गतिमय दिखायी दी,

युटने चैतन्यत्तिन्
वेलियेट्ट्वुम् नीळे
आयिरम् तिरकळाय्
विक्षोभमलय्क्कुक–
यायि, मुङ्ङुकयायी
दुस्तरप्रतिबन्धम् ।
भूतकालत्तिल्ताषि्त्त–
यिट्ट नंकूरम् पोक्कान्
भूरिकौतुकमार्न्न
चरित्रमारंभिच्चु ।
प्राचियङ्ङने पोङ्ङि–
क्कुतिक्केयार्त्तुन्न
वीचिकळटिच्चेत्र
राज्यङ्ङळुणर्न्नील !
मरणविकारङ्ङ–
ळेन्तेन्तु काणिच्चील
महियिलजय्यत भविच्च
साम्राज्यङ्ङळ् !

पारतन्त्र्यत्तिल्क्किट–
क्कुम्पोषी 'क्किषक्किने'
च्चोरयिल, क्कण्णीरिन्टे
चुषियिल्, स्वयम् ताषि्त्त
पातियुम् मरिप्पिच्च
साम्राज्यक्कोळ्ळक्कार्कुम्
पालोळि परत्तुन्न
सात्विकप्रकाशत्तिल्
भारतेन्दु हा, कट्टि–
क्कोटुत्तानवरुटे
घोरवुम् विकृतवु–
माय कर्म्मत्तिन् रूपम् ।

चारों ओर
नयी चेतना का ज्वार लक्षित हुआ,
सारे दुस्तर प्रतिबन्ध डूब गये,
हज़ारों लहरों में हलचल मच गयी,
इतिहास के अतीत के भीतर
डाल दिये गये लंगर को
अत्यन्त आनन्द के साथ
ऊपर खींचना शुरू किया।
जब प्राची उठी,
और आगे बढ़ी, तो
मदोन्मत्त हो कर गरजती आती
लहरों के ज्वार में
कितने ही देश जाग उठे!
अजेयता के दर्प से भरे
साम्राज्यों ने
कितने प्रपंच नहीं रचाये!

जिन साम्राज्यवादी लुटेरों ने
गुलामी में जकड़ी प्राची को
खून और आँसू के भँवर में
डुबो कर अधमरा कर दिया था,
उनपर भी
भारतेन्दु ने
दुग्ध-धवल सात्विक प्रकाश फैलाया,
और उस प्रकाश में
उनके क्रूर कर्म का विकृत रूप
उजागर कर दिया!

भारतम् किष्क्किन्ट्
नेतृत्वम् वहिच्चिता
भावियिल् विश्वासत्तो–
टिनियुम् कुतियक्कुन्नु !

३

अम्पिळि, निन्नेप्पोले
मोळिल् निन्निल्ला 'बाप्पु' ;
तन्पिर्नाटिङ्कले–
च्चेट्टमणकुटिल्तोरुम्
पुतिय वेळिच्चवुम्
धैर्यवुम् सौन्दर्यवुम्
पोतुविल् वळर्त्तुवान्
स्वातन्त्र्यम् विटर्त्तुवान्
मलिननिलङ्ङळिल्,––
क्कण्णीरिन् कयङ्ङळि–
लेळिय मनुष्यर् चे–
न्नार्द्रनाय् सदा चुट्ट ।
स्नेहपूर्णमामुळ्ळम्
मातृभूदुःखत्तिन्ट्
दाहकप्रसरत्ताल्
परितप्तमाकवे,
केवलसत्यत्तिने–
त्तिरञ्ञा महानार्द्र–
जीवनिलहिंसये–
क्कोळुत्ति, यतिन् नाळम्
संचलिक्काते चूषुम्
नरकक्कोट्टुंकाट्टिल्–
स्सचरिक्कयायार्क्कुम्
वेळिच्चम् कोटुक्कुवान् ।

लो,
भारत प्राची का नेतृत्व स्वीकार कर
अपने उज्ज्वल भविष्य के प्रति आश्वस्त होकर
और भी आगे की ओर बढ़ रहा है।

३

हे चाँद,
तेरी भाँति
बापू कभी अछूते ऊपर नहीं रहे;
अपनी जन्मभूमि की
गरीब झोंपड़ियों में
नया आलोक,
नया धीरज
और नया सौन्दर्य पूरित करने के लिए,
स्वातन्त्र्य भावना को विकसित करने के लिए,
जीवन के मलिन तटों पर
आँसू के गहरे तलों में
अकिंचन दीन मानवों के साथ ही
वह सदा घूमते रहे।
जन्मभूमि के दुःख का
दाहक ताप पाकर
जब वह स्नेहपूर्ण हृदय
झुलस गया, तो
एकान्त सत्य की खोज में निरत
उस महात्मा ने मानवों की आर्द्र आत्मा में
अहिंसा की ज्योति जगायी
जिसकी लौ चारों ओर के नारकीय चण्डवात में भी
अचल रहती है, और
सब को प्रकाश देने के लिए
चारों ओर जल रही है।

४

अम्पिळि, करयुक ;
कूरिरुट्टिने वेल्लान्
वेम्पुमा विश्वत्तिन्टे
मंगळविळक्किने,
तन्चराचरस्नेहम्
निऱयुम् विलोलमाम्
मण्चेरातिने मऱ-
न्नेरियुम् विळक्किने,
भूविनु यन्त्रत्तिन्टे
निऴलाल् मऱञ्ञेषुम्
जीवने वीण्टुम् काट्टि-
क्कोटुक्कुम् विळक्किने,
भेदबुद्धितन् करिम्
कोट्टकळ् कतिरिनाल्
भेदनम् चेय्वान् तेळि-
ञ्ञाळिटुम् विळक्किने,
पारिलेक्कृतघ्नत-
योक्केयुमोन्नाय्च्चेर्न्न
पाऴ्क्करमोन्नुण्टायी
मृतिमेलेऱियुवान् !

पुलितन् कनल्क्कण्णुम्
सिंहत्तिन् रक्तार्द्रमाम्
वलिय नखङ्ङळुम्
सर्प्पत्तिन् विषप्पल्लुम्
मानसत्तिकल्स्सूक्षि-
य्क्कुन्नोरु परिष्कृत-
मानवराणिप्पारिल् ;-
मृगमाणिन्नुम् मर्त्यन् !

४

हे चाँद,
करो रुदन,
क्योंकि
आज एक पापी हाथ
समस्त कृतघ्नता का पुंजीभूत रूप
प्रस्तुत हुआ पटक देने के लिए मृत्यु-शिला पर
विश्व के उस मंगल-दीप को,
जो आतुर था
घोर अन्धकार को ध्वस्त करने के लिए ;
जो परिपूर्ण था
चराचर के प्रेम से,
जो जल रहा था
अपनी क्षीण काया की उपेक्षा कर,
ज्योतित था जो
इसलिए कि
पृथ्वी को दिखा दे फिर से
यन्त्रों की परछाईं में छिपी उसकी आत्मा को,
जो था अत्यन्त प्रोज्ज्वलित
अपनी किरणों से छिन्न-भिन्न करने के लिए
भेद-भावना के तमस् परकोटों को।

अपने अन्तरंग में पालते हैं
ये सभ्य मानव
बाघ की जलती हुई आँख
सिंह के रक्त-भरे नख
साँप के विषैले दाँत,
सचमुच आज का मानव पशु ही तो है!

जीवितत्तिने स्वच्छ–
प्रार्थनयाक्किक्कोण्टु
भूविले विशुद्धियाय्
वाणोरश्शान्ताकारन्,
हिन्दुवे, मुसल्माने—
श्शिखनेयोरे सत्य–
बिन्दुविन् विकारमा–
णेल्लामेन्नोर्म्मिप्पिक्के,
सुन्दरसनातन–
चैतन्यत्तिलेय्क्केक–
स्पन्दत्तालवरुटे
हृत्तिनेयुयर्त्तवे,
तन्निली प्रपंचत्ते,
प्रपंचत्तिङ्कल्त्तन्ने–
त्तन्नेयुमापूर्णमाय्
दर्शिच्चु कैकूप्पुम्पोळ्,
मानववर्ग्गत्तिन्टे
पापत्ताल् पिळर्न्निता
मारिटम् चरित्रत्ति ;–
न्नेटुकळ् चुवन्नुपोय् !
पिळर्न्नू विश्वत्तिन्टे
शुभ्रमाम् हृत्तुम् ; रक्तोद्–
गळनाल् ननञ्ञुपोय्
निर्म्मलसान्ध्याम्बरम् !
पकलिन् मुखत्तुनि–
न्नटर्न्नू चोरत्तुळ्ळि
परिपाटलमाय
भानुबिम्बत्तिल्क्कूटि ।
कालत्तिन् मिषियिले–
क्कण्णुनीर्क्कणमायि,–
क्काणुक, विर्क्कुक–
यायी अङङ्टे गोळम् !

वह सौम्याकार,
जिसने
जीवन को बनाया एक पावन प्रार्थना
और विराजित हुआ जो
भूमि की विशुद्धि के रूप में,
हिन्दू, मुसलमान, सिख—सब को सिखाया
कि हैं सब
एक ही सत्यकणिका के विविध अंश,
सुन्दर सनातन चैतन्य की ओर
एक ही स्पन्दन से उनके चित्त को ऊर्ध्वमुखी किया,
जब वह अपने में
सारा संसार
और सारे संसार में
अपने को देखकर
हाथ जोड़ वन्दना कर रहे थे,
तो मानव वर्ग के पापों ने
उनका हृदय विदीर्ण कर डाला ;
इतिहास के पन्ने लाल हो गये !
फट गया
विश्व का निर्मल वक्ष,
रक्त वहा इतना कि
विमल सन्ध्याकालीन आकाश
भीग गया !
दिवस के मुख से
ढल पड़ा सौर-बिम्ब
रक्त की बूंद-सा !
लो,
काल के आनन पर ढुलके अश्रुकण-सा
हमारा यह भूगोल
अभी भी कम्पित
दिखायी देता है !

५

अम्पिळि ! दिक्किन् तोळिल्
मूर्च्छियृक्कयल्ली ? नीयुळ्-
क्काम्पिने वेविक्कुमी-
क्कथयाल् विळर्त्तल्लो ।

इनि विस्तरिक्कुन्नी-
लाद्रीत्मन् ! चुट्टुकण्णीर्
किनियुम् करळुमा-
यिन्त्य निल्क्कट्टे ; पोकू ।

पारिलम्पिळि ! नी त-
न्नरुळुम् जगन्मनो-
हारियाम् वेळिच्चम् पोय्-
मरयुम् निन्नोटोप्पम् ।

कटलिन् वाचालमाम्
चुण्टिलो वेळ्ळाम्पलिन्
करळिङ्कले स्निग्ध-
मधुराश्रुविकलो,

मलतन् चिन्तामूक-
तुंगमाम् शिरस्सिलो
निलकोळ्कयिल्लतिन्
तूमयुम् कुळिर्मयुम् ।

भारतेन्दुवो तिरो-
भूतनायृत्तीर्न्नालुम्
धीरमाम् तल्सन्देश-
धार्म्मिकप्रभापूरम्

जीवितसरणिये-
स्सुन्दरमाक्किक्कोण्टु
भाविथिल् निरन्तरम् !
परक्कुम् वहुदूरम् !

५

चाँद !

क्या तू

दिशाओं के कन्धे पर सिर रख कर

मूर्च्छित हो गया है !

दिल दहलानेवाली इस कथा को सुनकर

तू फक् पड़ गया है ?

नहीं बखानूँगा यह कथा

हे आर्द्र हृदय,

विदा लो तुम ;

जलते आँसुओं से भरा हृदय लेकर

यह भारत खड़ा रहे शोकमग्न !

हे चाँद,

तेरे जाते ही

विदा ले लेगा संसार से

तेरा जगमोहन प्रकाश !

नहीं ठहर पायेगी सुभगता

सागर के वाचाल अधरों पर,

धवल कुमुदों के उर के

स्निग्ध मधुर अश्रु में

पर्वत के चिन्तामूलक उत्तुंग हृदय में !

यद्यपि

भारतेन्दु तिरोहित हो गया,

उसके धीर सन्देश का धार्मिक प्रभा पूर

जीवन के पथ को

सुन्दर और आलोकमय बनाता हुआ

भविष्य में बहुत दूर तक फैलेगा !

नाळत्तेक्केट्टुत्तुवान्

पान्ञेत्तुम् करिम्पाट्.ट्

चीळन्नु चिर्.कट्.टु

चाम्पलाम् ; नाळम् निल्क्कुम्,

चितयिल्.द्दहिच्चतु

मृत्युविन् चिर्.कन्ने ;

जितमृत्युवांमात्मा–

वेन्नेन्नुम् जयिय्क्कुन्नू !

—१९४८

ज्वाला को बुझाने के लिए
कूद पड़ते हैं काले-काले पतंग
किन्तु वे जल्दी ही पंखहीन बन कर
राख हो जाते हैं,

तब भी ज्वाला रहती है अक्षुण्ण ही ;
चिता में जो जला
वह तो केवल मृत्यु का पंख है
आत्मा जो जित्मृत्यु है,
चिरन्तन रहा करती है !

—१९४८